e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com

रांची संस्करण

हिन्दी दैनिक

# प्रभात मंत्र

वर्ष 12, अंक 96

मंगलवार

08.04.2025

RNI No. - JHAHIN/2014/59110

ताजा खबरों के लिए देखें prabhatmantra.com

पृष्ठ 12 | मूल्य 3 रुपये

पोस्टल रजिस्ट्रेशन : आरएन /257/2024-26

**सुविचार**

महत्व हमेशा खुद को ज्यादा देना क्योंकि अगर दूसरों को दोगे तो अपना आत्म सम्मान ही खो दोगे!

## क्विक न्यूज

### पाकिस्तान में नौ आतंकवादी मारे गए, राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री ने सुरक्षा बलों को सराहा

**इस्लामाबाद :** सुरक्षा बलों ने खैबर पख्तूनख्वा के डेरा इस्माइल खान जिले में खुफिया सूचना पर आतंकवादियों के लिए शुरू ऑपरेशन में नौ दहशतगर्दों का मार गिराया। इनमें खूंखार आतंकी शिरीन भी शामिल है। पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने खुशी व्यक्त करते हुए सुरक्षा बलों की तारीफ की है।पाकिस्तान सेना की मीडिया शाखा इंटर-सर्विसेज पब्लिक रिलेशंस ने सोमवार को बयान में कहा कि यह अभियान 6 और 7 अप्रैल की रात को तकवारा इलाके में आतंकवादियों की मौजूदगी की सूचना पर शुरू किया। इस दौरान से सुरक्षा बलों और आतंकवादियों के बीच भीषण गोलीबारी हुई। आखिरकार सुरक्षा बलों ने नौ आतंकवादियों को ढेर कर दिया। इनमें आतंकवादियों का सरगना शिरीन भी शामिल है। शिरीन ने इसी साल 20 मार्च को कैप्टन हसनैन अख्तर को मौत के घाट उतार दिया था। राष्ट्रपति आसिफ अली जरदारी और प्रधानमंत्री मोहम्मद शहबाज शरीफ ने मुठभेड़ में सुरक्षा बल के जवालों की बहादुरी की सराहना की है।

### शुभेंदु ने मुख्यमंत्री ममता पर किया कटाक्ष, इस्तीफे की मांग

**कोलकाता :** पश्चिम बंगाल में विपक्ष के नेता शुभेंदु अधिकारी के नेतृत्व में भाजपा विधायकों ने सोमवार को राज्य सरकार के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया। इस दौरानु शुभेंदु ने मुख्यमंत्री ममता बनर्जी पर कटाक्ष करते हुए कहा कि उन्हें और इस्ती।।फे देकर जेल जाना चाहिए। सुप्रीम कोर्ट के आदेश पर शिक्षकों की नौकरी जाने के बाद सोमवार को मुख्यमंत्री ने पीड़ित शिक्षा कर्मियों के साथ बैठक की। इस पर कटाक्ष करते हुए शुभेंदु अधिकारी ने ममता बनर्जी को मामले का मुख्य लाभार्थी बताते हुए आरोप लगाया कि उनके भतीजे ने 700 करोड़ रुपये की रिश्वत ली है।

### असलहों की तस्करी मामले में छात्र समेत तीन गिरफ्तार

**प्रयागराज :** नैनी कोतवाली एवं एसओजी की संयुक्त पुलिस टीम ने सोमवार को असलहों की तस्करी करने वाले गिरोह के तीन सदस्यों को टोल प्लाजा अंडर पास से गिरफ्तार किया। टीम ने तस्करों के कब्जे से दस अवैध पिस्टल बरामद किया। गिरफ्तार सदस्यों के खिलाफ विधिक कार्रवाई करते हुए जेल भेज दिया गया। पुलिस उपायुक्त यमुनानगर विवेक चन्द्र यादव ने बताया कि प्रयागराज जनपद के मेजा थाना क्षेत्र में स्थित मुकुन्दुपुर गांव निवासी नीरज मिश्रा पुत्र सत्यदेव मिश्रा, मिर्जापुर जनपद के हलिया थाना क्षेत्र के हरसंड गांव निवासी सुनील दुबे पुत्र राम शिरोमणि दुबे, मेजा थाना क्षेत्र के दोहरिया गांव निवासी सत्य प्रकाश यादव पुत्र विजय नाथ यादव को गिरफ्तार किया गया है। पकड़े गए तस्करों में नीरज मिश्रा के खिलाफ हत्या समेत कुल 12 आपराधिक मुकदमें दर्ज हैं। पूछताछ के दौरान तस्करों ने बताया कि मीरजापुर के सोनभद्र क्षेत्र एवं दूसरे स्थान से पिस्टल लाते थे और जिसे आवश्यकता होती थी, 30 हजार रूपए में बेंचते थे। डीसीपी यमुनानगर ने बताया कि गिरोह में अन्य सदस्य सक्रिय हैं। उनकी तलाश जारी है। पकड़े आरोपितों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए जेल भेजा जा रहा है।

### ट्रिपल आईटी ने मृत छात्रों के परिवार को दिये 25-25 लाख रुपये

**प्रयागराज :** भारतीय सूचना प्रौद्योगिकी संस्थान, इलाहाबाद ने संस्थान द्वारा किए गए वादे के अनुसार, दो मृतक छात्रों राहुल और अखिल के परिवारों को 25-25 लाख रुपये की अनुग्रह राशि का भुगतान कर दिया है।बता दें कि, 29 मार्च की रात को बीटेक आईटी के छात्र राहुल ने कथित तौर पर आत्महत्या कर ली थी, जबकि बीटेक आईटी के छात्र अखिल की मल्टी ऑर्गन इंफेक्शन के कारण मृत्यु हो गई थी। दोनों छात्रों की जान लेने वाली इस दुखद घटना ने उनके परिवारों और पूरे संस्थान समुदाय को झकझोर कर रख दिया। समर्थन और एकजुटता के प्रतीक के रूप में, संस्थान ने मृतक छात्रों के परिवारों के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को पूरा करने के लिए तुरंत कार्रवाई करते हुए अपने वादे को पूर्ण किया।यह जानकारी ट्रिपल आईटी के पीआरओ डॉ पंकज मिश्र ने सोमवार को दी।

### रांची का तापमान

| | |
|---|---|
| अधिकतम | $24^0$ |
| न्युनतम | $13^0$ |

ट्रंप के टैरिफ की मार, शेयर बाजार में आई अब तक की सबसे बड़ी गिरावट

# शेयर बाजार में हाहाकार

**सोमवार 7 अप्रैल को शेयर बाजार में जबरदस्त गिरावट देखने को मिली. सुबह से ही शेयर बाजार में गिरावट का सिलसिला शुरू हो गया था .सेंसेक्स शुरुआती कारोबार में 3, 939.68 अंक की भारी गिरावट के साथ 71,425.01 अंक पर, निफ्टी 1,160.8 अंक फिसलकर 21,743.65 अंक पर आ गया था. यह जून की शुरुआत के बाद से शेयर बाजार में आई अब तक की सबसे बड़ी गिरावट है.**

एजेंसी

**नई दिल्ली :** सोमवार 7 अप्रैल को शेयर बाजार में जबरदस्त गिरावट देखने को मिली. सुबह से ही शेयर बाजार में गिरावट का सिलसिला शुरू हो गया था .सेंसेक्स शुरुआती कारोबार में 3, 939.68 अंक की भारी गिरावट के साथ 71,425.01 अंक पर, निफ्टी 1,160.8 अंक फिसलकर 21,743.65 अंक पर आ गया था.

यह जून की शुरुआत के बाद से शेयर बाजार में आई अब तक की सबसे बड़ी गिरावट है. दोपहर करीब 1:20 बजे सेंसेक्स 3,350 अंक टूटकर 72,014 पर आ गया. वहीं, निफ्टी भी 1,075 अंक गिरकर 21,828 पर पहुंच गया. ये जून की शुरुआत के बाद बाजार की सबसे बड़ी गिरावट मानी जा रही है.बीएसई पर लिस्टेड सभी कंपनियों का कुल मार्केट कैप लगभग 20.16 लाख करोड़ रुपये घट गया और अब ये करीब 383.95 लाख करोड़ रुपये रह गया है.

### अमेरिका के राष्ट्रपति ने स्टॉक मार्केट की धज्जियां ने उड़ा दी : राहुल

बाजार की गिरावट पर कांग्रेस नेता राहुल गांध ने कहा कि अमेरिका के राष्ट्रपति ने स्टॉक मार्केट की धज्जियां ने उड़ा दी हैं.राहुल ने कहा कि आज देश में सच्चाई बोलना मुश्किल है, नेहरू और गांधी सच्चाई से मोहब्बत करते थे और हम सच्चाई के लिये लड़ रहे हैं. हम सच्चाई से दूर नहीं जा सकते हैं.राहुल ने कहा कि मुझसे सवाल पूछा गया कि आपके परदादा नेहरू जी क्या थे और आपने उनसे क्या सीखा? मैं जहां बैठा था, उस कमरे में नेहरू जी के साथ ही महात्मा गांधी जी की भी तस्वीर थी. वो तस्वीर देखकर मेरे मन में एक ही विचार आया कि ये दोनों लोग सच्चाई से मोहब्बत करते थे.

### निवेशकों को एक्सपर्ट्स की सलाह

मिराए एसेट के मनीष जैन ने कहा कि अगर निफ्टी की ईपीएस में 10 प्रतिशत से ज्यादा गिरावट आती है, तो इंडेक्स 20,000 के नीचे जा सकता है. हालांकि उन्होंने भरोसा जताया कि भारत की जीडीपी ग्रोथ लॉन्ग टर्म में मजबूत बनी रहेगी.




### निवेशकों में डर का माहौल

ग्लोबल मार्केट में टेंशन और अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की नई टैरिफ पॉलिसी के असर से भारतीय निवेशकों में डर का माहौल है. एक्सपर्ट्स का कहना है कि इस तरह की गिरावट में घबराने की बजाय लॉन्ग टर्म प्लान पर टिके रहना ही समझदारी है.

### ग्लोबल टेंशन और ट्रेड वॉर की आशंका

ट्रंप के टैरिफ के बाद चीन ने भी 34 प्रतिशत का जवाबी टैरिफ लगा दिया. इस टकराव ने ट्रेड वॉर की आशंका बढ़ा दी है. इसका असर अमेरिका से लेकर एशिया तक सभी ग्लोबल मार्केट्स में देखा गया. भारत भी इसके कहर से नहीं बच पाया.

### क्या करें निवेशक ?

स्मॉलकेस मैनेजर अरविंद कोठारी कहते हैं,घबराना कोई स्ट्रैटेजी नहीं होती. लॉन्ग टर्म के नजरिए से ही मार्केट में बने रहना सही रहेगा. उन्होंने यह भी कहा कि घरेलू सेक्टर जैसे एफएमसीजी और कंजम्पशन में रिकवरी जल्दी देखने को मिल सकती है, जबकि ग्लोबल डिमांड पर आधारित सेक्टरों को थोड़ा वक्त लग सकता है.

# उत्तर भारत में भीषण गर्मी का कहर

### पांच राज्यों के 21 शहरों में रविवार को अधिकतम तापमान 42 डिग्री सेल्सियस से ऊपर दर्ज किया गया



एजेंसी

**नई दिल्ली :** राष्ट्रीय राजधानी समेत उत्तर से लेकर मध्य और पूर्वी भारत में गर्मी का कहर शुरू हो गया है। पांच राज्यों के 21 शहरों में रविवार को अधिकतम तापमान 42 डिग्री सेल्सियस से ऊपर दर्ज किया। राजस्थान के बाड़मेर में पारा 45.6 डिग्री सेल्सियस पर पहुंच गया, जो अप्रैल के पहले सप्ताह में अब तक का सबसे अधिक तापमान है। राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में तापमान 38.2 डिग्री रहा, लेकिन मौसम विभाग ने बुधवार तक लू चलने की चेतावनी दी है और यलो अलर्ट जारी किया है।

इस दौरान राजस्थान, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, गुजरात और यहां तक कि ओडिशा के शहरों में भी लोगों को झुलसा देने वाली गर्मी का सामना करना पड़ेगा। अप्रैल के पहले सप्ताह में लगभग हर शहर में 3 से 7 डिग्री सेल्सियस तक की वृद्धि देखी गई है। मौसम विभाग के मुताबिक हवा की गति में कमी ने गर्मी के बढ़ने में अहम भूमिका निभाई है, खासकर दिल्ली में। विभाग की तरफ से जारी बयान में कहा गया है कि सुबह के समय हवा की गति 8-10 किमी प्रति घंटे रहती है, दोपहर तक यह कम होकर 4-6 किमी प्रति घंटे तक आ जाती है और फिर शाम तक गति कुछ बढ़ती तो है, लेकिन 8 किमी प्रति घंटे से कम ही रहती है।मौसम विभाग ने अगले 4 से 5 दिनों तक दिल्ली के अलावा हिमाचल प्रदेश, हरियाणा, चंडीगढ़, पंजाब, राजस्थान, उत्तर भारत और मध्य प्रदेश के मैदानी इलाकों में लू जैसी स्थिति की चेतावनी दी है।

इस दौरान दिल्ली में अधिकतम तापमान 40 से 42 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 20 से 24 डिग्री सेल्सियस के बीच रहने की संभावना है। उत्तर पश्चिम भारत, महाराष्ट्र और दक्षिणी भारत में अगले चार दिन में पारा 2 से 4 डिग्री तक बढ़ेगा और उसके बाद के तीन दिनों में इसमें 2 से 3 डिग्री की गिरावट आ सकती है। पूर्वी यूपी, मध्य प्रदेश, गुजरात और महाराष्ट्र के कुछ हिस्सों में बीते 24 घंटे में तापमान 40 से 43 डिग्री के बीच रहा।

**राजस्थान के बाड़मेर में पारा 45.6 डिग्री सेल्सियस पर पहुंच गया, जो अप्रैल के पहले सप्ताह में अब तक का सबसे अधिक तापमान है। राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में तापमान 38.2 डिग्री रहा, लेकिन मौसम विभाग ने बुधवार तक लू चलने की चेतावनी दी है और यलो अलर्ट जारी किया है। इस दौरान राजस्थान, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, गुजरात और यहां तक कि ओडिशा के शहरों में भी लोगों को झुलसा देने वाली गर्मी का सामना करना पड़ेगा।**

## जेपीएससी नियुक्ति घोटाले मामले में हाईकोर्ट ने 18 आरोपितों को दी अग्रिम जमानत




प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची :** हाई कोर्ट ने जेपीएससी-वन नियुक्ति घोटाले के मामले में 18 आरोपितों को अग्रिम जमानत दे दी है। इन आरोपितों में रांची के अपर समाहर्ता राजेश्वर नाथ आलोक,अनिल कुमार यादव, सीमा सिंह, सुशमा नीलम सोरेंग,ज्योति झा,कामेश्वर राम,लकखी राम बासकी, हरिवंश पंडित, सुदर्शन मुर्मू, अनंत कुमार,राजीव कुमार, योगेंद्र प्रसाद, संतोष कुमार गर्ग, कमलेश्वर नारायण सहित अन्य शामिल हैं।सीबीआई के विशेष न्यायाधीश की अदालत ने अग्रिम जमानत याचिका खारिज होने के बाद इस मामले में हाईकोर्ट में अग्रिम जमानत याचिका दायर की गयी थी। जेपीएससी-वन नियुक्ति घोटाले में दायर अग्रिम जमानत याचिका की सुनवाई न्यायाधीश रंगोन मुखोपाध्याय की अदालत में सोमवार को हुई। अग्रिम जमानत पर सुनवाई के दौरान सीबीआई की ओर से अग्रिम जमानत का विरोध किया गया।हालांकि कोर्ट ने इसे अस्वीकार करते हुए आरोपितों की अग्रिम जमानत याचिका स्वीकार की। सीबीआई ने जेपीएससी-वन नियुक्ति घोटाले की जांच के बाद कुल 37 लोगों के खिलाफ आरोप पत्र दायर किया था।सीबीआई ने जेपीएससी के पांच अधिकारी और 12 परीक्षकों के अलावा 20 तत्कालीन परीक्षार्थियों के खिलाफ आरोप पत्र दायर किया था।

उत्तराखंड में दो दिवसीय राष्ट्रीय चिंतन शिविर का हुआ आयोजन

# देश में 30 करोड़ लोग गरीबी रेखा से निकले बाहर : सीएम धामी

एजेंसी

**देहरादून :** उत्तराखंड में पहली बार सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय की ओर से दो दिवसीय राष्ट्रीय चिंतन शिविर का आयोजन किया जा रहा है. जिसमें केंद्रीय सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री वीरेंद्र कुमार समेत तमाम दिग्गजों ने शिरकत की और अपने विचार साझा किए. वहीं, सीएम धामी ने कहा कि चिंतन शिविर से जो भी निष्कर्ष सामने आएंगे, वे समावेशी विकास की दिशा में मील का पत्थर साबित होंगे. तीन दिवसीय राष्ट्रीय चिंतन शिविर में तमाम छात्रवृत्ति योजनाओं, प्रधानमंत्री आदर्श ग्राम योजना, बाबू जगजीवन राम छात्रावास योजना, अनुदान योजनाओं, आर्थिक रूप से पिछड़े वर्गों, दिव्यांगजनों, वरिष्ठ नागरिकों, सफाई कर्मचारियों, ट्रांसजेंडर्स के कल्याण के लिए संचालित



योजनाओं को बेहतर ढंग से लागू करने पर चर्चा किया जा रहा है. इस मौके पर मुख्यमंत्री धामी ने कहा कि केंद्र सरकार की नीतियों से बीते एक दशक में देशभर में करीब 30 करोड़ लोग गरीबी रेखा से बाहर निकल चुके हैं. उत्तराखंड के लिए गौरव का विषय है कि यहां सामाजिक न्याय जैसे महत्वपूर्ण विषय पर राष्ट्रीय स्तर का चिंतन शिविर आयोजित किया गया है. ये चिंतन शिविर बाबा साहब अंबेडकर और पंडित दीनदयाल उपाध्याय जैसे मनीषियों के चिंतन का विस्तार भी है. इस शिविर में आयोजित होने वाले संवाद से भविष्य में अपनाई जाने वाली सामाजिक सशक्तिकरण की नीतियों का रोडमैप तैयार होगा.सीएम पुष्कर धामी ने कहा कि पहले कई दशकों तक देश में समाज कल्याण विभाग कुछ गिने-चुने कार्यों तक ही सीमित माना जाता था, लेकिन नरेंद्र मोदी के प्रधान सेवक बनने के बाद अपनाई गई नीतियों और योजनाओं से बीते एक दशक में देश के करीब 30 करोड़ लोग गरीबी रेखा से बाहर आने में सफल रहे हैं.

## 50 फीसदी आरक्षण का दीवार तोड़कर फेंक दूंगा : राहुल

एजेंसी

**नई दिल्ली :** लोकसभा में नेता विपक्ष राहुल गांधी सोमवार को बिहार के बेगूसराय जिले पहुंचे. यहां वो कांग्रेस की पलायन रोको, नौकरी दो पदयात्रा में शामिल हुए. इस दौरान राहुल गांधी ने कहा कि मेरे परदादा जवाहर लाल नेहरू सच्चाई से मोहब्बत करते थे. मैं 50 फीसदी आरक्षण की इस दीवार को तोड़कर फेंक दूंगा. इस देश को दस-पंद्रह लोग चला रहे हैं. जातीय जनगणना एक क्रांतिकारी कदम है. इससे देश की सच्चाई पता चलेगी. इसीलिए इसे भाजपा रोकना



चाहती है लेकिन इसे दुनिया की कोई ताकत नहीं रोक सकती है. राहुल गांधी ने कहा, बिहार में कांग्रेस ने जितना काम करना चाहिए था उतना नहीं किया. अब हम बिहार के कमजोर लोगों के लिए मजबूती से काम करेंगे. पहले बिहार में कांग्रेस के जिलाध्यक्षों में दो तिहाई अपर कास्ट के लोग थे. अब हमने टीम बदल दी है. अब दो तिहाई दलित-पिछड़े हैं. राहुल गांधी ने कहा, सरकारी नौकरियां घटती जा रही हैं. हमें अपनी आवाज बुलंद करनी होगी ताकि सरकार दबाव में आए और बदलाव संभव हो सके. बता दें कि पदयात्रा में बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता, छात्र और युवा संगठनों के सदस्य पार्टी के झंडे और तख्तियों के साथ सड़कों पर उतरे. उन्होंने रक्षा बलों में रिक्त पदों को भरने और सरकारी नौकरियों में बढ़ोतरी की मांग की.बता दें कि इस साल जनवरी के बाद राहुल गांधी का ये तीसरा बिहार दौरा है. इस दौरे से पहले एक वीडियो संदेश में राहुल गांधी ने कहा, बिहार के युवा साथियों, मैं 7 अप्रैल को बेगूसराय आ रहा हूं. 'पलायन रोको, नौकरी दो' यात्रा में आपके साथ कंधे से कंधा मिलाकर चलने. लक्ष्य है कि पूरी दुनिया को बिहार के युवाओं की भावना दिखे, उनका संघर्ष दिखे, उनका कष्ट दिखे.

## पेट्रोल-डीजल पर सरकार ने बढ़ाई एक्साइज ड्यूटी

एजेंसी

**नई दिल्ली :** केंद्र सरकार ने पेट्रोल और डीजल पर एक्साइज ड्यूटी 2 रुपये प्रति लीटर बढ़ा दी है। इससे पेट्रोल-डीजल की कीमतें 2 रुपये बढ़ जाएंगी। नई दरें आज रात 12 बजे से ही लागू होंगे।राजस्व विभाग की ओर से सोमवार को जारी अधिसूचना के मुताबिक केंद्र सरकार ने पेट्रोल और डीजल पर उत्पाद शुल्क पर 2-2 रुपये प्रति लीटर की बढ़ोतरी कर दी है। अधिसूचना के मुताबिक पेट्रोल और डीजल की नई कीमतें 8 अप्रैल से लागू होंगीं। फिलहाल सरकार पेट्रोल पर 19.90 रुपये और डीजल पर 15.80 रुपये प्रति लीटर उत्पाद शुल्क वसूल रही है। इस इजाफा के बाद पेट्रोल पर उत्पाद शुल्क 21.90 रुपये लीटर और डीजल पर 17.80 रुपये लीटर लगेगी।केंद्र सरकार ने यह फैसला वैश्विक कच्चे तेल क्रूड ऑयल की कीमतों में जारी उतार-चढ़ाव और ट्रंप प्रशासन की ओर से जवाबी टैरिफ के ऐलान के बीच लिया है। नई दिल्ली में पेट्रोल की कीमत 94.72 रुपये प्रति लीटर है, जबकि मुंबई में पेट्रोल की कीमत 104.21 रुपये है। कोलकाता में पेट्रोल की कीमत 103.94 रुपये प्रति लीटर और चेन्नई में पेट्रोल की कीमत 100.75 रुपये प्रति लीटर है।

असर्फी कैंसर संस्थान
Any Type, Any Stage
आयुष्मान भारत एवं मुख्यमंत्री गंभीर बीमारी उपचार योजना के तहत भी सभी प्रकार के कैंसर का ईलाज
Chemotherapy, Radiotherapy, PET CT SCAN, Brachytherapy, Mammography की सुविधाएं उपलब्ध
9297970030
Asarfi Health Educity, Ran... PR NO-349815 (IPRD) 25-26

# रामनवमी पर निकली पीपरा बाजार में भव्य शोभायात्रा



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पिपरा :** रामनवमी के अवसर पर रविवार को पीपरा बाजार में सैंकड़ों राम भक्त श्रद्धालुओं के द्वारा भव्य शोभायात्रा निकाला गया। इस मौके पर पीपरा प्रखंड के साथ ही बाजार क्षेत्र जय श्रीराम के जयकारे से गुंजायमान रही। इस शोभायात्रा में रामनवमी पूजा समिती के सदस्यों के अलावे सैंकड़ों लोगों ने बढ़ -चढ़कर हिस्सा लिया। महावीरी झंडे के साथ पीपरा गांव के अखाड़ा पर पूजा अर्चना के बाद इस शोभायात्रा की शुरुआत पीपरा गांव के बाद भ्रमण करते हुए पंचायत सरैया पहुंची थी। जहां युवा समाजसेवी विकास तिवारी ने सभी राम भक्तों का स्वागत करते हुए जलपान कराया. शोभा यात्रा पिपरा बाजार होते हुए दुबटीया मोड पर समाप्त हुआ. शोभायात्रा के दौरान प्रशासन के द्वारा सुरक्षा का पूरा इंतजाम किए गये थे। शोभायात्रा में शामिल लोगों में खासा उत्साह देखा गया। इस दौरान शांति व्यवस्था को लेकर अंचल अधिकारी जितेंद्र कुमार थाना प्रभारी बिमल कुमार सक्रिय रहे। शोभायात्रा में हिंदुत्व एकता मंच के संयोजक गौतम राज एवं कमेटी के सचिव रणजीत गुप्ता ने बताया कि प्रखंड प्रमुख विक्रांत सिंह यादव युवा समाजसेवी विकाश तिवारी पूर्व जिला परिषद प्रतिनिधि पिपरा संदीप पासवान, वरिष्ठ समाजसेवी विजय प्रसाद यादव, राजेंद्र प्रसाद यादव, मथुरा प्रसाद गुप्ता, लाल बहादुर सिंह, सुनील सिंह मारकंडे मिश्रा, बिंदेश्वर पाठक, राजद प्रखंड अध्यक्ष रामाशीष पासवान, अरुण मिश्रा, संजय सिंह विकास कुमार यादव, लव सिंह मुलायम सिंह यादव, सीधी सिंह सागर सिंह अंशु मिश्रा नितीश सिंह पवन सिंह दिनेश सिंह संतोष यादव, लखन यादव, इंदल यादव, भीम प्रजापति अभिमन्यु चंद्रवंशी पप्पू यादव, मंटू गुप्ता सहित सैकड़ो राम भक्त शामिल थे।

## हिसरा बरवाडीह व ब्रह्मोरिया गांव के राम भक्तों ने निकाला जुलूस



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पाटन :** हिंदू सनातनियों का त्यौहार रामनवमी पूजा ग्रामीण क्षेत्र में काफी उत्साहित रहा। पाटन के हिसरा बरवाडीह गांव में भव्य तरीके से रामनवमी का जुलूस और झंडा निकाली गई। जुलूस में राम मय भक्त ने अपनी कर्तव्यता का परिचय दिया। हिसरा बरवाडीह संघ कमेटी के द्वारा बलथरवा टाड पर कमेटी के अध्यक्ष आनंद कुमार सिंह, व ब्राहमोरिया रामनवमी पूजा कमेटी के अध्यक्ष अशोक तिवारी को तलवार और गमछा देकर सम्मानित किया गया। जुलुस के दौरान बलथरवा टाड पर हिसरा बरवाडीह, व ब्राह्मोरिया गाँव के कमेटियों का जुलूस और झंडा का मिलान हुआ। सभी ने हिंदू सनातनियों का एकता का परिचय दिया। मौके पर उपस्थित पूर्व प्रमुख नंदेव मांझी, प्रभारी एमो ललन कुमार पासवान, गोपाल पासवान, गुड्डू सिंह, बहादुर मेहता, शंभू सिंह, सत्येंद्र राम, पूर्व कप्तान ब्रिज बिहारी सिंह, राजू तिवारी, बिहारी सिंह समेत अन्य की संख्या में मौजूद रहे।

## राम नाम जय कारे के साथ गुरूमठ भंडार से निकला श्री महावीर झंडा



**विश्रामपुर (प्रभात मंत्र संवाददाता):** पलामू जिला स्थित विश्रामपुर प्रखंड के भंडार ग्राम में रामनवमी के शुभ अवसर पर 24 घंटा अखंड कीर्तन कार्यक्रम के समापन के बाद, प्रभु श्री राम का जय कारा लगाते हुए महावीर झंडा निकाला गया। इससे पूर्व कार्यक्रम में मुख्य रूप से भंडार मुखिया प्रतिनिधि शेष पासवान व विशेष अतिथि के रूप में समाजसेवी अशोक पांडे उपस्थित थे, सभी उपस्थित गण्य मान लोगों ने पूरे कमेटी के लोगों को अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया एवं प्रभु श्री राम के जन्म उत्सव पर शुभकामना दी मौके पर उपस्थित बिश्रामपुर ऐसाई ठाकुर दास महतो, सरयू प्रसाद पांडे, रमाकांत पांडेय, अरविंद पांडे, आशीष पाण्डेय, राहुल साव, राजू साव, कौशल पासवान, जितेंद्र कुमार, अड्डू पासवान, शेखर कुमार, सुभाष प्रजापति समेत काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।

## जय श्री राम के नाम से गूंज हुसैनाबाद



**हुसैनाबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता):** एक ही नारा एक ही नाम, जय श्री राम जय श्री राम, जय श्री हनुमान, घर घर पर भगवा छा गया राम राज्य आ गया जैस नारों से हुसैनाबाद शहर वा ग्रामीण क्षेत्र गूंज उठा. इस जुलूस में शहरी वा ग्रामीण क्षेत्र के 37 अखाड़ा मंडल समिति के लोग शामिल हुए सोमवार की सुबह जुलूस के पूर्व रामभक्तों ने शहर व ग्रामीण क्षेत्रों के अखाड़ा समिति के लोगों को जुलूस में आने का निमंत्रण दिया.दोपहर 12बजे से लोगों की हुजूम शहर के महावीर जी मंदिर परिसर के बीच जमा होने लगी. वहां से महावीर मंडल समिति के तत्वाधान में शंखनाद सेजुलूस की शुरुआत की गयी. जुलूस के स्वागत में शहर के कई घरों के छत से लोगों ने पुष्प वर्ष की, जुलूस के दौरान जय श्री राम जय हनुमान के जोशीले नारों के साथ पूरा माहौल राममय बना रहा. गांधी चौक के समीप कई आंकड़ों का मिलनी हुआ, जिसमें पुरानी बाजार, मोकबरा रोड, कुर्मी टोला, रविदास नगर, जपला चौबे, मोहम्दाबाद, दीवान बीघा, पचंबा, बैरवा, महूअरी, कनुआ बिगहा,जपला धरहरा, देवरी, मेंहदीनगर, बसारी , लोचन सावपुरानी ठाकुर बाड़ी, समेत कई अखाड़ा समिति के लोग जुलूस में शामिल हुए. इसके बाद जुलूस अपने निर्धारती रूट, मोकबरा रोड, रविदास नगर, लंबी गली, राज टोली चौक, इस्लामगंज चौक, मुख्य बाजार होते हुए जे पी चौक स्थित भगवान भास्कर छठ के पास पहुंचकर समाप्त हुआ, जुलूस का नेतृत्व रामनवमी पूजा समिति के संयोजक लोकनाथ केशरी, जिला संघचालक दिनेश कश्यप, संतोष कश्यप, गौतम पटेल, श्रवण अग्रवाल, शिवपूजन चौधरी,राकेश तिवारी, सचिन आनंद, मनीष अग्रवाल, राजेंद्र पाल, संतोष कश्यप, बिक्कु कश्यप, पंकज गुप्ता, उदय विश्वकर्मा ने किया, इस शोभा यात्रा में मुख्य रूप से पूर्व विधायक कमलेश कुमार सिंह, जिप उपाध्यक्ष आलोक कुमार सिंह उर्फ टूटू सिंह, निवर्तमान नगर अध्यक्ष शशि कुमार, बिनोद कुमार सिंह, रवींद्र कुमार सिंह उर्फ बब्लू सिंह, युवा राजद नेता रवि यादव आदि थे।

## पगड़ी व अंगवस्त्र देकर किया सम्मानित



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**विश्रामपुर :** नगर परिषद शहर मुख्यालय स्थित महावीर मंदिर परिसर में सोमवार को आयोजित सम्मान समारोह में श्रीरामनवमी पूजा कमेटी व मुहर्रम इंतजामिया 700 के सदस्यों ने बारी बारी से सभी गणमान्य लोगों को पगड़ी व अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम में मुख्यातिथि प्रदेश भाजपा नेता डॉ ईश्वरसागर चंद्रवंशी ने कहा कि रामचरितमानस में वह सबकुछ है जिससे घर- परिवार व समाज चलाने की जरूरत होती है। उन्होंने कहा कि आज जिस तरह से दोनों समुदाय के लोगों ने मिलजुलकर न सिर्फ लोगों को सम्मान दिया है बल्कि वर्षो से आ रही गंगा जमुनी तहजीब को भी जीवंत रखा है। एसडीपीओ आलोक कुमार टूटी ने कहा कि यहां के लोग जिस तरह से एकता व मिल्लत का मिसाल कायम किया है। उसकी जितनी भी सराहना की जाय कम होगी। उन्होंने कमेटी के सदस्यों से तय समय के अनुसार जुलूस निकालकर समाप्त करने की अपील की। वही बीडीओ राजीव कुमार सिंह ने शांति व सौहार्द पूर्ण तरीके से मनाए जा रहे पर्व की सराहना की। उन्होंने लोगों से शांतिपूर्ण तरीके से पर्व संपन्न कराने की अपील की। सम्मान समारोह में भाजपा नेता रामचंद्र यादव, बसपा नेता गोपाल राम, इंस्पेक्टर रामाशीष पासवान, थानाप्रभारी सौरभ चौबे, इदरीश हवारी ने भी अपने संबोधन में हिन्दू मुस्लिम एकता की सराहना की। सम्मान समारोह में सीओ राकेश तिवारी, संजय पांडेय, संत पॉल कॉन्वेंट समेत कई गणमान्य लोग शामिल थे।

## पाटन के लोहिया चौक जय श्री राम के नारों से गुंजा



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पाटन :** पाटन प्रखंड में रामनवमी हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। रामनवमी मे विभिन्न क्षेत्रों के अखाड़े से झंडा जुलुस निकालकर एक दूसरे से मिलान करते हैं। रामनवमी में भक्तों के द्वारा एक से बढ़कर एक नृत्य एवं झांकी प्रस्तुत करते हैं। पुलिस प्रशासन की निगरानी में रामनवमी की शांतिपूर्ण जुलूस निकाली गई। जिला परिषद संग्राम सिंह के द्वारा राम भक्तों के लिए पाटन के लोहिया चौक पर पुरस्कार का आयोजन किया गया।केल्हार के श्रीराम सेना के द्वारा डीजे के साथ जुलूस निकाला गया, राज ज्वैलर्स एवं बर्तन घर के द्वारा भक्ति में नृत्य एवं झांकी प्रस्तुत किया गया। पाटनबीडीओ अमीत कुमार झा, अंचलाधिकारी राकेश कुमार श्रीवास्तव, पुलिस निरीक्षक अनिल कुमार सिंह, थाना प्रभारी लालजी के द्वारा रामनवमी कमेटी को पुरस्कृत किया। रामनवमी को लेकर पाटन पुलिस अलर्ट मोड पर रही। नावा जयपुर थाना क्षेत्र में शांतिपूर्ण तरीके से रामनवमी मनाया गया। पुलिस की रही त्यौहार में पैनी निगाहें। किशनपुर ओपी क्षेत्र में प्रभारी निलेश कुमार अपनी दल बल के साथ जुलूस और झंडे में सक्रिय रहे। प्रखंड के विभिन्न क्षेत्रों से राम भक्तों के द्वारा जुलूस और झंडा निकाले गए। आकर्षक रूप में राम भक्तों के द्वारा कर्तव्य भी दिखाया गया। रामनवमी में पाटन पुलिस के द्वारा सुरक्षा का पुख्ता इंतजाम किया गया था।

## खलिहान में लगे फसल जलकर राख, मौके पर पहुंचे सीओ



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**छतरपुर :** छतरपुर थाना अंतर्गत रामगढ़ अर्जुनडीह गांव में खलिहान में आग लगने से गेहूं और चना की फसल जलकर खाक हो गई है जानकारी के अनुसार सोमवार की दोपहर अर्जुनडीह ग्राम निवासी परीखा पासवान एवं पुदीना पासवान के खलिहान में अज्ञात करणो से अचानक आग लग गई ग्रामीण ने छतरपुर प्रसाशन को सूचना किया और मौके पर छतरपुर अंचलाधिकारी उपेंद्र कुमार एवं छतरपुर थाना पुलिस पहुंचकर ग्रामीणों को सहयोग से टेंकरो, बालटियों से पानी भरकर खलिहान में लगे आग पर छिड़काव कर आग पर काबू पाया गया लेकिन तब तक सारा फसल जलकर राख हो गया था। वही किसान परीखा पासवान एवं पुदीना पासवान ने प्रशासन से अपनी फसल की मुआवजे की मांग की है।

# महावीर मंडल ने जपला मोड पर रामनवमी मिलन समारोह का किया आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**छतरपुर :** छतरपुर में धूमधाम से मनाया गया रामनवमी का त्योहार जय श्री राम के नारे से गूँजता रहा शहर। छतरपुर जपला मोड पर महावीर मंडल के द्वारा रामनवमी मिलन समारोह का आयोजन किया गया। इस आयोजन में पहली बार छतरपुर में महावीर मंडल के द्वारा राम भक्तों पर पुष्प वर्षा की गई। साथ ही साथ नगर पंचायत के सभी सफाईवीरों को अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया गया, साथ ही दुर्गावाहिनी की जिन बहनों ने शोभायात्रा में भाग लिया था, उन्हें भी साफा बांधकर और तलवार देकर सम्मानित किया गया। मिलन समारोह में विभिन्न अखाड़े लोगों ने अपना अपन करतब दिखाया मुख्य अतिथि के रूप में कांग्रेस के वरिष्ठ नेता सह समाजसेवी सूबे के वित्त सह संसदीय कार्य मंत्री के पुत्र प्रशांत किशोर उर्फ बंकू मौजूद रहे। वहीं विशिष्ट अतिथि के रूप में छतरपुर थाना के पुलिस निरीक्षक द्वारिका राम, थाना प्रभारी प्रशांत कुमार, बिजली विभाग के सहायक अभियंता गुलवंत कुमार और जय कुमार गुप्ता शामिल हुए जिन्हें सफाया बांध कर सम्मानित किया गया। महावीर मंडल के सभी अधिकारी और सदस्यों को अतिथियों द्वारा साफा बांध कर तलवार भेंट की गई। सभी पत्रकारों को भी रामनवमी मिलन समारोह में सम्मानित किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि प्रशांत किशोर ने कहा कि रामनवमी जैसे त्योहार का जो मर्म है उसे हमें समझने की आवश्यकता है। तभी हमारा समाज सुखी और सम्पन्न हो सकता है। श्रीराम के आदर्शों को अपना कर कर आदर्श समाज बनाया जा सकता है। वहीं मंडल के संरक्षक अरविन्द गुप्ता चुनमून ने कहा कि श्रीराम मर्यादा पुरुषोत्तम हैं उनके आदर्श आज भी अनुकरणीय है। हम उनके त्याग को अपना कर ही समाज में शांति, समृद्धि और सौहाद्र बना सकते हैं। वहीं महावीर मंडल के अध्यक्ष पंकज कुमार ने मिलन समारोह की सफलता के लिए सभी का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर नगर की सड़कों पर श्रीराम और महावीर के उद्घोष और भगवा और महावीरी झंडे लिए लोगों का जोश देखते ही बन रहा था। महावीर मंडल के रामनवमी मिलन समारोह को सफल बनाने में संरक्षक अरविन्द गुप्ता चुनमून, गोपाल चंद्रवंशी, कुंदन पाठक, पुरोहित आशीष मिश्रा, रितेश सोनी, आकाश चंद्रा, आयुष कुमार, अध्यक्ष पंकज गुप्ता, सचिव रॉकी उर्फ लाला, कोषाध्यक्ष मृणाल कुमार गुप्ता उपाध्यक्ष अंकित कुमार पांडेय, रितेश कुमार चंद्रा, ऋषभ गुप्ता, सोनू गुप्ता, गोलू गुप्ता।सहित सैकड़ो की संख्या में हिंदू धर्मावलम्बियों ने रामनवमी मिलन समारोह को सफल बनाया।

## पूर्व प्रमुख प्रमिला देवी के ससुर का निधन, शोक



**सतबरवा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** सतबरवा के पूर्व प्रमुख प्रमिला देवी के ससुर नागेश्वर मांझी (102 वर्ष) का बिपी लो होने के कारण सोमवार को नवजीवन हॉस्पिटल में इलाज के दौरान निधन हो गया। पूर्व प्रमुख प्रमिला देवी ने बताया कि ससुर प्रतिदिन की तरह सुबह 5 बजे उठे और कहने लगे कि तबियत ठीक नहीं लग रहा है। उन्हें तुरंत नवजीवन हॉस्पिटल तुम्बागड़ा ले जाया गया जहां डॉक्टरों ने बताया कि स्थिति ठीक नहीं है इनका बीपी लो होते जा रहा है। इसी दौरान 11 बजे उन्होंने अंतिम सांस ली। ग्रामीणों ने बताया कि नागेश्वर मांझी बहुत ही उच्च विचार एवं मिलन सार समाजिक व्यक्ति थे। अच्छे विचार एवं अच्छे कर्म के कारण ही 102 वर्ष खुशहाल जीवन व्यतीत किए । इन्होंने अपने जीवन में बहुत कुछ देखा और जाना। उनकी मृत्यु से पूरे सतबरवा में शोक में है। पुत्र उमेश पासवान ने बताया कि एक भाई हरिद्वार में रहता है उनके परिवार के आ जाने के बाद मंगलवार को मलय नदी बड़का पत्थर तट पर दाह संस्कार किया जाएगा।

## रामनवमी पर श्रीराम सेना का विशाल भंडारा, हजारों श्रद्धालुओं ने ग्रहण किया प्रसाद



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बंशीधर नगर :** मर्यादा पुरुषोत्तम श्री राम जन्मोत्सव के अवसर पर श्री राम सेना द्वारा बस स्टैंड स्थित स्थल पर भव्य भंडारे का आयोजन किया गया। भंडारे का शुभारंभ क्षेत्रीय विधायक सह श्रीराम सेना के मुख्य संरक्षक अनंत प्रताप देव उर्फ छोटे राजा, युवा नेता मानवेंद्र प्रताप देव उर्फ मनु बाबा एवं श्री राम सेना के अध्यक्ष रजनीकांत मधुर उर्फ भोलू ने संयुक्त रूप से फीता काटकर व श्रद्धालुओं के बीच प्रसाद वितरण कर किया। इस मौके पर क्षेत्र के हजारों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। भंडारे में बच्चों, महिलाओं और बुजुर्गों सहित सभी वर्गों के लोगों ने भाग लिया। कार्यक्रम स्थल पर साफ-सफाई, पेयजल व्यवस्था और भक्तों की सुविधा का विशेष ध्यान रखा गया। इस अवसर पर विधायक अनंत प्रताप देव ने भंडारे में सम्मिलित होकर स्वयं श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरित किया और आयोजकों की सराहना करते हुए कहा रामनवमी केवल एक धार्मिक पर्व नहीं, बल्कि यह हमारी आस्था, परंपरा और सामाजिक एकता का प्रतीक है। श्री राम सेना द्वारा आयोजित यह भव्य भंडारा न केवल धार्मिक भावना को जागृत करता है, बल्कि समाज में सेवा और सहयोग की भावना को भी प्रबल करता है। मैं आयोजकों को बधाई देता हूं और कामना करता हूं कि प्रभु श्रीराम का आशीर्वाद हम सभी पर बना रहे।श्री राम सेना के अध्यक्ष रजनीकांत भोलू ने बताया कि यह आयोजन प्रतिवर्ष रामनवमी के अवसर पर किया जाता है, जिसका उद्देश्य समाज के सभी वर्गों को एक साथ जोड़कर भक्ति और सेवा का संदेश देना है। मौके पर श्रीराम सेना के संरक्षक प्रताप जायसवाल, वीरेंद्र अग्रहरि, कामता प्रसाद, कामेश्वर प्रसाद, अशोक जायसवाल, बब्बू जायसवाल, संजीत कुमार, मिंटू जायसवाल, नीरज जायसवाल, पप्पू अनमोल, ऋतुराज जायसवाल, नित्यानंद कुमार, शुभम प्रकाश गद्दू, अजीत केसरी, कमलेश मेहता सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद थे।

# गायत्री शक्तिपीठ में महानवमी पर आस्था का महासंगम, पूर्णाहुति, कन्या पूजन और भंडारे में उमड़े श्रद्धालु



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बंशीधर नगर :** चैत्र नवरात्र के नवें दिन रविवार को महानवमी का पर्व श्रद्धा, भक्ति और संस्कृति के रंग में सराबोर रहा। श्री बंशीधर नगर स्थित जंगीपुर गायत्री शक्तिपीठ में नौ देवियों की आराधना, वैदिक मंत्रोच्चार से पूर्णाहुति, कन्या पूजन और विशाल भंडारे का आयोजन श्रद्धालुओं की भारी उपस्थिति के बीच किया गया। सुबह से ही मंदिर परिसर में भक्तों की भीड़ जुटनी शुरू हो गई थी। दूर-दराज़ से आए श्रद्धालु गायत्री शक्तिपीठ पहुंचे और देवी की विशेष आराधना तथा हवन पूजन में भाग लिया। गायत्री परिवार के प्रमुख अजीत चौबे एवं ललशु राम के सान्निध्य में वैदिक विधि-विधान से आयोजन संपन्न हुआ। कार्यक्रम के दौरान ललशु राम द्वारा प्रस्तुत गायत्री गीतों ने पूरे माहौल को दिव्यता से भर दिया। श्रद्धालुओं ने सुख-शांति, समृद्धि और विश्व कल्याण की कामना के साथ हवन में आहुतियां दीं। इसके उपरांत महाआरती के साथ पूजा कार्यक्रम का समापन हुआ और श्रद्धालुओं के बीच प्रसाद वितरित किया गया। मंदिर परिसर में 24 कन्याओं को देवी स्वरूप मानकर उनका विधिवत श्रृंगार किया गया और पांव पूजन के साथ कन्या भोज कराया गया। श्रद्धालुओं ने कन्याओं से आशीर्वाद प्राप्त कर स्वयं को कृतार्थ महसूस किया। पूर्णाहुति के उपरांत भव्य भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें सैकड़ों श्रद्धालुओं ने महाप्रसाद ग्रहण किया। मौके पर विहिप जिलाध्यक्ष राजेश प्रताप देव, नपं के पूर्व उपाध्यक्ष लता देवी, अजीत चौबे, जोखू प्रसाद, अनिल लाल अग्रवाल, डॉ. सतीश कुमार, रामप्रसाद कमलापुरी, अमर जायसवाल, सुरेश विश्वकर्मा, जोखू प्रसाद गुप्ता, शुभम जायसवाल, आदित्य जायसवाल, विजय जायसवाल, प्रदीप शर्मा, अशोक प्रसाद, अखौरी प्रसाद ज्योतीम, मीना देवी, अनीता देवी, इंद्रावती देवी, लालो देवी समेत बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे।


प्रभात मंत्र प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक रेशमा खान द्वारा खबर-एक्सप्रेस प्रा0 लि0 3 व 4 ओपोजिट मोरिश फूड कोकर इन्डसट्रियल एरिया, कोकर, रांची से मुद्रित कर कार्यालय प्रभात मंत्र राईन मार्केट पहला तल्ला, उर्दू लाइब्रेरी, मेन रोड रांची से प्रकाशित, संपादकीय कार्यालय-2बी दूसरा तल्ला, अनवर अरकेड, विश्वकर्मा मंदिर लेन , मेन रोड, रांची। संपादक : रवींद्र कुमार उपाध्याय*। *पीआरबी एक्ट के तहत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। मो0 न0 7004121786, 06513571957

## संक्षिप्त खबरें

### रेलवे सुरक्षा बल के जवानों के लिए बेसिक लाइफ सपोर्ट प्रशिक्षण सत्र का आयोजन

**रांची।** हटिया स्थित मंडलीय प्रशिक्षण संस्थान में रेलवे सुरक्षा बल के अफसर तथा जवानों के लिए बेसिक लाइफ सपोर्ट प्रशिक्षण सत्र का आयोजन किया गया। आरपीएफ रांची के मंडल सुरक्षा आयुक्त पवन कुमार के प्रयास से इस सत्र का सफ़लतापूर्वक आयोजन हुआद्य इस सत्र की अध्यक्षता क्योरस्टा हॉस्पिटल, दीपाटोली, रांची की डॉ. सना अंजुम हक (क्रिटिकल केयर मेडिसिन) एवं असिस्टेंट नर्सिंग सुपरिंटेंडेंट ब्रदर जिन्स वर्गीज द्वारा की गई। इस प्रशिक्षण सत्र का उद्देश्य ऋक्क्ष अधिकारियों को जीवन रक्षक प्राथमिक उपचार एवं आपातकालीन स्थितियों में त्वरित चिकित्सा सहायता प्रदान करने हेतु आवश्यक कौशल से सुसज्जित करना था, ताकि प्लेटफॉर्म या ट्रेन परिसर में किसी भी आपात स्थिति के दौरान तत्काल सहायता दी जा सके। सत्र के दौरान ष्ट्क्क्ष् प्राथमिक चिकित्सा तकनीकों तथा अन्य जीवन रक्षक प्रक्रियाओं का प्रशिक्षण दिया गया, जो संकट की घड़ी में अत्यंत उपयोगी सिद्ध हो सकते हैं।

### झारखंड मंत्रिपरिषद की बैठक आज

**रांची :** झारखंड मंत्रिमंडल की बैठक मंगलवार को होगी। मंत्रिमंडल की बैठक दोपहर एक बजे से झारखंड मंत्रालय (प्रोजेक्ट भवन ) स्थित मंत्रिपरिषद कक्ष में होगी। यह जानकारी सचिवालय एवं निगरानी विभाग (समन्वय) ने सोमवार को दी है। मंत्रिपरिषद की बैठक में कई महत्वपूर्ण प्रस्तावों पर मुहर लगाई जाएगी।




# अनुसूचित जाति, जनजाति के सर्वांगीण विकास और उत्थान के लिए सरकार पहले कानून बनाएं

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** अगर अनुसूचित जाति जनजाति के उत्थान के लिए केंद्र सरकार काम करना चाहती है तो अनुसूचित जनजाति उप योजना एवं अनुसूचित जाति उप योजना के सुदृढ़ीकरण के लिए सरकार कानून बनाए। उक्त मांग प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष केशव महतो कमलेश, वित्त मंत्री राधा कृष्ण किशोर एवं पूर्व वित्त मंत्री डॉ रामेश्वर राव कांग्रेस विधायक दल के नेता राजेश कच्छप ने संवाददाता सम्मेलन के माध्यम से केंद्र सरकार से किया। इस क्रम में केशव महतो कमलेश ने कहा कि एसटीपी और एससीएसपी का मूल उद्देश्य अनुसूचित जाति एवं जनजाति के विकास में तेजी लाना है ताकि समाज के बाकी हिस्सों की तुलना में विभिन्न विकास के मापदंडों के अंतर को पाटा जा सके। इंदिरा गांधी द्वारा 1975-76 और 1979-80 में उप योजना प्रारंभ कर इसके माध्यम से इन समुदायों के लिए आय के अवसर प्रदान कर गरीबी बेरोजगारी को दूर करना, शिक्षा स्वास्थ्य आवास तक पहुंच बढ़ाने, समुदाय के अधिकारों की रक्षा, शोषण को रोकने तथा अन्य कई कार्य किए गए। केंद्र सरकार एससी-एसटी के अधिकारों को वृहद स्वरूप देने के बजाय उनके बजट के प्रावधान में कमी कर रही है वर्तमान बजट में केंद्र सरकार ने एससी एसटी के बजट में 3.4त्न एवं 2.6त्न का आवंटन किया है जिससे अनुसूचित जाति को 11.70 लाख करोड़ तथा अनुसूचित जनजाति को 5.57 लाख करोड़ के बजट के समर्थन का नुकसान हुआ है। कांग्रेस ने सन 2025 के चुनाव घोषणा पत्र में एससी एसटी उप योजना पर केंद्रीय कानून बनाने का वादा किया था। केंद्र




सरकार को इन समुदायों की मजबूती के लिए उप योजनाओं के लिए कानून बनाना चाहिए।

इस कार्यक्रम के कार्यान्वयन की कमियों को दूर करने के लिए कांग्रेस शासित राज्यों आंध्र प्रदेश, तेलंगाना और कर्नाटक ने एससीएसपी और टीएसपी के प्रभावी निष्पादन के लिए कानून बनाए हैं। वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर ने कहा कि एससी एसटी की उप योजना को प्रभावी बनाने हेतु कानून बनाना नितांत आवश्यक है यूपीए के शासनकाल में दोनों योजनाओं पर कानून बनाने की शुरुआत हो चुकी थी लेकिन 2014 के चुनाव के कारण यह संभव नहीं हो पाया।

अनुसूचित जाति जनजाति उप योजना के कार्यो के लिए केंद्र सरकार राज्य सरकारों को जवाब देह बना सकती है। वित्तीय वर्ष 2021-22,22-23, 23-24 के 3 वर्षों के दौरान केंद्र सरकार ने झारखंड को अनुसूचित जनजाति उप योजना के तहत 3515.11करोड़ एवं अनुसूचित जाति उप योजना में 2475.49 करोड़ उपलब्ध कराया था जबकि यह राशि कम से कम 10000 करोड़ की होनी चाहिए। विगत एक दशक में राज्यों को उस योजना के तहत जो राशि मिलनी चाहिए थी उसमें कटौती की गई, इस मद में बजट के प्रावधान लगातार घटाये जा रहे हैं दलित और आदिवासियों को विकास के लिए उनके अधिकार नहीं मिल रहे हैं। उप योजना के पैसों से बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध कराई जाती है लेकिन कानून के अभाव में इसके फंड की सही तरीके से मॉनिटरिंग नहीं हो पाती है राशि को अन्य मदों में डायवर्ट कर दिया जाता है जिसके कारण इसका मूल उद्देश्य समाप्त हो जाता है। डॉ रामेश्वर उरांव ने कहा कि अनुसूचित जाति जनजाति उप योजना की राशि का दुरुपयोग होता है कई राज्य इस राशि को डायवर्ट करके दूसरी योजनाओं में खर्च करते हैं जिससे यह इन समुदाय के विकास का मूल उद्देश्य प्राप्त नहीं कर पाता। एक राज्य में टीएसपी के पैसे से पुलिस के लिए गोलियां खरीदी गई, दूसरे राज्य में स्टेट ट्रांसपोर्ट का हेड क्वार्टर बनाया गया जिसका कोई मतलब नहीं। राहुल गांधी की कानून बनाने की मांग जायज है ताकि इस फंड का सही ढंग से उपयोग हो सके केंद्र सरकार को जल्द से जल्द कानून बनाना चाहिए ताकि राशि का स्थानांतरण रोका जा सके। संवाददाता सम्मेलन में मीडिया प्रभारी राकेश सिन्हा ,अध्यक्ष सतीश पॉल मुजनी प्रवक्ता सोनाल शांति,खुर्शीद हसन रुमी,जगदीश साहू भी उपस्थित थे।

### योगासन प्रतियोगिता में भी जगदीश ने जीता स्वर्ण

**रांची।** विनयसा राष्ट्रीय स्तर की योग चैंपियनशिप 2025 का आयोजन प्राकृतिक चिकित्सा एवं योग विज्ञान संस्थान और एनएसएस इकाई उत्कल संस्कृति विश्वविद्यालय, भुवनेश्वर के द्वारा दिनांक 5 एवं 6 अप्रैल 2025 को चिड़िया पोलो, वी.एन. मार्ग, बालासोर, ओडिशा हुआ। विभिन्न क्षेत्रों से आए तेरह निर्णायको ने अपना निर्णय दिया। चैंपियनशिप में डिवाइन योगा अकेडमी झारखंड के जगदीश सिंह, शत्रुघन कुमार, प्रदीप कुम्भकार ने झारखण्ड का प्रतिनिधित्व किया। जगदीश सिंह को 50 प्लस में स्वर्ण पदक प्राप्त हुआ । ज्ञात हो कि पिछले दिनों ओडिशा में आयोजित प्रथम ओपन राष्ट्रीय योगासन चैंपियनशिप मे भी जगदीश ने स्वर्ण पदक प्राप्त किया था सीनियर ग्रुप में प्रदीप कुम्भकार को तीसरा स्थान प्राप्त हुआ। डिवाइन योगा अकेडमी की डायरेक्टर डॉ परिणीता सिंह ने टीम का उत्साहवर्धन करते हुए अच्छे भविष्य की कामना की। कार्यक्रम में पंजाब, हरियाणा, झारखंड, पश्चिम बंगाल, छत्तीसगढ़, ओडिशा के विभिन्न जिलों से प्रतियोगियों ने भाग लिया।

## केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री ने मुख्यमंत्री से की मुलाकात



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने सोमवार को कांके स्थिति मुख्यमंत्री आवास में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से मुलाकात की। मुख्यमंत्री से यह उनकी शिष्टाचार भेंट थी। इस अवसर पर विधायक कल्पना सोरेन भी मौजूद थीं।

## आरपीएफ ने शराब के साथ एक आरोपित को किया गिरफ्तार

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) ने हटिया रेलवे स्टेशन के प्लेटफॉर्म दो से शराब के साथ एक आरोपित को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपित का नाम प्रेममनी कुमार है। वह बिहार के नालंदा का रहने वाला है। आरपीएफ के निरीक्षक रूपेश ने आज बताया कि रांची मंडल के आरपीएफ मंडल सुरक्षा आयुक्त पवन कुमार के निर्देश पर स्टेशनों और ट्रेनों में शराब की तस्करी के खिलाफ लगातार अभियान जारी हैद्य इसी क्रम में आरपीएफ टीम ने देखा कि एक व्यक्ति हटिया रेलवे स्टेशन के प्लेटफॉर्म संख्य दो में संदिग्ध तरीके से पिट्ठू बैग को लेकर बैठा है। संदेह



होने पर उसे रुकवाकर उसके बैग की तलाशी ली गई, जिसमें 29 बोतल शराब (बीयर) जब्त किया गया। पूछताछ में आरोपित ने बताया कि वह शराब हटिया से खरीदा और उसे अधिक दाम में बेचने के लिए बिहार ले जा रहा था। बरामद शराब और गिरफ्तार व्यक्ति को आगे की कार्रवाई के लिए उत्पाद विभाग को सौंप दिया गया।

## ओएनजीसी द्वारा स्थापित स्मार्ट क्लास से बच्चे कर रहे है पढ़ाई

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** झारखंड राज्य के पांच जिलों खूँटी, गुमला, बोकारो, रामगढ़ और हजारीबाग में 309 विद्यालयों में कॉर्पोरेट सोशल रिस्पॉन्सिबिलिटी के तहत ऑयल एण्ड नेचुरल गैस कॉरपोरेशन लिमिटेड एवं एडसिल द्वारा कक्षाओं को स्मार्ट क्लास के रूप में रूपांतरित किया गया है। इस पहल की शुरुवात जून 2024 में हुई थी, जिससे कुल तीन लाख से अधिक बच्चे लाभान्वित हो रहे हैं। ऑयल एण्ड नेचुरल गैस कॉरपोरेशन लिमिटेड एवं एडसिल ने इन विद्यालयों में ढ्ढष्टह्ल उपकरण लगाए हैं, जिसमें कक्षा एक से लेकर कक्षा बारहवीं तक की मल्टीमीडिया सामग्री उपलब्ध कराई गई है, जिससे बच्चे आनंदपूर्वक पढाई कर रहे। इन विद्यालयों के पांच हज़ार से अधिक शिक्षकों को प्रशिक्षण कार्यक्रम में स्मार्ट बोर्ड का उपयोग, मल्टीमीडिया सामग्री से पढ़ाने की तकनीक, और डिवाइस का रख-रखाव करने के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई है।स्मार्ट क्लॉस में मल्टीमीडिया उपकरण जैसे कि वीडियो, इमेजेस, एनिमेशन का उपयोग कर छात्र और शिक्षक के बीच बेहतर संवाद और संबंध स्थापित हो रहा है, जिससे छात्रों को विषयों पर अधिक रुचि और समझ के साथ सीखने में मदद मिल रही है।

## झारखंड के छह जिलों में आठ को हल्की बारिश और तेज हवा चलने की आशंका

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची:** झारखंड के रांची और आसपास के इलाकों में आठ अप्रैल को हल्की बारिश होने की संभावना है। साथ ही 30-40 किमी की गति से तेज हवा चलने की आशंका है। इसे लेकर मौसम विभाग ने सोमवार को येलो अलर्ट जारी किया है।

रांची के अलावा जिन इलाकों में गर्जन और तेज हवा चलेगी उनमें खूंटी, रामगढ़, गुमला और हजारीबाग शामिल है। वहीं मंगलवार को दक्षिण और उत्तर-पूर्वी जिलों में वज्रपात और 30-40



किमी की गति से तेज हवा चलने की आशंका है। इन जिलों के लिए मौसम विभाग ने येलो अलर्ट जारी किया है। वहीं नौ अप्रैल के लिए भी मौसम विभाग ने येलो अलर्ट जारी किया है। विभाग के अनुसार राज्य के दक्षिण-पूर्वी और पूर्वी- मध्य भाग के कुछ इलाकों में गर्जन होने और 30 से 50 किमी की गति से हवा चलने की आशंका व्यक्त की है। सोमवार को रांची में अधिकतम तापमान 36.2, जमशेदपुर में 40.3, डालटेनगंज में 40.8 और बोकारो में अधिकतम तापमान 40.5 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया।

## आज पूरी दुनिया पर्यावरण के संरक्षण में बड़ी बड़ी योजनाएं बना रही है : किशोर

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची** : झारखंड विधानसभा परिसर में सभा सचिवालय के पदाधिकारी कर्मचारीगण की ओर से सरहुल/बाहा मिलन समारोह का आयोजन किया गया है ।सरहुल मिलन समारोह विधि विधान के साथ शुरू हुआ। राजेश कच्छप ने प्रकृति पर्व सरहुल के संबंध में अपने संबोधन के माध्यम से प्रकाश डाला ,उन्होंने कहा कि जनजातीय समाज प्रकृति की पूजा करते हैं । हमारे ईष्ट देव भी प्रकृति के रूप में पूजे जाते हैं। सूरज की रोशनी और धरा की सृजनशीलता के मिलन



से पेड़ पौधों में नए फूलों,फलों का लगना नए ऋतु के आगमन पर फसलों का लहलहाना इन सभी अवसरों को सम्मिलित रूप से प्रकृति पूजक जनजातीय समाज उत्सव के रूप में मनाते है । इसी रूप में सरहुल /बाहा पर्व जनजातीय समाज का एक बड़ा उत्सव है । मंत्री राधाकृष्ण किशोर ने अपने संबोधन में कहा कि आज पूरी दुनिया पर्यावरण के संरक्षण में बड़ी बड़ी योजनाएं बना रही है सरहुल /बाहा पर्व हमें पर्यावरण संरक्षण की ओर प्रेरित करती है । इस अवसर पर विभिन्न विश्वविद्यालयों के छात्र एवं छात्राएँ जनजातीय समाज के विभिन्न शैलियों पर अपनी नृत्यों संगीत का प्रदर्शन भी किए।माननीय अध्यक्ष झारखंड विधानसभा रबीन्द्रनाथ महतो अपरिहार्य कारणों से कार्यक्रम में सम्मिलित नहीं होने पर सरहुल /बाहा मिलन समारोह के अवसर पर आयोजन समिति सहित सभी पदाधिकारी कर्मियों को शुभकामनाएं दी हैं।

## खेलों इंडिया यूथ गेम्स 2025 के लिए मलखंब टीम का चयन आठ को धुर्वा में

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** झारखंड राज्य मलखंब एसोसिएशन एवं खेलकूद एवं युवा कार्य निदेशालय, झारखंड सरकार के संयुक्त तत्वावधान में खेलों इंडिया यूथ गेम्स के लिए झारखंड बालक-बालिका मलखंब टीम का चयन हेतु दिनांक 08 अप्रैल (मंगलवार) को बंगीय सांस्कृतिक परिषद विद्यालय, सेक्टर-2,धुर्वा, राँची के प्रांगण में अपराह्न तीन बजे शाम 6 बजे तक आयोजित की गई है। इस खुली चयन प्रतियोगिता में झारखंड राज्य से संबंधित सभी



जिला ईकाई के अतिरिक्त पूरे राज्य से कोई भी इच्छुक खिलाड़ी रंगीन आधार कार्ड लेकर सीधे प्रवेश कर सकते हैं। चयनित झारखंड टीम दिनांक 5 से 8 मई तक बोधगया में आयोजित खेलों इंडिया यूथ गेम्स 2025 के तहत मलखंब प्रतियोगिता में भाग लेगी।खेलों इंडिया प्रतियोगिता में भाग लेने के झारखंड की बालक-बालिका मलखंब टीम तीन अप्रैल को बोधगया के लिए प्रस्थान करेगी। यह जानकारी झारखंड राज्य मलखंब एसोसिएशन के महासचिव अजय झा ने दी।

## मुस्लिमों को आरक्षण देने वाली कांग्रेस का दलित आदिवासी प्रेम दिखावा मात्र है : साह

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** भारतीय जनता पार्टी ने कांग्रेस पार्टी द्वारा आयोजित हालिया प्रेस वार्ता पर तीखी प्रतिक्रिया दी है। भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता अजय साह ने कांग्रेस के आदिवासी और दलित प्रेम को 'दिखावटी' और 'पाखंडी' बताते हुए उसे केवल राजनीतिक नौटंकी करार दिया। अजय साह ने कहा कि कांग्रेस पार्टी आदिवासी और दलित वर्गों में अपनी गिरती पकड़ और कमजोर होती राजनीतिक स्थिति से बौखलाई हुई है, और इसी हताशा में रोज़ नए-नए शिगूफे और बयानबाज़ी करके सहानुभूति पाने का प्रयास कर रही है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस जिस वर्ग के अधिकारों का दावा कर रही है, उसी वर्ग का हक छीनकर वह मुस्लिम तुष्टिकरण में लगी हुई है। साह ने जोर देकर कहा कि जिस समाज को कांग्रेस ने दशकों तक गरीबी, पिछड़ेपन और शोषण के अंधेरे में रखा, भाजपा के शासनकाल में वही समाज विकास और सम्मान की मुख्यधारा में आया।पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी ने न सिर्फ़ झारखंड को एक अलग राज्य का दर्जा दिया, बल्कि आदिवासी कल्याण मंत्रालय की भी स्थापना की। भाजपा ही वह पार्टी है जिसने देश को पहली बार एक आदिवासी महिला को राष्ट्रपति पद पर बैठाया – और उस समय कांग्रेस ने इसका विरोध किया। अजय साह ने कहा कि भाजपा



सरकार ने आयुष्मान भारत, पीएम गरीब कल्याण योजना, हर घर जल योजना, जैसे अनेक कार्यक्रमों के ज़रिए दलितों और आदिवासियों को शिक्षा, स्वास्थ्य और सम्मान देने का काम किया, और इन सभी योजनाओं में झारखंड में भारी भ्रष्टाचार हुआ है। उन्होंने मोदी सरकार की पीएम-जनमन योजना का विशेष उल्लेख किया, जिसे विशेष रूप से कमज़ोर जनजातीय समूहों के लिए शुरू किया गया है। यह योजना उन समुदायों को बुनियादी सुविधाएं, शिक्षा, आजीविका और स्वास्थ्य सेवाएं देकर उनके जीवन स्तर को बेहतर बनाने का कार्य कर रही है। एकलव्य विद्यालय मॉडल को भी वैश्विक पहचान मिल रही है, जो आदिवासी बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान कर रहा है। साह ने दावा किया कि पिछले 10 वर्षों में मोदी सरकार ने झारखंड को कांग्रेस के मुकाबले तीन गुना ज़्यादा फंड उपलब्ध कराया है। लेकिन राज्य सरकार में व्याप्त भ्रष्टाचार के चलते अनुसूचित जाति और जनजाति वर्ग के हितग्राहियों तक इसका लाभ नहीं पहुंच सका। उन्होंने कहा कि इन फंड्स की बंदरबांट और घोटाले झारखंड की सच्चाई बयां करते हैं। अजय साह ने कांग्रेस पर संविधान के नाम पर राजनीति करने का आरोप लगाते हुए कहा, ÷यह वही पार्टी है जिसने आपातकाल के दौरान बाबा साहेब अंबेडकर द्वारा बनाए गए संविधान में रातों-रात बदलाव किए, और आज वही पार्टी संविधान की दुहाई दे रही है। उन्होंने चेतावनी दी कि कांग्रेस अब कर्नाटक में दलितों और आदिवासियों के आरक्षण को मुस्लिमों में बांटने की जो परंपरा शुरू कर चुकी है, उसे देशभर में लागू करना चाहती है। यह न केवल संविधान की भावना के खिलाफ है बल्कि सामाजिक न्याय की अवधारणा को भी आहत करता है।

## झारखंड पुलिस का 16 को फिर जन शिकायत समाधान कार्यक्रम

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** झारखंड के सभी जिलों में 16 अप्रैल को पुलिस द्वारा चौथी बार जन शिकायत समाधान कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। यह कार्यक्रम सुबह 11 बजे से शुरू होगा। पुलिस मुख्यालय से सोमवार को मिली जानकारी के अनुसार, डीजीपी अनुराग गुप्ता ने इस संबंध में सभी जिलों के एसएसपी और एसपी को आदेश जारी किया है। पहले जहां समाधान कार्यक्रम का आयोजन किया गया था, इस बार उसी स्थान पर कार्यक्रम का



आयोजन होगा। इससे पहले पुलिस की ओर से 10 सितंबर 2024, 18 दिसंबर 2024 और 22 जनवरी 2025 को जन शिकायत समाधान कार्यक्रम का आयोजन किया गया था।

### जन शिकायत समाधान कार्यक्रम के मुख्य उद्देश्य

- जिन शिकायतों पर कार्रवाई नहीं हो सकती, उसकी जानकारी भी शिकायतकर्ताओं को देना।
- पुलिस की ओर से बनायी जा रही सर्वोतम पद्धतियों को इन कार्यक्रमों में दिखाना।
- नागरिकों की समस्याओं को समझकर पुलिस व्यवस्था में आवश्यक सुधार करना।
- नागरिकों की पुलिस से संबंधित शिकायतों को प्राप्त करना और उक्त शिकायतों को पंजीकरण करना।
- शिकायतों पर पुलिस की ओर से की गयी कार्रवाई की सूचना शिकायतकर्ता को देना।
- यदि निर्धारित समय पर कार्रवाई ना हो पाये तो वरीय पदाधिकारियों को इसकी सूचना देना।
- कार्रवाई योग्य शिकायतों का त्वरित और प्रभावी समाधान करना।

## तुष्टिकरण की आड़ में आदिवासी समाज की आवाज नहीं दबा सकती हेमंत सरकार : बाबूलाल मरांडी

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवम नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने राज्य सरकार पर निशाना साधा। मरांडी कांके, पिठौरिया के बालू गांव पहुंचे तथा सरहुल जुलूस के दौरान हुई हिंसक घटना को लेकर ग्रामीणों से विस्तृत जानकारी ली। मरांडी ने कहा कि यह बेहद शर्मनाक और दुर्भाग्यपूर्ण है कि प्रशासन मामले की लीपापोती कर सच्चाई को दबाने का प्रयास कर रही है। कहा कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन कान



खोलकर सुन लें कि तुष्टिकरण की आड़ में आदिवासी समाज की आवाज़ को दबाया नहीं जा सकता। कहा कि प्रशासन तत्काल आरोपियों को चिन्हित कर उनकी गिरफ्तारी सुनिश्चित करे, जिससे भविष्य में इस तरह का दुस्साहस करने की कोई हिम्मत न कर सके।

## विसर्जन के साथ ही 9 दिनों से चले आ रहे हैं रामचरितमानस पाठ का हुआ समापन



**इटकी (प्रभात मंत्र संवाददाता):** राम ,लक्ष्मण, सीता और वीर हनुमान की प्रतिमाओं का बनिया टोली स्थित केसरी नया तालाब में विसर्जन के साथ ही गत नौ दिनों से स्थानीय जगनाथ मंदिर प्रांगण में जारी श्री रामचरितमानस पाठ महायज्ञ का सोमवार को समापन हो गया। मौके पर प्रतिमाओं के साथ विसर्जन शोभायात्रा भी निकाली गयी। इससे पूर्व महायज्ञ स्थल के समीप पंडित शत्रुघ्न पांडेय के नेतृत्व में गोविंद सोनी व पारकर्ता द्वारा हवन कर इसकी पूर्णाहुति की गयी। शोभायात्रा के दौरान थाना प्रभारी मनीष कुमार दल बल के साथ मुस्तैद थे। विसर्जन शोभायात्रा में में कृष्णा राम तिवारी, अजीत केसरी, कामेश बर्मन, प्रकाश महतो, पंचम महतो, देवेंद्र महतो, संजय महतो, बिहारी केसरी, सहित दर्जनों रामभक्त शामिल थे।

## प्रभु श्रीराम के जन्मोत्सव पर अखण्ड हरिकृतन का आयोजन



**नामकुम(प्रभात मंत्र संवाददाता):** दुर्गा मंदिर टाटीसिलवे के द्वारा 06 अप्रैल से लेकर 07 अप्रैल तक 24 घंटे का अखण्ड हरिकृतन एवं अष्टजाम का आयोजन दुर्गा मंदिर परिसर में पूरे विधि विधान से किया गया।इस कार्यक्रम को सफल बनाने में यदुवीर सिंह,राजन साहु,मनोज ठाकुर,राजेश मिश्रा,विमलेश मिश्रा,संजीत कुमार प्रमाणिक,टाटीसिलवे कीर्तन मंडली का महत्वपूर्ण योगदान रहा।इस कार्यक्रम में श्रद्धालुओं के बिच महाप्रसाद का वितरण किया गया।

## जंगली हाथी के हमले में किसान की दर्दनाक मौत, गांव में पसरा मातम

**बेड़ो (प्रभात मंत्र संवाददाता):** थाना क्षेत्र के टेंगरिया गांव में रविवार रात एक दर्दनाक और हृदयविदारक हादसा हुआ, जब जंगली हाथी के हमले में एक मेहनतकश किसान की जान चली गई। मृतक की पहचान महेन्द्र सिंह उर्फ कारू के रूप में की गई है, जो मिर्चा की खेती कर अपने परिवार का भरण-पोषण करता था। जानकारी के अनुसार, महेन्द्र सिंह रात लगभग 10 बजे अपने घर के पास खेत की स्थिति देखने गया था। उसी दौरान एक जंगली हाथी अचानक खेत में आ धमका और उस पर हमला कर दिया। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, हाथी ने पहले महेन्द्र को सूंड से उठाकर ज़मीन पर पटक दिया, फिर पैरों तले कुचल डाला, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के तुरंत बाद ग्रामीणों ने साहस दिखाते हुए घायल किसान को नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया, जहां से उसे रांची के रिम्स रेफर किया गया। लेकिन दुर्भाग्यवश, रांची ले जाते समय रास्ते में ही उसकी मौत हो गई। इस दर्दनाक घटना के बाद टेंगरिया गांव और आसपास के क्षेत्रों में भय और मातम का माहौल है। लोगों में वन विभाग और प्रशासन के प्रति आक्रोश है, क्योंकि यह इलाका पहले भी हाथियों की चपेट में आता रहा है, लेकिन अब तक कोई ठोस समाधान नहीं निकला।

## बुंडू के सोनेट क्रिकेट क्लब से चार खिलाड़ियों का अंडर-16 जिला टीम में हुआ चयन

**बुंडू (प्रभात मंत्र संवाददाता):** झारखण्ड राज्य क्रिकेट संघ के तत्वावधान में आगामी 8 अप्रैल से राज्य के आठ जिलों में एक साथ शुरू हो रहे अंतर जिला अंडर -16 क्रिकेट प्रतियोगिता में सोनेट क्रिकेट क्लब के चार खिलाड़ियों का अंडर-16 जिला टीम चयन हुआ जिसमें अनुराग कुमार और दीपेश मुंडा का खूंटी जिला टीम से चयन हुआ है एवं स्पर्श नायक लोहरदगा टीम से चयन हुआ है और प्रिंस पासवान का गुमला जिला टीम से चयन हुआ है,चयन होने पर पूरे पंचपरगना क्षेत्रों में खुशी का माहौल है और बुंडू जैसे ग्रामीण क्षेत्रों के बहुत बड़ी उपलब्धि है,चयन होने पर सोनेट क्रिकेट क्लब बुंडू के डायरेक्टर जितू कुमार ने चारों खिलाड़ियों का उज्ज्वल भविष्य का कामना करते हुए कहा है कि मुझे अत्यंत खुशी हुई सुनकर की आप चारों खिलाड़ियों का जिला अंडर-16 टीम में चयन होने से वाकई महत्वपूर्ण और गर्व का विषय है, मैं आप चारों खिलाड़ियों को उत्कृष्ट प्रदर्शन पर हार्दिक बधाई देना चाहता हूं,यह आप चारों के लिए पूरे क्रिकेट करियर में बड़ा सम्मान है, और मैं विश्वास करता हूं कि आप चारों अपनी टीम के लिए महत्वपूर्ण योगदान प्रदान करेंगे,चारों खिलाड़ी को ऊंचाइयों तक पहुँचने की शुभकामनाएं और बधाई, साथ ही क्लब के कोच एहसान अंसारी, विनय राणा,एसपी गौतम, चंचल भटचार्य,अजात शत्रु, सुब्रोतो घोष,रोशन महतो,विवेक जायसवाल,आशिक अंसारी, राजेश गुप्ता,जितेश सिंह,विष्णु स्वांसी, चंद्रकांत महतो, शिव महतो,सुनीता लोदा, सिमा सिंह ने शुभकामनाएं दैते हुए उज्वल भविष्य की कामना की है।

## कुच्चू में रामनवमी मेला लगा

**ओरमांझी (प्रभात मंत्र संवाददाता):** सोमवार को कुच्चू बाजार में रामनवमी मेला सह अस्त्र चालन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। मेला में मुख्य अतिथि के रूप में राज्यसभा सांसद आदित्य प्रसाद साहू व विशिष्ट अतिथि के रूप में पूर्व सांसद रामटहल चौधरी शामिल रहें। मेला में क्षेत्र के विभिन्न गांव से जुलूस की शक्ल में राम भक्त महावीर झंडा लिए हुए ढोल नगाड़ा बजाते हुए, अनेक तरह की झाकियां लिए मेला पहुंचे थे, राम भक्तों ने शास्त्र प्रतियोगिता में हिस्सा लेकर हैरतअंगेज करतब दिखाए,मेले की समाप्ति पर उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को मेला समिति द्वारा तलवार भाला लाठी डंडा देकर सम्मानित किया गया मौके पर मुख्य रूप से जिला परिषद सदस्य सरिता देवी मुखिया पूनम देवी पूर्व मुखिया समुद्र पाहन, पंचायत समिति सदस्य परमिला, जानकी देवी,रणधीर चौधरी अमरनाथ चौधरी,पूर्व उप प्रमुख जय गोविंद साहू,खालिक खान मेला समिति के अध्यक्ष अरविंद कुमार, कोषाध्यक्ष संजय साहू,उपाध्यक्षअमित राज, विवेक राज, शशिभूषण नीतीश,प्रेमनाथ महतो,महेंद्र महतो,मेवालाल महतो,संदीप महतो, रविन्द्र महतो, कुणाल कुमार, सोनू कुमार, चन्द्र भूषण मेहता,वरुण कुमार,रामप्यारे महतो मानकी राजेंद्र मुंडा सहित अनेकों गणमान्य लोग मुख्य रूप से उपस्थित थे।

## बीडीओ ने योजनाओं का किया निरीक्षण

**पाकुड़िया(प्रभात मंत्र संवाददाता):** उपायुक्त पाकुड़ के निर्देशानुसार पाकुड़िया प्रखंड विकास पदाधिकारी सोमनाथ बनर्जी ने सोमवार को बसंतपुर एवं गणपुरा पंचायत के ग्रामीण क्षेत्रों में पहुंचकर मनरेगा अंतर्गत बिरसा हरित ग्राम योजना के तहत वृक्षारोपण को लेकर लोग जोड़े गड्ढा खोदे कार्य का निरीक्षण कर आवश्यक दिशा निर्देश दिया।इस दौरान बीडीओ ने बसंतपुर पंचायत के श्रीधरपाड़ा गांव बिरसा हरित ग्राम योजना अंतर्गत वृक्षारोपण को लेकर लाभुक सोदाय मंडल एवं गणपुरा पंचायत के धोबना गांव के लाभुक मंजूर आलम के कार्य स्थल का निरीक्षण किया और प्राक्कलन के अनुरूप अविलंब पूरा करने एवं पीट डिगिंग का कार्य में तेजी लाने का निर्देश सहायक अभियंता रोहित गुप्ता को दिया।बीडीओ ने बताया कि यह योजना बहुत ही उपयोगी तथा इसमें लाभुकों को आजीविका के साथ-साथ रोजगार भी मिलेगा।मौके पर बीपीओ जगदीश पंडित, सहायक अभियंता रोहित गुप्ता ,कनिय अभियंता लालू रविदास,संबंधित पंचायत के मुखिया ,पंचायत सचिव,रोजगार सेवक एवं लाभुक मौजूद थे।

### मांडर व चान्हो प्रखंड के 322 आंगनबाड़ी सेविकाओं के बीच स्मार्ट फोन का वितरण

# मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने कहा ये तौहफा नहीं, सेविकाओं की जरुरत है

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मांडर :** झारखंड के आंगनबाड़ी केंद्र में काम कर रही सेविकाओं तक सरकार का स्मार्ट फोन पहुंचने लगा है . मांडर प्रखंड कार्यालय में सोमवार को राज्य की कृषि , पशुपालन एवं सहकारिता मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने 322 स्मार्ट फोन का वितरण आंगनबाड़ी सेविकाओं के बीच किया . इसमें मांडर प्रखंड की 167 और चान्हो प्रखंड की 155 सेविकाओं के नाम शामिल है . इस मौके पर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कृषि , पशुपालन एवं सहकारिता मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने कहा कि स्मार्ट फोन सरकार की तरफ से कोई तौहफा नहीं , बल्कि आंगनबाड़ी सेविकाओं की जरूरत है . इस स्मार्ट फोन के माध्यम से वो महिला , बाल विकास एवं समाज कल्याण विभाग से जुड़ी योजनाओं को समय रहते धरातल पर उतार पाएंगी . चाहे वो पोषण ट्रैकिंग से जुड़ा काम हो या मुख्यमंत्री कन्यादान योजना से जुड़ा निबंधन . अब वो स्मार्ट फोन की मदद से लाभुकों को





इसका लाभ आसानी से दिला पाएगी . मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने कहा कि चाहे वो किसी भी तरह की परिस्थिति हो , आंगनबाड़ी सेविकाओं के चेहरे पर हमेशा खुशी देखने को मिलती है . जबकि केंद्र सरकार की उपेक्षा की वजह से 13 माह से केंद्र की तरफ से मिलने वाली राशि उन्हें नहीं मिल पा रही है .

झारखंड सरकार को केंद्र की तरफ से अलग द्व अलग योजना के मद में मिलने वाली राशि में 5 हजार करोड़ की कटौती की गई है . ये अच्छा संकेत नहीं है . हेमंत सोरेन की अगुवाई वाली गठबंधन सरकार आंगनबाड़ी सेविकाओं की बेहतरी के लिए हमेशा से प्रयारत रही है और आगे भी उनके लिए काम करती रहेगी . उन्होंने कहा कि राज्य में जर्जर आंगनबाड़ी केंद्र की जगह पर नये आंगनबाड़ी केंद्र का निर्माण होना है।इसके लिए जल्द से जल्द सूची तैयार करने की जरूरत है। मांडर प्रखंड कार्यालय परिसर में अंचल अधिकारी चंचला कुमारी , छ्ङ्क्ष सुजाता कुमारी , कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष मांगा उरांव, जमिल मल्लिक, सेराफिना मिंज , सरिता तिग्गा, नसीम अंसारी , शमशुल शेख, हाजी फारुख सहित अन्य मौजूद थे।

## होटल में लगा आग, हजारों की सामान जल कर हुआ राख

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**ओरमांझी :** सिकिदिरी थाना से महज चार सौ मीटर की दूरी में स्थित विधवा गीता देवी की झोपड़ी नुमा होटल में रविवार की देर रात अचानक आग लगने से होटल में रखे हजारों रुपए की सामान जल कर पूरी तरह से राख हो गई।पूरा होटल मलबे में बदल गया।आग की लपेटें इतनी तेज थी कि सामने का पेड़ भी झुलस गया।इस संबंध में गीता देवी ने बताया कि रोज की तरह साढ़े ग्यारह बजे होटल बंद कर वे घर चली गई और सो गई।इसी दौरान रात के लगभग साढ़े बारह बजे बगल के ही एक होटल मालिक कुलदीप मुंडा मेरे घर पहुंचा और मुझे होटल में आग लगने की जानकारी दी।आनन-फानन में मैं अपनी होटल पहुंची।पहुंचने के बाद देखा कि होटल पूरी तरह जल कर राख हो चुकी थी।होटल पूरी तरह से मलबे में बदल गया था।घटना की सूचना पर सिकिदिरी थाना की पुलिस मौके पर पहुंची और आग लगने की कारणों की जांच की।होटल में आग कैसे लगी इसकी ठोस जानकारी पुलिस को नहीं चल पाई।गीता देवी के अनुसार होटल में आग लगने से दो लाख पच्चास हजार रुपए का नुकसान हुआ है।बताया कि पति धनेशवर यादव की मौत के बाद लोन लेकर होटल चला रही थी।गीता देवी ने किसी साजिश का हिस्सा बताया है।पुलिस ने पूरे मामले की जांच कर आगे की कार्रवाई करने का भरोसा दिलाया है।इधर,सूचना पर विधायक प्रतिनिधि अजगुत करमाली घटनास्थल पहुंच कर नुकसान का जायजा लिया और पीड़िता को विधायक और अपनी ओर से हर संभव मदद करने का भरोसा दिलाया।

## डालसा और खलारी पुलिस के सहयोग से भटकती महिला को आश्रय दिलाया गया

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**खलारी :** खलारी थाना क्षेत्र के धमधमियाँ कॉलोनी में पिछले दो दिनों से लावारिस स्थिति में भटक रही एक अज्ञात महिला को खलारी पुलिस एवं स्थानीय लोगों की मदद से डालसा के मुन्नु शर्मा ने बेहतर संरक्षण के लिए बिजुपड़ा के माहेर आश्रम में शेल्टर दिलाया है। डालसा राँची चाइल्ड प्रोटेक्शन के मुन्नु शर्मा ने बताया कि दो दोनों तक धमधमियाँ के सामाजिक कार्यकर्ता शशि उराँव के द्वारा अपने घर में उक्त महिला को शरण दिया गया था। जिसकी सुचना उन्हे दी गई थी। इसके बाद खलारी थाना प्रभारी इंस्पैक्टर जयदीप टोप्पो की पहल पर तत्काल वाहन उपलब्ध करा कर डालसा राँची के सहयोग से महिला को बेहतर संरक्षण के लिए बिजुपड़ा के माहेर आश्रम में शेल्टर दिलाया गया। मुन्नू शर्मा ने बताया कि



माननीय सचिव महोदय डालसा राँची का निर्देशा प्राप्त होते ही संज्ञान लेते हुए महिला के हित में यह कार्य किया गया है। इसके पूर्व में भी कई असहाय मानसिक रूप से बीमार महिलाओं को डालसा का सहारा मिलाता रहा है। ज्ञात हो कि पांच दिन पूर्व यह महिला भटकते हुए खालरी के.डी के अंबेडकर चौक पहुँच गई थी। वहाँ भी 2 दिनों तक महिला को रात्रि आश्रय भोजन की व्यवस्था के.डी के समाजसेवी लोगों के द्वारा किया गया था। लेकिन महिला अचानक फिर कहीं निकल गई थी। काफी खोजबीन के बाद कुछ पता नही चल सका था। लेकिन यह भटकती हुई धमधमियाँ पहुँच गई थी। उन्होने कहा कि मानसिक अस्वस्थता के कारण लोग खुद की पहचान भूल कर अपनों से दूर होते हुए भटक कर कहीं न कही बेहाल स्थितियों में यहाँ वहाँ चले जाते है। पहले की तूलना में मानसिक रोगियों की सँख्या बढ़ती जा रही है। इनकी देखभाल ही इलाज की अच्छी दवा होती है। मुन्नु शर्मा ने कहा कि अज्ञात महिला की मदद के लिए खलारी पुलिस एवं खलारी के.डी के रंजन सिंह बिटटू, अजय सिंह बबलू, मोनू सिंह, धीरज बहादुर, वरुण यादव धमधमियाँ के शशि उराँव की सरहानीय भूमिका रही।

# नेशनल साइंस ओलिंपियाड परीक्षा में संत माईकल+2 स्कूल मूरी के बच्चो का उम्दा प्रदर्शन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मुरी :** साइंस ओलिंपियाड फाउन्डेशन के द्वारा आयोजित नेशनल साइंस ओलिंपियाड परीक्षा में संत माईकल+2 स्कूल, मूरी के 32 बच्चो ने स्वर्ण पदक लाकर स्कूल का गौरव बढ़ाया। जिसमे कक्षा प्रथम से बारहवी तक के बच्चो ने भाग लिया था । विद्यालय प्रांगण में आज सभी विजेता बच्चो को स्वर्ण पदक एवम् प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। मौके पर स्कूल के निर्देशक श्री राकेश कुमार ने सभी विजेता प्रतिभागियों को बधाई देते




हुए कहा कि इस तरह के परीक्षा छात्र छात्राओ के स्वर्णिम विकास में सहायक होते हैं। उन्हें खुद को बेहतर साबित करने का मौका भी मिलता है। स्कूल के प्रधानाचार्य श्री सी. एल. प्रजापति ने कहे की जितना अधिक आप प्रतियोगिता परीक्षा में भाग लेंगे, उतनी ही अधिक आप अपने छिपी प्रतिभा को निखारेगे और आपको अधिक सफलता मिलेगी । स्कूल के प्रबंधक डॉ. रूपेश कुमार ने खुशी जाहिर करते हुए सभी विजेताओं को बधाई एवं उनके उज्वल भविष्य की लिए शुभकामनाएं भी दिए एवम् सभी शिक्षकों को धन्यवाद दिए।मौके पर विद्यालय के शिक्षक शिक्षिकाए अजय चिक बराईक, वंदना कुमारी, मनीषा सिंह, जयंत कुमार, सीमा झा, संजुक्ता सिंह देव, आस्था साहू, डौली कुमारी, प्रीति नंदा, प्रतिमा कुमारी,मंजू कुमारी एवम् सभी छात्र छात्राएं उपस्थित थे।

## आदर्श उच्च विद्यालय शांति नगर में नए सत्र 2025-26 का हुआ शुभारंभ

**खलारी(प्रभात मंत्र संवाददाता):** आदर्श उच्च विद्यालय शांति नगर खलारी में नए सत्र 2025-26 का शुभारंभ हुआ. विद्यालय पहुंचे सभी नए एवं पुराने अध्यनरत छात्र-छात्राओं का विद्यालय प्रबंधन द्वारा स्वागत किया गया.साथ ही सभी छात्रों को नए सत्र के लिए विद्यालय द्वारा मोटो दिया गया. छात्रों से कहा गया कि जितना पढ़ोगे उतना सीखोगे और उतना ही आगे बढ़ोगे. वहीं नए सत्र में नई शिक्षा नीति के अनुसार बदलाव भी किया जाएगा. जिससे छात्र-छात्राओं के भविष्य निर्माण में सहयोग मिलेगा. बताया गया कि नर्सरी के बच्चों को डिजिटल क्लासेस की व्यवस्था को और बेहतर किया जाएगा. मौके पर विद्यालय प्रधानाध्यापक फादर ऑस्कर टोप्पो ने छात्र-छात्राओं के साथ शिक्षक-शिक्षिकाओं का भी स्वागत करते हुए कहा कि विद्यालय के विकास एवं छात्र-छात्राओं




के विकास के लिए आपसी सहभागिता और समन्वय नीति के साथ नई शिक्षा नीति के आधार पर कार्य करने की आवश्यकता है ताकि विद्यालय में पढ़ने वाले खलारी कोयलांचल के बच्चे एक बेहतर शिक्षा को प्राप्त कर सके. विद्यालय के प्रबंधक फादर हिलारियुस तिग्गा ने कहा विकसित राष्ट के विकास की राह के लिए शिक्षा अति आवश्यक है. उन्होने नए सत्र के लिए सभी छात्र-छात्राओं एवं शिक्षकों व विद्यालय स्टॉफ को शुभकामनाएं दी.

## राम नवमी को लेकर करकट्टा के राम भक्तों द्वारा निकाली गयी झांकी को सराहा

**खलारी (प्रभात मंत्र संवाददाता):** मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान राम के जन्मोत्सव रामनवमी को लेकर करकट्टा के राम भक्तों द्वारा निकाली गयी झांकी को सराहा गया। करकट्टा महावीर चौक में सभी राम भक्त गाजे-बाजे से लैस इकट्ठा हुए। जहां जय श्री राम का जयघोष करते हुए महावीरी झंडा के साथ भक्ती गीतों पर थिरकते व भगवान श्रीराम जयकारा लगाते हुए झांकी श्री जानकी रमन मंदिर खलारी पहुंची। वहां खलारी जानकी मंदिर कमेटी द्वारा करकट्टा के अखाड़ा को सराहना करते हुए तलबार भेंट किया गया। वहीं पहाड़ी मंदिर में झंडा को मिलान कार्यक्रम के बाद एक और तलवार भेंट किया गया। कार्यक्रम सम्पन्न के बाद वापस करकट्टा के राम भक्त करकट्टा बस्ती देवी मंडप पहुंची। जहां भगवान श्रीराम के जन्मोत्सव पर थिरकते हुए खूब आतिशबाजी की। इस मौके पर गौरव सिंह, सन्नी सिंह, अनमोल सिंह, किशन कुमार, अमित कुमार, रितेश साहू, दीप्तम कर, हर्ष प्रजापति, कृष कुमार, मितेश सिंह, सुधीर सिंह, अशोक सिंह, महेंद्र सिन्हा, प्रणव सिंह, संजीव सिंह, अरुण सिंह, उपेन्द्र सिंह, लोकेश सिंह, राजन कुमार, यश कुमार, उत्कर्ष सिंह, रितु सिंह, नवेंद्र साहू, आयुष सिन्हा, निशांत सिंह, ऋषभ कुमार, बिकेश सिंह, सुरज गंझू, प्रदीप पांडेय, हर्ष पांडेय उपस्थित थे।



## जिले में धूमधाम से मनाया गया रामनवमी, निकाली गई भव्य शोभायात्रा

**पाकुड़ (प्रभात मंत्र संवाददाता):** जिले में रविवार को भगवान श्रीराम का जन्मोत्सव रामनवमी धूमधाम से मनाया गया। इस खास अवसर पर शहर में परंपरागत तरीके से भव्य शोभायात्रा निकाली गई। जिसमें हजारों की संख्या राम भक्त शामिल हुए। भक्तों ने जय श्रीराम के जयघोष करते हुए शहर का भ्रमण किया। इस दौरान माहौल भक्तिमय हो गया। पूरा शहर जय श्रीराम के जयघोष से गूंज उठा। इस अवसर पर अखाड़ा जुलूस में युवाओं की टोली पारंपरिक अस्त्र-शस्त्र के साथ शामिल हुए। अखाड़ा में शामिल युवाओं ने पारंपरिक हथियार से हैरतअंगेज करतब दिखाया। अखाड़ा जुलूस में शामिल युवाओं की टोली पूरे शहर में जगह-जगह पर अपना करतब दिखाया। शहर के चौक चौराहों पर पारंपरिक हथियार और लाठी भांजने की कला से सबको हैरत में डाल दिया। इससे पूर्व सुबह से ही मंदिरों में श्रद्धालुओं ने पूजा अर्चना की। मंदिरों में पहुंचकर श्रद्धालुओं ने भगवान का आशीर्वाद लिया। अहले सुबह से ही श्रद्धालुओं का मंदिरों में पहुंचना शुरू हो गया था। इसके बाद श्रद्धालुओं की मौजूदगी बढ़ती गई। पूरी श्रद्धा के साथ श्रद्धालुओं ने पूजा-अर्चना कर आशीर्वाद प्राप्त किया। इधर हरिणडांगा बाजार स्थित दूधनाथ मंदिर में धर्म जागरण पाकुड़ परिवार की ओर से सुंदरकांड का पाठ किया गया। इसकी जानकारी धर्म जागरण के सचिव विश्वनाथ भगत ने दी। उन्होंने बताया कि गांधी चौक के पास स्थित दूधनाथ मंदिर में सुंदरकांड पाठ किया गया। इधर रामनवमी को लेकर प्रशासन पूरी तरह एलर्ट रही। उपायुक्त मनीष कुमार और एसपी प्रभात कुमार स्वयं एलर्ट मोड में रहे। नियंत्रण कक्ष से भी लगातार अपडेट ले रहे थे। प्रशासन की ओर से विधि-व्यवस्था को लेकर पुख्ता इंतजाम किए गए थे। किसी भी तरह की संभावित अप्रिय घटनाओं को लेकर एलर्ट थी। शांतिपूर्ण माहौल में भाईचारे के साथ रामनवमी मनाने में प्रशासन अपनी टीम के साथ सुझबुझ के साथ काम किया। पुलिस की टीम शोभायात्रा के साथ चल रही थी। मजिस्ट्रेट को भी तैनात किया गया था। प्रशासन की सक्रियता और सुझबुझ से पाकुड़ जिले में एक और धार्मिक आयोजन शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न हुआ।

## महेशपुर में धूमधाम से निकाली गई रामनवमी जुलुस

**महेशपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड मुख्यालय स्थित बूढ़ा बाबा शिव मंदिर परिसर से सोमवार को गाजे-बाजे के साथ धूमधाम से रामनवमी शोभायात्रा निकाली गई। इस दौरान पूरे प्रखंड मुख्यालय जय श्रीराम और हर-हर महादेव के नारों से गुंजायमान होता रहा।तेज धूप और गर्मी में भी राम भक्तों का हुजूम उमड़ पड़ी थी. शोभा यात्रा का संचालन महेशपुर अखाड़ा समिति के द्वारा किया गया। जिसका हजारों की संख्या में राम भक्त मंदिर परिसर में एकत्रित हुए जहां पुरोहित के द्वारा सर्वप्रथम शस्त्र पूजन किया गया। उसके बाद शोभा यात्रा मंदिर परिसर से निकलकर हटियापाड़ा, दत्तापड़ा, बाजारपाड़ा, तिवारीपाड़ा, ग्वालपाड़ा होते हुए बाबूपुर बजरंगबली मंदिर परिसर पहुंचा वहां से पुनः ग्वालपाड़ा शिव मंदिर होते हुए अंबेडकर चौक पहुंचा। जहां महेशपुर जुम्मा मस्जिद कमेटी के ओर से राम भक्तों के बीच ठंडा एवं पानी बोतल का वितरण किया गया। वहां से शोभा यात्रा मुस्लिमपाड़ा होते हुए भगत सिंह चौक पहुंचा। इस दौरान अखाड़ा समिति के द्वारा तलवार,लाठी से हैरतंगेज करतब का प्रदर्शन किया गया। शोभायात्रा में शामिल झांकी में श्री राम,सीता, लक्ष्मण एवं हनुमान भक्तों के आकर्षण का केंद्र बना हुआ था। शोभा यात्रा के दौरान सुरक्षा व्यवस्था चौकस दिखा।एसडीपीओ विजय कुमार, बीडीओ सिद्धार्थ शंकर यादव, सीओ संजय कुमार सिंहा, अंचल निरीक्षक उपेंद्र यादव, बीपीआरओ प्रसनजीत मंडल, थाना प्रभारी विकर्ण कुमार, प्रखंड सहकारिता पदाधिकारी नौरिक रविदास, एएसआइ दिनेश प्रसाद, कुबेर प्रसाद चौधर के अलावे अन्य अधिकारी शोभायात्रा के साथ-साथ चल रहे थे। साथ ही सुरक्षा व्यवस्था को लेकर हर चौक-चौराहे पर बड़ी संख्या में महिला पुलिस एवं जवानों की तैनाती की गई थी। वही जुलूस को लेकर प्रशासन के तरफ से ड्रोन कैमरे के माध्यम से जुलूस पर निगरानी की जा रही थी। सार्वजनिक आनंदमयी काली पूजा समिति के तरफ से राम भक्तों के बीच पानी एवं शरबत का वितरण किया गया। इस दौरान मंदिर समिति के लोगों ने राम भक्तों के बीच पहुंचकर उन लोगों का प्यास बुझाया। शोभा यात्रा मुस्लिमपाड़ा घुसने से पूर्व अंबेडकर चौक पर महेशपुर जामा मस्जिद कमेटी के तरफ से एक स्टॉल लगाया गया। जिसमें बोतल में पानी के अलावा कोल्ड ड्रिंक की व्यवस्था की गई थी। जुलूस में शामिल राम भक्तों को बोतल में पानी और ठंडा देकर लोगों का प्यास बुझाने का काम किया गया।

## सदर अस्पताल में मनाया गया विश्व स्वास्थ्य दिवस, हेल्दी रहने का दिया टिप्स

**पाकुड़(प्रभात मंत्र संवाददाता):** झालसा रांची के निर्देशानुसार जिला विधिक सेवा प्राधिकार के तत्वाधान में प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकार पाकुड़ शेष नाथ सिंह के निर्देश पर सचिव अजय कुमार गुड़िया, सिविल सर्जन डॉ मंटु कुमार टेकरीवाल, डॉ मनीष कुमार के उपस्थिति में पाकुड़ सदर अस्पताल सोनाजोड़ी में विश्व स्वास्थ्य दिवस कार्यक्रम मनाया गया। उक्त कार्यक्रम की शुरुआत करते हुए सिविल सर्जन डॉ मंटु कुमार टेकरीवाल ने उपस्थित लोगों की बताया कि वर्ष 1948 से विश्व स्वास्थ्य दिवस मनाया जा रहा है इस कार्यक्रम के उद्देश्य यह है कि लोग स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रहे। सभी बीमारी की जड़ गंदगी है नाले का गंदे पानी जैसे जगहों पर मच्छर पनपते है और इससे कई प्रकार के बीमारी लोग को अपने चपेट में ले लेता है इसलिए आस पास साफ सुथरा रखे और खुद को साफ रखे, ताजा खाना का सेवन करे, समय समय पर शरीर का स्वास्थ्य जांच कराए। ठेले का सामान खाने से बचे रोजाना कुछ समय निकालकर व्यायाम करें। समेत कई महत्वपूर्ण जानकारी दी। वहीं सचिव अजय कुमार गुड़िया ने बताया कि जब हम खुद को स्वस्थ रखते हैं, तभी हम एक स्वस्थ समाज और राष्ट्र का निर्माण कर सकते हैं। समय समय पर अपना स्वास्थ्य जांच अवश्य कराए। स्वच्छता का पालन करें। और बीमार होने पर चिकित्सक के पास जाय न कि झाड़ फूंक के पास। सरकारी अस्पतालों में कई प्रकार के सुविधाऐं हैं । अपने स्वास्थ्य का ख्याल रखें। समेत कई महत्वपूर्ण जानकारी साझा की गई। डॉ मनीष कुमार ने बताया कि इस बार थीम %स्वस्थ शुरूआत, आशाजनक भविष्य% रखी गई है। यह मुख्य रूप से मां और नवजात बच्चों की सेहत और सुरक्षा पर ध्यान देता है। कोई भी बीमारी का शुरुआत में यदि ध्यान देकर उपचार करा लेते है तो आगे चलकर बीमारीयों से अपने आप को बचा सकते हैं। इस कार्यक्रम का मकसद खुद स्वास्थ्य रहे और दूसरों को भी स्वास्थ्य रखने हेतु जागरूक करें। आज जागरूकता और नियमित टीकाकरण से कई बीमारी आज खत्म हो गया है। पल्स पोलियों इसका एक उदाहरण है। इसलिए बच्चों को नियमित टीकाकरण कराए और स्वास्थ्य शुरुआत और आशाजनक भविष्य के इस थीम को सफल बनाए। इस मौके पर पीएलवी कमला राय गांगुली उत्पल मंडल नीरज कुमार राउत समेत अस्पताल कर्मी, दूर दराज से आए लोग मौजूद थे।

## सैमसंग ने भारत में गैलेक्सी टैब एस10 एफई सीरीज लॉन्च की

**रांची(प्रभात मंत्र संवाददाता):** भारत के प्रमुख कंज्यूमर इलेक्ट्रॉनिक्स ब्रांड सैमसंग ने आज गैलेक्सी टैब एस10 एफई और गैलेक्सी टैब एस10 एफई. लॉन्च करने की घोषणा की। ये टैबलेट्स प्रीमियम डिजाइन और गैलेक्सी इकोसिस्टम के शानदार अनुभव के साथ आते हैं। खासतौर पर गैलेक्सी टैब एस10 एफई. में अब तक की सबसे बड़ी स्क्रीन और पतले बेज़ल दिए गए हैं, जो यूजर्स को बेहतरीन और इमर्सिव व्यूइंग एक्सपीरियंस देते हैं। इन टैबलेट्स में सैमसंग ने पहली बार गैलेक्सी एआई तकनीक को जोड़ा है, जिससे यूजर्स की क्रिएटिविटी और प्रोडक्टिविटी में और भी बढ़ोतरी होगी। यह डिवाइस मनोरंजन, पढ़ाई और रोजमर्रा के कामों के लिए उपयुक्त है। स्लिम और पोर्टेबल डिज़ाइन के कारण इन्हें कहीं भी आसानी से इस्तेमाल किया जा सकता है। इस संबंध में सैमसंग इंडिया के वाइस प्रेसिडेंट (एमएक्स बिजनेस) आदित्य बब्बर ने कहा कि ये टैबलेट्स वर्ल्ड-क्लास इनोवेशन को और अधिक लोगों तक पहुंचाएंगे। साथ ही, सैमसंग नॉक्स सिक्योरिटी प्लेटफॉर्म के साथ यह सीरीज मल्टी-लेयर सुरक्षा प्रदान करती है।




## रामनवमी पर सरायकेला में निकला भव्य अखाड़ा जुलूस, हैरतअंगेज करतबों ने किया मंत्रमुग्ध

**सरायकेला(प्रभात मंत्र संवाददाता):** रामनवमी के अवसर पर सोमवार को सरायकेला जिला मुख्यालय में श्रद्धा और उत्साह से परिपूर्ण माहौल देखने को मिला। नगर क्षेत्र में दो प्रमुख अखाड़ों श्री श्री बजरंगबली अखाड़ा नोरीडीह नीचे टोला और श्री श्री बजरंगबली अखाड़ा थाना चौक की ओर से भव्य जुलूस यात्रा निकाली गई।यह जुलूस नगर के प्रमुख मार्गों से होता हुआ पुराना बस स्टैंड चौक स्थित प्राचीन बजरंगबली मंदिर पहुंचा। जुलूस में आकर्षक झांकियों और पारंपरिक वेशभूषा में सजे कलाकारों के अलावा अखाड़ा के खिलाड़ियों द्वारा प्रस्तुत हैरतअंगेज करतब लोगों के लिए आकर्षण का केंद्र रहे।जुलूस का नेतृत्व अखाड़ा के अध्यक्ष छोटेलाल साहू ने किया, वहीं आयोजन में भोला महांती, मनोज चौधरी, बिजु दत्ता, सौरव साहू, नागेश साहू, हेमंत सिंह, विकास प्रजापति, नागू साहू, उमेश भोल, निहित साहू, सुमित चौधरी, लिपू मोहंती समेत दर्जनों सदस्य शामिल हुए।



## रामनवमी पर बजरंग समिति कदमा का हजारों श्रद्धालुओं के बीच भोग वितरण

**जमशेदपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** टिस्टा रोड, कदमा स्थित बजरंग समिति द्वारा रामनवमी के अवसर पर आयोजित भव्य विसर्जन जुलूस में पिछले 15 वर्षों से निभाई जा रही परंपरा को इस वर्ष भी पूरी श्रद्धा और सेवा भाव से निभाया गया। समिति द्वारा इस वर्ष लगभग 5 हजार से अधिक श्रद्धालुओं के बीच भोग, सब्जी एवं खीर का वितरण किया गया।इस सेवा कार्य में समिति के सदस्यों ने अपनी सक्रिय भूमिका निभाई। मुख्य रूप से सुमित महापात्रा, विकास सहाय, अर्जुन सिंह, पित्तु, प्रितपाल सिंह, रमेश महाकुड़, मिलाप सिंह, आतिश मिश्रा, ललाट मोहंती, सुजीत, चंदन, जे डी, सोरेन, सर्वोजीत एवं हरीश सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे और आयोजन को सफल बनाने में महत्वपूर्ण योगदान दिया।



## साकची हनुमान मंदिर कमिटी ने चना-गुड़ व शरबत का किया वितरण

**जमशेदपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** रामनवमी का विसर्जन जुलूस के शुभ अवसर पर सोमवार की शाम श्री श्री हनुमान मंदिर कमिटी साकची शहीद चौक द्वारा मंदिर परिसर के समीप विसर्जन में आए राम भक्तों के बीच में चना गुड़ शर्बत एवं जल का वितरण किया गया। साथ ही अखाड़ा अध्यक्षों को अंग वस्त्र एवं पगड़ी पहनाकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर मुख्य रूप से मंदिर कमेटी के अध्यक्ष सुरेंद्र शर्मा, उपाध्यक्ष राकेश साहू, महामंत्री कमलेश शर्मा, कोषाध्यक्ष अजीत शर्मा, मुकेश सिंह, लुलु दास प्रभात कुमार प्रमोद सिन्हा, विनोद राम, बंटी कुमार बसंत मिश्रा संतोष मिश्रा करन शर्मा सिंह सहित अन्य राम भक्त मौजूद थे।



## रामनवमी पर निकला भव्य जुलूस, अजय साहू ने दी शुभकामनाएं

**ईचागढ(प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड के टीकर गांव में महावीर मंदिर पूजा समिति द्वारा रामनवमी पर भव्य झंडा जुलूस निकाला गया जिसमें समाजसेवी अजय कुमार साहू भी शामिल हुए। जुलूस में युवाओं ने अस्त्र-शस्त्र का प्रदर्शन कर जय श्रीराम के जयकारों से माहौल भक्तिमय कर दिया। श्री साहू ने कहा, रामनवमी शौर्य और पराक्रम का प्रतीक है। उन्होंने सभी को शुभकामनाएं दीं और क्षेत्र की खुशहाली की कामना की। मौके पर पुलिस प्रशासन भी मुस्तैद रहा।



# जमशेदपुर में रामनवमी विसर्जन जुलूस में प्रशासन रहा मुस्तैद





**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** रामनवमी विसर्जन जुलूस को शांतिपूर्ण और व्यवस्थित रूप से सम्पन्न कराने को लेकर जिला प्रशासन पूरी तरह से सतर्क रहा। सोमवार को कोल्हान प्रमंडल के डीआईजी मनोज रतन चौथे, जिला दण्डाधिकारी सह उपायुक्त अनन्य मित्तल एवं वरीय पुलिस अधीक्षक किशोर कौशल ने शहर के विभिन्न जुलूस मार्गों का बाइक से निरीक्षण किया।निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने जुलूस मार्गों की सुरक्षा व्यवस्था, ट्रैफिक नियंत्रण, संवेदनशील क्षेत्रों की स्थिति तथा भीड़ नियंत्रण के उपायों का बारीकी से जायजा लिया। इस दौरान अधिकारियों ने संबंधित पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए, ताकि जुलूस के दौरान किसी प्रकार की अव्यवस्था उत्पन्न न हो।प्रशासन द्वारा सीसीआर (कंट्रोल रूम) के माध्यम से पूरे जुलूस की पल-पल की गतिविधियों पर नजर रखी जा रही थी। जगह-जगह पर पुलिस बल की तैनाती, ड्रोन कैमरे से निगरानी तथा सादे लिबास में पुलिस कर्मियों की मौजूदगी से सुरक्षा व्यवस्था को चाक-चौबंद बनाया गया था।रामनवमी विसर्जन जुलूस उत्साह और श्रद्धा के साथ नदी घाट में देर रात विसर्जित होते रहें। श्रद्धालुओं के चेहरों पर आस्था की झलक साफ नजर आई। प्रशासन और पुलिस की सजगता से जुलूस पूरी तरह से शांतिपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ।

## साकची में मायुमं स्टील सिटी ने लगाया सेवा शिविर



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** सोमवार को रामनवमी दशमी विसर्जन झंडा जुलूस के दौरान मारवाड़ी युवा मंच, स्टील सिटी शाखा द्वारा साकची बड़ा गोलचक्कर के पास सेवा शिविर लगाकर आम लोगों के बीच तरबूज एवं शीतल रासना शरबत का वितरण किया गया। इस सेवा कार्यक्रम का उद्देश्य गर्मी में आम लोगों को ताजगी प्रदान करना और रामनवमी के शुभ दिन को सेवा के रूप में मनाना था। यह कार्यक्रम मंच के अध्यक्ष अनंत मोहनका एवं सचिव कौशिक चौधरी के संयुक्त नेतृत्व में आयोजित हुआ। कार्यक्रम के संयोजक रमेश अग्रवाल थे। इसे सफल बनाने में अंकुर मोदी, संदीप अग्रवाल, मनीष अग्रवाल, निलय अग्रवाल, मनीष चौधरी, आनंद अग्रवाल, पंकज मूनका, अजय चेतानी आदि का योगदान रहा।

## स्वास्थ्य दिवस पर वैध मनीष डूड़िया सम्मानित




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** विश्व स्वास्थ्य दिवस के दिन सोमवार को आईएचएमओ जिला अध्यक्ष सह कैंप कोऑर्डिनेटर एसआरके कमलेश की ओर से कालीमाटी रोड स्थित देवदूत पैलेस के समीप आयुर्वेद विशेषज्ञ गोल्ड मेडलिस्ट वैध मनीष डूड़िया को आयुर्वेद के क्षेत्र में 2024 में उत्कृष्ट कार्य करने पर अंगवस्त्र व पुष्प गुच्छ देकर सम्मानित किया गया । मौके पर संतोष , उमेश तिवारी सहित व अन्य उपस्थित थे।

## विश्व स्वास्थ्य दिवस पर विधिक सेवा समिति ने किया डोर टू डोर कार्यक्रम




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**ईचागढ़ :** सरायकेला-खरसावां जिला के ईचागढ़ प्रखंड क्षेत्र के लेपाटांड़ गांव में सोमवार को नालसा एवं झालसा रांची के निर्देशानुसार जिला विधिक सेवा प्राधिकार सरायकेला खरसावां एवं अनुमंडलीय विधिक सेवा समिति चांडिल के तत्वावधान में डोर टू डोर कार्यक्रम के तहत विश्व स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर ग्रामीणों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक किया गया। जिसमें घर-घर घूमकर ग्रामीणों को स्वास्थ्य केंद्र में चलाए जा रहे सरकारी योजनाओं के संबंध में जानकारी दी गई। अपने स्वास्थ्य को समय-समय पर सरकारी अस्पतालों में किए जा रहे शिविरों में जांच व उपचार कराने, साफ सफाई, कचड़ा प्रबंधन, जल जमाव आदि के प्रति जागरूक किया गया। पीएलवी कार्तिक गोप ने कहा कि स्वास्थ्य ही सबसे बड़ा धन है। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहने और समय पर उपचार कराने की जरूरत है। उन्होंने ग्रामीणों को सरकार की ओर से चलाए जा रहे स्वास्थ्य जांच, टीकाकरण, आयरन गोली आदि के संबंध में जानकारी भी दिया। उन्होंने टोल फ्री नंबर 15100 तथा 1098 के संबंध में जानकारी दी और किसी भी समस्या होने पर निश्चित रूप से सूचित करने का आग्रह लोगों से किया। उन्होंने विभिन्न योजनाओं का ग्रामीणों से आवेदन भी लिया। मौके पर कमला उरांव ,रवन उरांव भगलु लोहरा आदि सैकड़ों ग्रामीण उपस्थित थे।

## नूतनडीह स्कूल के दो विद्यार्थी एकलव्य विद्यालय प्रवेश परीक्षा में सफल




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पटमदा :** बोड़ाम प्रखंड की लायलम पंचायत अंतर्गत प्राथमिक विद्यालय नूतनडीह के दो विद्यार्थी पार्वती उरांव और करण उरांव को एकलव्य आवासीय विद्यालय प्रवेश परीक्षा में सफलता मिली है। पार्वती उरांव का चयन एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालय, लोटा (सोनुवा) और करण उरांव का एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालय सुरनिया (टोंटो) में हुआ है। इस परीक्षा में सफलता मिलने पर विद्यालय के प्रभारी प्रधानाध्यापक अनुपम भुइयां और सहायक शिक्षक गणेश प्रसाद दास ने बधाई के साथ -साथ विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

## सुवर्ण वणिक समाज के सेवा केंद्र में शामिल हुए सांसद, अखाड़ा कमेटी के सदस्यों को चना गुड़ खिलाया

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** सुवर्ण वणिक समाज, निर्मल नगर शाखा द्वारा बासंती दुर्गा पूजा (रामनवमी विजयदशमी) के पावन अवसर पर सोमवार को साकची, ओल्ड पुरुलिया बस स्टैंड पर विसर्जन जुलूस में शामिल होने वाले दर्शनार्थियों के लिए चना, गुड़, शरबत, बतासा आदि सेवा केंद्र का स्टॉल लगाया गया। इस दौरान मुख्य अतिथि के रूप में सांसद विद्युत वरण महतो एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में समाज के प्रदेश अध्यक्ष संजय पोद्दार, जिला अध्यक्ष रवि माझी उपस्थित थे। शिविर के दौरान समस्त अखाड़ा कमेटी के सदस्य एवं दर्शनार्थियों को शर्बत एवं चना गुड़ का सेवन कराया गया। मौके पर निर्मल चंद्र, रविन्द्र नाथ दे, गोपाल दत्त, निर्मल नगर शाखा अध्यक्ष उज्ज्वल दास, महादेव सेन, संदीप दत्त, अश्विनी माझी, राजेश पाल, मिथुन साहू समेत काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।



### रामनवमी पर श्रद्धा और परंपरा के रंग में रंगे पूर्व मंत्री बन्ना गुप्ता, कहा

## प्रभु श्रीराम का जीवन हमें देता है सामाजिक प्रेरणा

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** रामनवमी के अवसर पर झारखंड के पूर्व स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता जमशेदपुर में उत्सव की धूम में शामिल हुए। उन्होंने शहर के विभिन्न अखाड़ा समितियों का दौरा किया, जहां पारंपरिक पगड़ी पहनाकर और तलवार भेंट कर उनका भव्य स्वागत किया गया। अखाड़ों में बजते डंका की गूंज सुनकर बन्ना गुप्ता खुद को रोक नहीं पाए और उन्होंने भी खूब डंका बजाया। इसके साथ ही उन्होंने लाठी भांजकर पारंपरिक अखाड़ा संस्कृति का आनंद लिया।मौके पर गुप्ता ने कहा, प्रभु श्रीराम का जीवन हमें सामाजिक प्रेरणा देता है। वे मर्यादा, धर्म और सेवा का प्रतीक हैं। रामनवमी का पर्व हमें उनके आदर्शों को अपनाने की प्रेरणा देता है। रामनवमी विसर्जन के अवसर पर मानगो चौक स्थित सहायता शिविर में भी उन्होंने हिस्सा लिया, जहां कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष ईश्वर सिंह, जमशेदपुर टेलर्स ट्रक ओनर्स एसोसिएशन, कुशवाहा संघ, विश्वकर्मा कल्याण समिति, रौनियार वैश्य कल्याण समिति, तैलिक मंच सहित कई संगठनों ने शिविर लगाया था। गुप्ता ने शिविर में पहुंचकर राम भक्तों की सेवा की, उनके साथ प्रसाद ग्रहण किया और सभी को रामनवमी की शुभकामनाएं दीं। आयोजकों द्वारा उन्हें पगड़ी, तलवार और अंगवस्त्र देकर सम्मानित भी किया गया।



## गुड़ाबांदा : दिन-रात ट्रैक्टरों से हो रही बालू की अवैध ढुलाई, प्रशासन मौन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गुड़ाबांदा :** गुड़ाबांदा थाना क्षेत्र स्थित स्वर्णरेखा नदी से बालू का अवैध परिवहन दिन-रात जारी है। इससे प्रतिमाह करोड़ों के राजस्व की क्षति हो रही है। सुबह से क्षेत्र में अनगिनत ट्रैक्टर बालू की अवैध ढुलाई में देखे जा सकते हैं। गुड़ाबांदा थाना क्षेत्र भालकी और फॉरेस्ट ब्लॉक पंचायत में बालू का अवैध कारोबार बेरोकटोक जारी है। फॉरेस्ट ब्लॉक पंचायत अंतर्गत मुड़ाठाकुरा बरामपहड़ी, मुड़ाकाटी धरापाड़ा, बालियापुस, रेडुआ धरापाड़ा और भालकी पंचायत के कन्यालुका स्थित घाट से बालू निकाला जा रहा है।इस कारोबार में धालभुमगढ़, डुमरिया, घाटशिला, मुसाबनी और डुमरिया थाना क्षेत्र के बालू कारोबारी भी सक्रिय हैं। बालू के खेल में लाखों रुपए कमीशन के तौर बांटी जा रही है। जिसके कारण इनपर कारवाई नहीं के बराबर की जाती हैबालू घाटों पर भी स्थानीय दबंग हावी हैं। लाखों की कमाई से कुछ हिस्सा गांव में देकर बालू घाटों पर इनका राज चलता है। प्रशासन भी इनपर कारवाई करने से बचते हैं। जिला खनन पदाधिकारियों द्वारा कभी कभार इस क्षेत्र में छापेमारी अभियान चलाया जाता है। इनसे बचने के लिए अवैध बालू कारोबारी हर चौक चौराहे से अधिकारियों के वाहनों पर नजर रखते हैं। कोई भी पदाधिकारी क्षेत्र में पहुंचे इससे पहले खबर उन तक पहुंच जाती है।



## बोड़ाम में पति ने पत्नी की हत्या कर शव को दफनाया, पुलिस ने कब्र से बरामद किया शव

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पटमदा :** बोड़ाम थाना क्षेत्र अंतर्गत पगदा गांव में एक युवक चूना सबर (32) की पत्नी मिथिला सबर (30) के साथ रविवार की सुबह नशे की हालत में विवाद हो गया। मामला इतना बढ़ गया कि उसने उसकी हत्या कर शव को शाम में अपने घर के पास जमीन में दफना दिया। इसकी सूचना मृतका मिथिला सबर की बहन के माध्यम से सोमवार को पुलिस को मिलने पर घटनास्थल पर पहुंची पुलिस ने ग्रामीणों की मदद से शव को जमीन के अंदर से निकाला और शव को पोस्टमार्टम हेतु एमजीएम मेडिकल कॉलेज भेज दिया। शव को निकालने की प्रक्रिया करीब एक घंटे बतक चली और मजिस्ट्रेट के रूप में तैनात अंचलाधिकारी रंजीत रंजन व बीडीओ किकू महतो ने इसकी वीडियोग्राफी भी कराई। मौके पर थाना प्रभारी मनोरंजन कुमार समेत अन्य पुलिस कर्मी मौजूद थे। घटना की सूचना पाकर सैकड़ों की संख्या में ग्रामीणों की भीड़ जुटी। पुलिस द्वारा इस हत्याकांड की जांच की जा रही है। बताते हैं कि उसकी पत्नी पिछले करीब 2 माह पूर्व अपनी मायके (श्रीरामपुर, पटमदा) से आई थी। पुलिस द्वारा आरोपी चूना सबर से पूछताछ कर रही है। ग्रामीणों के मुताबिक युवक हमेशा शराब के नशे में रहता था और नशे की हालत में ही अक्सर पति-पत्नी में विवाद होता था। विवाद के कारण ही मिथिला मायके चली गई थी। उसके दो पुत्र हैं, बुद्धेश्वर सबर (7) एवं सूरज सबर (5) हैं। दूसरी ओर आरोपी चूना सबर का कहना है कि उसने अपनी पत्नी की हत्या नहीं की है बल्कि उसने जहर खाकर आत्महत्या की है।



## जय श्री राम के नारे से गूंजा पटमदा, झंडा विसर्जन जुलूस में छऊ नृत्य रहा आकर्षण का केंद्र

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पटमदा :** रामनवमी का झंडा विसर्जन जुलूस सोमवार को पटमदा क्षेत्र में शाम करीब 5 बजे से निकाला गया। थाना क्षेत्र के कुलटांड़ पंचमुखी हनुमान मंदिर, रामकृष्ण मंदिर लावा, महावीर अखाड़ा ब्लॉक कॉलोनी, बेलटांड़ संकट मोचन बजरंगबली मंदिर व बाल हनुमान मंदिर बांसगढ़ से समिति के सदस्यों द्वारा शांतिपूर्ण तरीके से भव्य जुलूस निकाला गया। इस दौरान बेलटांड़ चौक में लाठी खेल व तलवार का प्रदर्शन समेत विभिन्न प्रकार के करतब दिखाए गए। जुलूस बेलटांड़ चौक यहां से बिरसा चौक होते हुए पटमदा बाजार पहुंचकर समाप्त किया गया। बांसगढ़ की टीम में शामिल लाठी पार्टी ने बेहतर प्रदर्शन किया। इस दौरान ढोल नगाड़ों और जय श्री राम के जयघोष से पूरा क्षेत्र भक्तिमय हो गया। सैकड़ों की संख्या में श्रद्धालु लाठी, तलवार के साथ जुलूस में शामिल हुए। इस दौरान बेलटांड़ बाजार से पटमदा थाना गेट तक वाहनों की लंबी कतारें लगी रही। हालांकि पुलिस जवानों ने बाईपास सड़क से वाहनों का गंतव्य तक जाने में मदद की। जुलूस में दंडाधिकारी के रूप में पटमदा सीओ डॉ. राजेंद्र कुमार दास, बीडीओ शशि नीलिमा डुंगडुंग एवं शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए पटमदा थाना के पुलिस जवान तैनात रहे। जुलूस में मुख्य रूप से महावीर महतो, पोलटू मिश्रा, सुभाष कर्मकार, दीपक महतो, प्रदीप कुमार, निर्मल महतो, मुचीराम बाउरी, रंजीत माझी, महावीर दास, सुजीत महतो, मधु महतो, अपूर्व मंडल, पुजारी जम्मू वाले बाबा, मिठू मंडल, शरत सिंह सरदार, हृदय कुंभकार, पंचानन दास, कृष्णपद सिंह आदि शामिल थे।



## सर्किट हाउस के समीप सड़क हादसे में एक की मौत, एक गंभीर रूप से घायल



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** जमशेदपुर के बिष्टुपुर थाना अंतर्गत सर्किट हाउस के समीप एक सड़क हादसे में सोनारी खूंटाडीह निवासी कालीचरण गोप की मौत हो गई है। जबकि एक युवक रोहन गंभीर रूप से घायल हो गया जिसे रिम्स रेफर किया गया है। मिली जानकारी के अनुसार मृतक कालीचरण गोप एवं रोहन सार्वजनिक अखाड़ा समिति खूंटाडीह, सोनारी का सक्रिय सदस्य था। विसर्जन के सिलसिले में मोटरसाइकिल से साकची की ओर जा रहा था। इसी दौरान सड़क हादसे का शिकार हो गया।स्थानीय लोगों ने दोनों घायलों को एमजीएम अस्पताल भिजवाया। जहां चिकित्सकों ने कालीचरण गोप को मृत घोषित कर दिया और रोहन को रिम्स ले जाया गया है। वैसे घटना कैसे घटी यह स्पष्ट नहीं हो सका है। सूचना मिलते ही परिचित एमजीएम अस्पताल पहुंचे और मृत कालीचरण को टीएम लेकर चले गए। परिचितों का दावा है कि कालीचरण जीवित है।

## बोड़ाम बासंती मंदिर में प्रेमी युगल की हुई शादी

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पटमदा :** बोड़ाम बाजार स्थित श्री श्री सार्वजनिक बासंती मंदिर में सोमवार को एक प्रेमी युगल ने दोनों परिवारों की रजामंदी से माता को साक्षी मानकर विवाह कर लिया। इस संबंध में स्थानीय लोगों ने बताया कि पश्चिम बंगाल के पुरुलिया जिला अंतर्गत फतेहपुर निवासी युवक धनंजय महतो का पिछले दो सालों से पटमदा थाना क्षेत्र अंतर्गत दिघी गांव की लड़की वेदनी महतो के साथ प्रेम प्रसंग चल रहा था। लड़की के परिजनों ने उसकी मर्जी के खिलाफ किसी दूसरे लड़के के साथ शादी तय कर दी थी और आगामी 23 अप्रैल को शादी थी। इससे नाराज वेदनी ने इसकी जानकारी अपने प्रेमी धनंजय को देते हुए हरिनाम संकीर्तन के मौके पर अपने गांव बुलाया और रविवार को जागरण रात्रि के मौके पर पहुंचे प्रेमी को अपने पास पाकर वेदनी ने उसे अपने साथ ले जाने की जिद करने लगी। इसके बाद सोमवार को दोनों बोड़ाम बाजार पहुंचे और दोनों के परिजनों की मौजूदगी में विवाह संपन्न कराया गया। मौके पर मौजूद पुरोहित स्वपन चटर्जी के समक्ष धनंजय ने वेदनी की मांग भरी और सात फेरे लिए।



विचार प्रवाह

संपादकीय

## न्यायाधीशों की संपत्ति

ऐसे वक्त में जब न्यायपालिका में अधिक पारदर्शिता की मांग सार्वजनिक विमर्श में है, सुप्रीम कोर्ट के सभी वर्तमान न्यायाधीशों के द्वारा न्यायालय की वेबसाइट पर विवरण प्रकाशित करके अपनी संपत्ति का सार्वजनिक रूप से खुलासा करने पर सहमति व्यक्त करना सुखद ही है। निश्चय ही यह एक सार्थक पहल ही कही जाएगी। दरअसल, यह कदम न्यायमूर्ति यशवंत वर्मा के आवास में लगी आग में नोटों का जखीरा जलने के समाचार प्रकाश में आने के कुछ समय बाद उठाया गया है। उल्लेखनीय है घटना के समय वे दिल्ली उच्च न्यायालय के न्यायाधीश थे। निश्चय ही इस घटनाक्रम से समाज में अच्छा संदेश नहीं गया। दरअसल, वर्तमान परिपाटी के अनुसार न्यायाधीशों के लिये निजी संपत्ति का घोषणा पत्र प्रस्तुत करना एक स्वैच्छिक परंपरा है। जिसे अनिवार्य बनाने की मांग की जाती रही है। निश्चय ही न्याय व्यवस्था की संरक्षक होने के कारण इसके स्वैच्छिक रहने पर तमाम किंतु-परंतु हो सकते हैं। जनता हमेशा से ही पंच-परमेश्वरों की स्वच्छ-धवल छवि की आकांक्षा रखती है। दरअसल, न्यायाधीशों द्वारा संपत्ति के खुलासे का मुद्दा दशकों तक सार्वजनिक विमर्श में उठता रहा है। उल्लेखनीय है कि वर्ष 1997 में, सुप्रीम कोर्ट ने एक प्रस्ताव पारित किया था, जिसके अनुसार उसके सभी न्यायाधीशों को अपनी संपत्ति और देनदारियों की घोषणा देश की शीर्ष अदालत के मुख्य न्यायाधीश के समक्ष करनी थी। इसी प्रकार उच्च न्यायालयों के न्यायाधीशों को ये विवरण उनके राज्य के मुख्य न्यायाधीशों के समक्ष पेश करने थे। यहां ये उल्लेखनीय है कि इस प्रस्ताव के साथ एक शर्त भी जुड़ी थी कि ये घोषणाएं स्वैच्छिक और गोपनीय रहेंगी। लेकिन साथ ही सार्वजनिक विमर्श में यह मुद्दा भी रहा कि जनता भी इन जानकारियों को जानने की इच्छुक रहती है। वहीं दूसरी ओर वर्ष 2005 में सूचना के अधिकार अधिनियम को एक उम्मीद की किरण के रूप में देखा गया। लेकिन सूचना के अधिकार अधिनियम के एक प्रावधान में व्यक्तिगत जानकारी सार्वजनिक करने में छूट दी गई थी। तर्क दिया गया था कि जब तक व्यापक सार्वजनिक हित में जरूरी न हो, प्रकटीकरण में छूट दी जाए। दरअसल, इन प्रावधानों से न्यायाधीशों की संपत्ति की घोषणाओं की मांग करने वाले याचिकाकर्ताओं के लिए एक अवरोध पैदा हुआ। यहां उल्लेखनीय है कि सुप्रीम कोर्ट ने 2018 में अदालती कार्यवाही की लाइव स्ट्रीमिंग की अनुमति देते हुए कहा था कि सूर्य का प्रकाश वास्तव में सबसे अच्छा कीटाणुनाशक है। इस वक्तव्य के आलोक में न्यायाधीशों को भी अपनी संपत्ति के बारे में वास्तविक जानकारी सार्वजनिक परिदृश्य में रखने में कोई संकोच नहीं होना चाहिए। अन्यथा तथ्यों की परदादारी जनमानस के मन में कतिपय संशयों को भी जन्म दे सकती है। न्यायिक परिदृश्य में पारदर्शिता उजागर करने में विधायिका की सक्रिय भूमिका भी वक्त की मांग है। यहां उल्लेख करना समीचीन होगा कि विधि एवं न्याय विभाग की संसदीय समिति ने वर्ष 2023 में न्यायाधीशों के लिये अनिवार्य रूप से संपत्ति की घोषणा की सिफारिश की थी। लेकिन इस बाबत अभी तक कोई वैधानिक नियम नहीं बनाए गए हैं। निर्वाचित प्रतिनिधियों और नौकरशाहों को अपनी संपत्ति का सार्वजनिक खुलासा करना कानूनन अनिवार्य किया जा चुका है। ऐसे में आम जनमानस में धारणा बनी रहती है कि न्यायपालिका के बाबत भी कोई व्यवस्था होनी चाहिए। यह प्रश्न न्याय व्यवस्था की विश्वसनीयता और जवाबदेही से भी जुड़ा है। यह सुखद होगा कि यदि ऐसी कोई पहल स्वयं न्यायपालिका की तरफ से होती है। न्यायपालिका हमेशा से समाज में पारदर्शिता व व्यावसायिक शुचिता की पक्षधर रही है। जनता इस कसौटी पर अपने पंच परमेश्वरों को भी खरा उतरता देखना चाहती है। निस्संदेह इस तरह के फैसले का दूरगामी प्रभाव भी होगा। इस दिशा में किसी भी पारदर्शी व्यवस्था का समाज में स्वागत ही होगा। ऐसे किसी भी कदम से उस आम आदमी के विश्वास को भी बल मिलेगा जो हर तरह के अन्याय व भ्रष्टाचार से तंग आकर उम्मीद की अंतिम किरण के रूप में न्यायालयों का रुख करता है।

> निश्चय ही यह एक सार्थक पहल ही कही जाएगी। दरअसल, यह कदम न्यायमूर्ति यशवंत वर्मा के आवास में लगी आग में नोटों का जखीरा जलने के समाचार प्रकाश में आने के कुछ समय बाद उठाया गया है। उल्लेखनीय है घटना के समय वे दिल्ली उच्च न्यायालय के न्यायाधीश थे। निश्चय ही इस घटनाक्रम से समाज में अच्छा संदेश नहीं गया। दरअसल, वर्तमान परिपाटी के अनुसार न्यायाधीशों के लिये निजी संपत्ति का घोषणा पत्र प्रस्तुत करना एक स्वैच्छिक परंपरा है। जिसे अनिवार्य बनाने की मांग की जाती रही है। निश्चय ही न्याय व्यवस्था के संरक्षक होने के कारण इसके स्वैच्छिक रहने पर तमाम किंतु-परंतु हो सकते हैं। जनता हमेशा से ही पंच-परमेश्वरों की स्वच्छ-धवल छवि की आकांक्षा रखती है। दरअसल, न्यायाधीशों द्वारा संपत्ति के खुलासे का मुद्दा दशकों तक सार्वजनिक विमर्श में उठता रहा है। उल्लेखनीय है कि वर्ष 1997 में, सुप्रीम कोर्ट ने एक प्रस्ताव पारित किया था, जिसके अनुसार उसके सभी न्यायाधीशों को अपनी संपत्ति और देनदारियों की घोषणा देश की शीर्ष अदालत के मुख्य न्यायाधीश के समक्ष करनी थी। इसी प्रकार उच्च न्यायालयों के न्यायाधीशों को ये विवरण उनके राज्य के मुख्य न्यायाधीशों के समक्ष पेश करने थे।

13,056 वर्ग किलोमीटर वन क्षेत्र पर चिंताजनक इसलिए भी है क्यों कि आज हम लगातार ग्लोबल वार्मिंग जैसी समस्या से जूझ रहे

## चिंताजनक है वनों पर अतिक्रमण

सुनील कुमार महला

> देश के 25 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में 13,056 वर्ग किमी वन क्षेत्र पर अतिक्रमण हुआ है, जो दिल्ली के कुल क्षेत्रफल से भी अधिक है, यह चिंताजनक है। जानकारी मिलती है कि मध्य प्रदेश में सबसे अधिक 5,460 .9 वर्ग किमी वन भूमि पर कब्जा है, जबकि 409 वर्ग किमी भूमि अतिक्रमण मुक्त की जा चुकी है। कहना ग़लत नहीं होगा कि केंद्रीय पर्यावरण मंत्रालय द्वारा राष्ट्रीय हरित अधिकरण को सौंपी गई रिपोर्ट कहीं न कहीं देश में वनों के अतिक्रमण की भयावह स्थिति को उजागर करती है

वन क्षेत्र संकट में हैं। इन पर अतिक्रमण हो रहा है, यह केंद्रीय पर्यावरण मंत्रालय की रिपोर्ट कहती है। पाठकों को बताता चलूं कि केंद्रीय पर्यावरण मंत्रालय की रिपोर्ट के अनुसार, देश के 25 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में 13,056 वर्ग किमी वन क्षेत्र पर अतिक्रमण हुआ है, जो दिल्ली के कुल क्षेत्रफल से भी अधिक है, यह चिंताजनक है। जानकारी मिलती है कि मध्य प्रदेश में सबसे अधिक 5,460.9 वर्ग किमी वन भूमि पर कब्जा है, जबकि 409 वर्ग किमी भूमि अतिक्रमण मुक्त की जा चुकी है। कहना ग़लत नहीं होगा कि केंद्रीय पर्यावरण मंत्रालय द्वारा राष्ट्रीय हरित अधिकरण को सौंपी गई रिपोर्ट कहीं न कहीं देश में वनों के अतिक्रमण की भयावह स्थिति को उजागर करती है। ऐसे में, सरकारों का इस मुद्दे पर गंभीर होना जितना जरूरी है, उतना ही जरूरी है कि हम भी पर्यावरण के प्रति जागरूक बनें। 13,056 वर्ग किलोमीटर वन क्षेत्र पर चिंताजनक इसलिए भी है क्यों कि आज हम लगातार ग्लोबल वार्मिंग जैसी समस्या से जूझ रहे हैं। जानकारी के अनुसार यह इतना बड़ा क्षेत्र है कि इतने में नौ दिल्ली (कुल क्षेत्रफल 1,484 वर्ग किमी.) बसाई जा सकती हैं। यह जमीन दिल्ली, सिक्किम और गोवा के कुल भौगोलिक क्षेत्र से भी अधिक है। रिपोर्ट बताती है कि मार्च 2024 तक 25 राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों में कुल 13,05,668.1 वन क्षेत्र पर अतिक्रमण था। पाठकों को बताता चलूं कि अभी 10 राज्यों ने आंकड़े प्रस्तुत नहीं किए हैं। एनजीटी ने पिछले साल एक मीडिया रिपोर्ट पर स्वतः संज्ञान लिया था, जिसमें सरकारी आंकड़ों का हवाला देते हुए यह बताया गया था कि देश में 7,50,648 हेक्टेयर (या 7506.48 वर्ग किमी.) वन क्षेत्र अतिक्रमण के अधीन है, जो दिल्ली के आकार की तुलना में पांच गुना अधिक है। हमें यह कतई नहीं भूलना चाहिए कि वन हैं तो हम हैं। कहना ग़लत नहीं होगा वन जहां प्रदूषण को नियंत्रित करने में अहम् भूमिका का निर्वहन करते हैं, वहीं दूसरी ओर वन वैश्विक जल चक्र में अहम भूमिका निभाते हैं, ये वर्षा तथा सूखे को नियंत्रित करते हैं। वनों से भोजन, दवाइयां, विभिन्न उत्पाद, लकड़ी, गोंद तो प्राप्त होते ही हैं, वहीं साथ ही साथ ये कई जीवों के लिए प्राकृतिक आवास हैं तथा वनों से हमें रोज़गार भी मिलता है।ये मिट्टी के कटाव को रोकते हैं, मिट्टी को समृद्ध और संरक्षित करते हैं। इतना ही नहीं, वन समुदायों को भूस्खलन और बाढ़ से भी बचाते हैं। दूसरे शब्दों में कहें तो वन हमारे पारिस्थितिकीय तंत्र का मुख्य आधार हैं, जो जैव-



विविधता को तो संरक्षित रखते ही हैं, जलवायु में आ रहे बदलावों से निपटने और कार्बन उत्सर्जन को कम करने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। ये हमें ऑक्सीजन प्रदान करते हैं, जल चक्र को संतुलित रखते हैं और अनगिनत प्रजातियों को आश्रय भी देते हैं। बहरहाल, पाठकों को बताता चलूं कि हाल ही में आई रिपोर्ट में जिन राज्यों के आंकड़ों के बारे में जानकारी दी गई है, उनमें अंडमान एवं निकोबार द्वीप समूह, असम, अरुणाचल प्रदेश, आंध्र प्रदेश, चंडीगढ़, छत्तीसगढ़, दादरा एवं नगर हवेली और दमन एवं दीव, केरल, लक्षद्वीप, महाराष्ट्र, ओडिशा, पुडुचेरी, पंजाब, तमिलनाडु, त्रिपुरा, उत्तराखंड, उत्तर प्रदेश, झारखंड, सिक्किम, मध्यप्रदेश, मिजोरम और मणिपुर शामिल हैं तथा जिन राज्यों और केंद्र-शासित प्रदेशों ने अभी भी वन अतिक्रमण का विवरण प्रस्तुत नहीं किया है, उनमें बिहार, हरियाणा, हिमाचल प्रदेश, राजस्थान, तेलंगाना, पश्चिम बंगाल, नगालैंड, दिल्ली, जम्मू-कश्मीर और लद्दाख शामिल हैं। यहां यह उल्लेखनीय है कि वन क्षेत्र या रिकॉर्डेड फॉरेस्ट एरिया (आरएफए) में सरकार द्वारा आधिकारिक तौर पर वन के रूप में नामित भूमि शामिल होती है, भले ही उस पर पेड़ न हों। गौरतलब है कि आरएफए को क्रमशः तीन श्रेणियों आरक्षित वन(जिन्हें पूर्ण संरक्षण प्राप्त है और जहां शिकार और चराई जैसी गतिविधियों पर आमतौर पर प्रतिबंध है) संरक्षित वन(जहां कुछ गतिविधियों की अनुमति है, जब तक कि उन्हें विशेष रूप से प्रतिबंधित न किया गया हो) तथा अवर्गीकृत वन(जिन्हें आरक्षित या संरक्षित के रूप में वर्गीकृत नहीं किया गया है) को शामिल किया गया है। बहरहाल, पाठकों को बताता चलूं कि मंत्रालय की रिपोर्ट के मुताबिक, मार्च 2024 तक मध्यप्रदेश में सबसे अधिक 5,460.9 वर्ग किलोमीटर वन क्षेत्र पर अतिक्रमण था। इसमें कहा गया है कि असम में 3,620.9 वर्ग किलोमीटर, कर्नाटक में 863.08 वर्ग किलोमीटर, महाराष्ट्र में 575.54 वर्ग किलोमीटर, अरुणाचल प्रदेश में 534.9 वर्ग किलोमीटर, ओडिशा में 405.07 वर्ग किलोमीटर, उत्तर प्रदेश में 264.97 वर्ग किलोमीटर, मिजोरम में 247.72 वर्ग किलोमीटर, झारखंड में 200.40 वर्ग किलोमीटर और छत्तीसगढ़ में 168.91 वर्ग किलोमीटर वन भूमि पर अतिक्रमण है। कहना चाहूंगा कि आज देश में वनों की अवैध और अंधाधुंध कटाई के कारण पर्यावरण और पारिस्थितिकी तंत्र को नुकसान पहुंचा है। पिछले कुछ सालों से देश के कृषि क्षेत्र में भी अभूतपूर्व विस्तार हुआ है, इससे भी वन क्षेत्रों में कहीं न कहीं कमी आई है। शहरीकरण और औधोगिकीकरण से भी वन क्षेत्रों पर कहीं न कहीं प्रभाव पड़ा ही है। आज देश में खनन कार्य हो रहें हैं, बांध व सड़कें बनाई जा रही हैं। कहना चाहूंगा कि खनन और बुनियादी ढांचे के विकास के नाम पर जिस तेजी से वनों का दोहन बढ़ रहा है, वह वाकई चिंता का विषय है।सच तो यह है कि आज हम पर्यावरण संरक्षण पर उस अनुरूप ध्यान नहीं दे पा रहे हैं,जिस अनुरूप उस पर ध्यान केंद्रित करने की जरूरत है।सच तो यह है कि पर्यावरण पर ध्यान देने के लिए, हमें अपने व्यवहार में बदलाव लाने होंगे। इसके लिए, हमें पर्यावरण के बारे में जागरूक होना होगा और पर्यावरण संरक्षण के लिए अपने यथेष्ठ व नायाब कदम उठाने होंगे और यह तभी संभव हो सकता है जब हम पर्यावरण संरक्षण के प्रति कृतसंकल्पित हों। कहना ग़लत नहीं होगा कि आज हम पर्यावरण संरक्षण को लेकर कहीं न कहीं लापरवाही बरत रहे हैं, जबकि हमें अपनी धरती के पर्यावरण और पारिस्थितिकी तंत्र के प्रति हमेशा सजग व जागरूक होना चाहिए। अन्यथा आने वाली पीढ़ियां हमें कोसेगी। संस्कृत में पेड़ों/वनों का महत्व बताते हुए खूबसूरत शब्दों में क्या खूब कहा गया है कि -'इह पुष्पिताः फलवन्तः च मानवान्तर्पयन्ति, वृक्षाः वृक्षदं पुत्रवत् परत्र च तारयन्ति।' इसका मतलब यह है कि फल और फूल देने वाले पेड़ मनुष्यों को तृप्त करते हैं, लेकिन आज हम वनों का अतिक्रमण कर रहे हैं,यह ठीक नहीं है। हाल फिलहाल,चिंता इस बात को लेकर भी है कि बिहार, हरियाणा, हिमाचल प्रदेश और राजस्थान समेत करीब दस राज्यों ने तो अभी वन अतिक्रमण क्षेत्र की जानकारी तक नहीं उपलब्ध कराई है। जाहिर है कि इन राज्यों में वनों के अतिक्रमण के आंकड़े जुड़ने के बाद तो देश में वनों की स्थिति और भी अधिक भयावह हो सकती है।

दृष्टि कोण

## अब भी संपूर्ण स्वास्थ्य की उम्मीद में दुनिया

स्वस्थ शुरुआत आशापूर्ण भविष्य' के विभिन्न पहलुओं पर यदि ध्यान दें तो निश्चित ही नवजात शिशु एवं माताओं के स्वास्थ्य को प्राथमिकता देनी होगी। इसके लिए प्रत्येक प्रखंड एवं गांवों में स्वास्थ्य के बुनियादी ढांचों को और मज़बूत करना होगा तथा सामुदायिक स्वास्थ्य कर्मियों जैसे आशा कार्यकर्ता, आंगनबाड़ी सेविका एवं प्रत्येक प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों को सक्रिय बनाना होगा। चिकित्सकों एवं स्वास्थ्य कर्मियों को और जवाबदेह बनाना होगा। सभी सरकारों को अपना स्वास्थ्य बजट सम्मानजनक तरीके से जीडीपी के अनुसार बढ़ाना होगा। यह सुनिश्चित करना होगा कि समुचित पोषण और दवा के अभाव में कोई भी शिशु या गर्भवती मां अथवा व्यक्ति की असमय मृत्यु न हो। स्वास्थ्य और उपचार की सर्वसुलभता सुनिश्चित करनी होगी। सरकार और समुदाय को मिलकर काम करना होगा। आज़ादी के सात दशक बीत जाने के बाद भी देश में जनस्वास्थ्य की स्थिति बहुत अच्छी नहीं है। केंद्र सरकार एवं राज्य सरकारों द्वारा चलाए जा रहे अनेक स्वास्थ्य कार्यक्रमों एवं अभियानों के बाद भी हम अपेक्षित लक्ष्यों को प्राप्त नहीं कर सके हैं। महज़ आंकड़ों की बाजीगीरी और झूठे प्रचार से जन-स्वास्थ्य के लक्ष्य को प्राप्त नहीं किया जा सकता। भारत सरकार ने एक राष्ट्रीय स्वास्थ्य नीति बनायी थी जिसके अंतर्गत विभिन्न रोगों से बचाव एवं उपचार के लिए राष्ट्रीय कार्यक्रमों का संचालन लंबे समय से किया जा रहा है। ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने के लिए भारत सरकार की महत्वाकांक्षी योजना 'राष्ट्रीय ग्रामीण स्वास्थ्य मिशन' का संचालन भी किया जा रहा है, इन सबके बावजूद जनस्वास्थ्य को हम सही दिशा नहीं दे पा रहे हैं। इसका अनुमान इसी से लगाया जा सकता है कि महिलाओं में प्रसव के दौरान होने वाली जटिलताओं तथा नवजात शिशुओं और बच्चों की रुग्णता व मृत्यु दर को कम करने में अपेक्षित सफलता नहीं मिल पायी है। वर्ष 2025 के स्वास्थ्य लक्ष्य की घोषणा करते हुए विश्व स्वास्थ्य संगठन की दृष्टि महिलाओं और नवजात शिशुओं के स्वास्थ्य पर ही गई।



विश्व स्वास्थ्य संगठन चाहता है कि दुनिया भर में नवजात शिशुओं और माताओं का स्वास्थ्य बेहतर हो ताकि भविष्य की आबादी में स्वस्थ लोगों की अच्छी संख्या हो। हम जानते हैं कि दुनिया भर में महिलाओं के स्वास्थ्य के प्रति समाज और सरकारें सदैव दोयम दर्जे की दृष्टि रखते हैं। हालांकि, पश्चिमी देशों में महिलाओं की स्थिति काफ़ी बेहतर है लेकिन भारत एवं एशियाई देशों में महिलाओं को स्वास्थ्य प्राप्त करने के लिए पुरुषों की अपेक्षा ज़्यादा जद्दोजहद करनी पड़ती है। आज़ादी के बाद से अब तक भारत में दो बार राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वेक्षण हुए। इसमें केंद्र सरकार के साथ-साथ अंतर्राष्ट्रीय जनसंख्या अध्ययन संस्थान ने भी हिस्सा लिया। सार्वजनिक रूप से अप्रकाशित इन सर्वेक्षण रिपोर्टों के अनुसार प्रत्येक एक लाख जीवित शिशु के जन्म पर लगभग 540 माताओं की मृत्यु हो जाती है। भारत में औरतों की नाज़ुक सेहत की वजह जानने के लिए उनकी ज़िंदगी पर जन्म के बाद से ही नज़र दौड़ानी होगी। जानी मानी फ्रेंच लेखिका शिमोन द बौवार कहती हैं कि 'औरत की सेहत इसलिए ख़राब है क्योंकि वह स्त्री है।' हमें यह भी ध्यान रखना होगा कि आधुनिकीकरण एवं अन्य कई कारणों से भी कई पुराने रोग पुनः नए रूप में उभर कर सामने आ रहे हैं। अनेक प्रयासों के बावजूद हम वर्षों पुराने मच्छर जनित रोग मलेरिया, डेंगू आदि से उबर नहीं पाए हैं। तथाकथित आधुनिक जीवनशैली के कई रोग जैसे डायबिटीज़ हृदय रोग, उच्च रक्तचाप, कैंसर, एड्स आदि बढ़ते ही जा रहे हैं। खान-पान की गड़बड़ी की वजह से पेट के कई घातक रोग बढ़ गए हैं। मानसिक रोगों की भी यही स्थिति है। बहुत ही कम उम्र के युवा और नौजवान अवसाद और अनिद्रा, तनाव आदि के शिकार हैं। युवाओं में घातक नशे का बढ़ता प्रचलन भी स्वास्थ्य की चुनौती के रूप में खड़ा है। सरकार और समुदाय यदि इस पर ध्यान नहीं देते तो स्थिति भयावह होगी। बहरहाल, उम्मीद की जानी चाहिए कि मानव स्वास्थ्य जैसे महत्वपूर्ण मुद्दे पर हमारी सरकारें क्षुद्र राजनीति से ऊपर उठ कर व्यापक जनहित में कार्य करेंगी।

कुछ अलग

## बुलडोजर से नाइंसाफी

यह पहली बार नहीं है कि देश की शीर्ष अदालत को कहना पड़ा कि कथित अवैध निर्माणों के खिलाफ बुलडोजर की कार्रवाई न्याय के नैसर्गिक नियमों का उल्लंघन है। लेकिन ऐसी बलपूर्वक की गई कार्रवाई को असंवैधानिक करार दिए जाने के बावजूद पिछले दिनों उत्तर प्रदेश और महाराष्ट्र में बुलडोजर की नाइंसाफी नजर आई। कोर्ट का कहना था कि यह बुलडोजरी अन्याय केवल झुग्गियों व मकानों को ही नहीं गिरा रहा है, बल्कि यह कानून की उचित प्रक्रिया व अनुच्छेद 21 का भी अतिक्रमण है। जो हर नागरिक के जीवन और व्यक्तिगत स्वतंत्रता की सुरक्षा की गारंटी देता है। शीर्ष अदालत ने प्रयागराज में घरों को गिराए जाने को अमानवीय और अवैध बताते हुए शहरी विकास प्राधिकरण को प्रत्येक पीड़ित घर के मालिक को दस लाख रुपये का मुआवजा देने का आदेश दिया है। कोर्ट ने उत्तर प्रदेश के अंबेडकर नगर में अतिक्रमण विरोधी अभियान के दौरान घटी उस घटना को तंत्र की संवेदनहीनता बताया जिसमें बुलडोजर द्वारा झोपड़ी गिराए जाने पर एक बालिका अपनी किताबें पकड़कर भाग रही थी। अदालत का कहना था कि तसवीर देश की अंतरात्मा को झकझोर देने वाली है। साथ ही अधिकारियों की मनमानी और असंवेदशीलता को उजागर करती है। कहा गया कि अतिक्रमणकारियों को खुद की स्थिति को स्पष्ट करने का उचित अवसर दिए बिना बुलडोजर से उनके मकान या झोपड़ियों को ध्वस्त करना अन्याय जैसा ही है। जिससे निष्कर्ष निकलता है कि प्रशासन का इरादा अनधिकृत निर्माण को हतोत्साहित करने के बजाय उन्हें सबक सिखाना लगता है। दरअसल, उत्तर प्रदेश में शासन-प्रशासन कथित 'तत्काल न्याय' के बुलडोजर मॉडल को लागू करने में सबसे आगे रहा है। इस विवादास्पद कार्रवाई का बचाव करते हुए राज्य के मुख्यमंत्री ने कहा था कि कभी-कभी कुछ लोगों को उनकी समझ में आने वाली 'भाषा' में चीजों को समझाने की जरूरत होती है। जिसके मायने यह भी हैं कि ऐसे तत्वों को अदालतों द्वारा उन्हें दोषी या निर्दोष ठहराये जाने का इंतजार किए बिना ही दंडित किया जाएगा। उल्लेखनीय है कि बीते साल नवंबर में, सर्वोच्च न्यायालय ने बुलडोजर के लगातार इस्तेमाल पर रोक लगाने के लिये कई दिशा-निर्देश दिए थे। इसमें मकान आदि के ध्वस्तीकरण से पंद्रह दिन पहले कब्जाधारियों को सचेत करना भी शामिल था। अदालत ने तो यहां तक चेतावनी दी थी कि निर्देशों का अतिक्रमण करने वाले दोषी अधिकारियों के खिलाफ अवमानना की कार्रवाई की जाएगी। उनके खिलाफ मुकदमा चलाया जाएगा। लेकिन इसके बावजूद जमीनी हकीकत में बदलाव नहीं आया। इसमें दो राय नहीं कि सार्वजनिक भूमि पर अतिक्रमण के प्रति शून्य-सहिष्णुता का नजरिया जरूरी है। अवैध निर्माण हटाया जाना चाहिए, लेकिन सभी कायदे-कानूनों का पालन भी उतना ही जरूरी है। अदालत मानती रही है कि जल्दबाजी में बुलडोजर का इस्तेमाल असंवैधानिक है और नागरिक अधिकारों का उल्लंघन भी है। जिसकी कानून इजाजत नहीं देता। प्रयागराज व महाराष्ट्र में कई जगह लोगों ने आरोप लगाया कि नोटिस देने के चौबीस घंटों में ही उनके मकान गिरा दिए गए। ऐसी ही कार्रवाई नागपुर हिंसा के बाद आरोपियों के घर गिराने में की गई। कहा गया कि लोगों को अपील करने का भी मौका नहीं दिया गया। वैसे यह नैसर्गिक न्याय की अवहेलना है कि एक कथित दोषी के कृत्यों की सजा उसके पूरे परिवार को दी जाती है। उस घर में उस व्यक्ति के परिवार के अन्य सदस्य भी रहते हैं।

देश दुनीया से

## मानवीय रचनात्मकता को एआई टूल्स की चुनौती

हालांकि जेनेरेटिव एआई टूल– जो इस सामग्री को बनाने में उपयोग किए जा रहे हैं – पिछले कुछ सालों से वजूद में हैं, लेकिन वर्तमान चलन की चिंगारी को ओपन एआई द्वारा विकसित एक नए टूल्स ने भड़काया है। चैट जीपीटी हो या बृहद भाषा मॉडल (लार्ज लैंग्वेज मॉडल अर्थात एलएलएम), ये टूल्स चंद शब्दों वाली निर्देशावली (टेक्स्ट) के आधार पर विस्तृत लेख, पुस्तक अध्याय, सोशल मीडिया पोस्ट इत्यादि वांछित सामग्री उत्पन्न कर देते हैं। नवीनतम मल्टीमॉडल जेनेरेटिव एआईटूल इनपुट के रूप में टेक्स्ट, तस्वीर, वीडियो, आवाज और संगीत के नमूने का उपयोग करते हुए वांछित आउटपुट को चित्र और वीडियो के रूप में निर्मित करके दे सकते हैं। मिडजर्नी, स्टेबल डिफ्यूजन और डीएएलएल-ई जैसे टूल इनपुट के रूप में टेक्स्ट से सचित्र आउटपुट पैदा कर सकते हैं। उदाहरण के लिए, यदि कोई डीएएलएल-ईको एमएफ हुसैन या जैमिनी रॉय की शैली में दिल्ली की सड़क की पेंटिंग बनाने का निर्देश दे, तो वह कुछ सेकंड के भीतर बनाकर पेश कर देगा। 'लेंसा' जैसे इमेज-टू-इमेज टूल भी हैं जो इनपुट छवियों के बदले छवि या उसका सुधरा संस्करण प्रदान कर सकते हैं। घिबली शैली में उत्पन्न छवियों ने लोगों की कल्पना को इसलिए भी अपनी ओर खींचा है क्योंकि वे बहुत मासूम और मज़ेदार दिखती हैं। हालांकि, इस मासूमियत के तले टेक्स्ट और इमेज-जेनेरेटिव एआई सिस्टम से संबंधित गंभीर नैतिकता के मुद्दे छिपे हुए हैं। कोई भी एआई सिस्टम विभिन्न स्रोतों से एकत्र किए गए वास्तविक डाटा पर काम करता है। एआई टूल्स को प्रशिक्षित करने में भारी मात्रा में डाटा (टेक्स्ट, इमेज, संगीत इत्यादि) की जरूरत पड़ती है। यदि किसी एलएलएम को अमिताभ घोष या रस्किन बॉन्ड की शैली में एक छोटी-सी कहानी बनाने के लिए कहा जाए तो इसे वह इन लेखकों की तमाम रचना का भारी-भरकम डाटा खंगालने के बाद उत्पन्न करता है। इस सामग्री का अधिकांश हिस्सा कॉपीराइट वाला होता है, और एआई कंपनियों ने अपने सिस्टम को 'प्रशिक्षित' करने के लिए लेखकों से इसके लिए समुचित अधिकार खरीदे नहीं होते। यही बात घिबली स्टूडियो सरीखी या हुसैन जैसे उस्तादों की पेंटिंग्स बनाने पर लागू है। एआई कंपनियां दावा करती हैं कि वे केवल सार्वजनिक डोमेन में उपलब्ध डाटा का ही उपयोग कर रही हैं, लेकिन उनके इस दावे को सृजनकर्ता पचा नहीं पा रहे। कॉपीराइट कानूनों में अंतर्निहित 'उचित इस्तेमाल' प्रावधान का दुरुपयोग यह तकनीक बनाने वाली कंपनियां कर रही हैं। इस तरह के उल्लंघन से निपटने के लिए मौजूदा कॉपीराइट ढांचे अपर्याप्त हैं। उत्तरी अमेरिका और यूरोप की अदालतों में तकनीक बनाने वाली कंपनियों के खिलाफ मामले पहले से चल रहे हैं। दरअसल, जेनेरेटिव एआई रचनात्मकता के मूल विचार पर हमला कर रहा है। पेंटिंग हो या कोई किताब, कार्टून चरित्र या फिर संगीत का मुखड़ा, यह सब किसी कलाकार की रचनात्मक अभिव्यक्ति के स्वरूप हैं। यह सभी सांस्कृतिक उत्पाद हैं, जो व्यक्तिगत अनुभव और संदर्भ से उत्पन्न हुए होते हैं। उदाहरण के लिए, घिबली स्टूडियो का काम जापानी समाज और संस्कृति का एक नमूना है, यह ठीक वैसा है जैसा कि वॉल्ट डिज़्नी स्टूडियो की रचनाएं अमेरिकी संस्कृति को दर्शाती हैं। ऐसे रचनात्मक कार्यों को किसी मशीन या एआई सिस्टम को बनाने के लिए सौंप देना मानवीय रचनात्मकता और जुनून के मूल विचार के विरुद्ध है। एक कलाकार को एक पेंटिंग पूरी करने में महीनों लग सकते हैं या एक लेखक को एक उपन्यास अथवा गैर-काल्पनिक किताब लिखने में कई साल लग सकते हैं। कार्टून या एनिमेशन स्ट्रिप बनाने में सैकड़ों घंटों की मेहनत खपती है। इसलिए, श्रेय और पैसा सृजनकारों का नैसर्गिक हक है। एआई कंपनियां वह करने में लगी हैं, जिसे आलोचक डाटा-चोरी कहते हैं और यह करके वे सृजनकर्ता के श्रेय और पैसा, दोनों पर डाका डाल रही हैं। प्रत्येक नए जेनेरेटिव मॉडल बनने के साथ– जो सृजनकर्ताओं के अनगिनत काम और मेहनत पर आधारित होता है– एआई कंपनियों की दौलत में खरबों डॉलर का इजाफा हो जाता है। वे इन मॉडलों को प्रति संस्करण हज़ारों डॉलर मूल्य में दुनिया भर के उपयोगकर्ताओं को बेच रही हैं, जबकि मूल सृजनकर्ता के पल्ले कुछ नहीं पड़ता। इमेज जेनेरेटर खुद कलाकार नहीं हैं, लेकिन कलाकारों के लिए एक चुनौती हैं। एआई टूल के मुफ़्त संस्करणों के उपयोग से निर्मित छवियों के साथ डिजिटल दुनिया में मची रेलमपेल, जैसा कि घिबली कला के मामले में हुआ पड़ा है, प्रौद्योगिकी कंपनियां ऐसी मशीन-जेनेरेटेड कला को सामान्य बनाना चाहती हैं। व्यावसायिक फिल्म स्टूडियो और नेटवर्क उन्हें सिर्फ श्रम लागत बचाने की गर्ज से अपना रहे हैं। वे एनिमेटरों की फौज को काम पर रखने की बजाय एआई तकनीक में पारंगत चंद लोगों से काम चलाने लगी हैं। इस प्रवृत्ति से भारत में भी खतरे की घंटी बज जानी चाहिए, क्योंकि हजारों भारतीय तकनीकी विशेषज्ञ हॉलीवुड स्टूडियो के लिए आउटसोर्स ठेके पर एनिमेशन कार्य में लगे हुए हैं। हालांकि, वे भी कंप्यूटर ग्राफिक्स और अन्य टूल्स का उपयोग करते हैं। लेकिन जेनेरेटिव एआईटूल स्वचालित होने की वजह से सब कुछ बनाना किसी दूसरे ही स्तर पर पहुंच चुका है। इस समस्या का हल आसान नहीं है। कॉपीराइट को लेकर कानूनी लड़ाई लड़ना विकल्पों में से एक हो सकता है। डाटा सुरक्षा कानून और एआई नियंत्रक धाराओं को हर नए विकास के साथ सामंजस्य बिठाने में खपना पड़ रहा है। किताबों और संगीत जैसे रचनात्मक कार्यों के कुछ प्रकाशक एवं कॉपीराइट धारक एआई कंपनियों के साथ औपचारिक समझौते करने में लगे हैं ताकि एआई सिस्टम को 'प्रशिक्षित' करने में उनकी किताबों और अन्य काम का इस्तेमाल करने की अनुमति देने के एवज में राजस्व-साझाकरण सुनिश्चित हो सके। उन्हें लगता है कि जब तकनीक बनाने वाली कंपनियां डाटा प्रशिक्षण के लिए उनके काम का उपयोग पहले ही बिना पूछे कर रही हैं, तो क्यों न इसे औपचारिक रूप दे दिया जाए और उनकी कमाई में हिस्सा बांट लिया जाए। डाटा प्रशिक्षण के लिए किसी के काम का इस्तेमाल करने की अनुमति आपसी सहमति से देना भी एक अन्य विकल्प है, खासकर जब मामला व्यक्तिगत कलाकारों के काम का हो। सोशल मीडिया प्लेटफ़ॉर्मों को भी उपयोगकर्ताओं को एआई-जनरेटेड छवियों, वीडियो और एनिमेशन बनाने की खुली छूट देने के प्रति अधिक संवेदनशील होना पड़ेगा। घिबली ट्रेंड हानिरहित और प्यारा लग सकता है, लेकिन वास्तव में यह हम सभी के लिए एक चेतावनी है।




आप का नजरीया

## टैरिफ की चुनौती

पूरी दुनिया को टैरिफ युद्ध की चेतावनी देने वाले अमेरिकी राष्ट्रपति ने अब इसे हकीकत बना दिया है। तमाम विकासशील व विकसित देशों के साथ भारत भी इसकी जद में आया है। मौके की नजाकत को समझते हुए भारत ने हालात से समझौता करने का निर्णय किया है। कमोबेश, इसके तहत राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा टैरिफ के मुकाबले लगाए गए टैरिफ को स्वीकार कर लिया गया है। वहीं दूसरी ओर यूरोपीय संघ, चीन और कनाडा ने अपने-अपने देशों के आर्थिक हितों की रक्षा करने के लिये जवाबी कदम उठाने की तैयारी शुरू कर दी है। भारत के लिये अच्छी बात यह है कि हमारे मुख्य प्रतिस्पर्धी-चीन, वियतनाम,बांग्लादेश और थाईलैंड पर हम से कहीं अधिक शुल्क लगाया गया है। नई दिल्ली को यह भी उम्मीद है कि वाशिंगटन के साथ द्विपक्षीय व्यापार समझौते पर काम चल रहा है, जिसके जरिये घरेलू उद्योग को टैरिफ वृद्धि के दुष्प्रभावों से निपटने में मदद मिल सकती है। वैसे देखा जाए तो भारत के लिये प्रतिकूल परिस्थितियों में भी एक अवसर मौजूद हैं। इस दौरान भारत को व्यापार करने में आसानी बढ़ाने तथा लाभांश प्राप्त करने के लिये अपने बुनियादी ढांचे में अधिक निवेश करने की आवश्यकता है। इससे आत्मनिर्भर भारत के संकल्प को भी बल मिलेगा। ध्यान रहे कि ऐसा ही अवसर भारत के सामने तब भी आया था जब कोविड-19 महामारी के चलते चीन के उत्पादन की रफ्तार धीमी हो गई थी। चीन ने ऐसा कदम लंबे समय से चली आ रही जीरो टॉलरेंस की कोविड नीति के चलते उठाया था। जिसके चलते अमेरिका और अन्य पश्चिमी देशों को विकल्प तलाशने के लिये प्रेरित किया था। लेकिन भारत इसके बावजूद हालात का ज्यादा लाभ नहीं उठा पाया था। विडंबना ये रही कि वियतनाम और थाईलैंड वैश्विक आपूर्ति श्रृंखलाओं में उत्पन्न व्यवधानों का अधिकतम लाभ उठाने में भारत से आगे निकल गए। अतीत से सबक लेकर भारत को नई स्थितियों का लाभ उठाने के लिये बेहतर ढंग से तैयार रहना चाहिए। वैसे इन हालात में बहुत कुछ भारत की तुलना में ट्रंप के टैरिफ से अधिक प्रभावित देशों की प्रतिक्रिया पर निर्भर करेगा। इन स्थितियों में एक चिंताजनक संभावना यह भी है कि चीन और वियतनाम जैसे देश पहले से ही अमेरिका के लिये निर्धारित अपने निर्यात को भारत में भेजने की कोशिश कर सकते हैं। जिसमें कम लागत वाले सामानों के जरिये भारतीय बाजारों को प्रभावित करने की कोशिश की जा सकती है। भारतीय बाजार तो पहले ही चीन के सस्ते उत्पादों से पटे पड़े हैं। जिससे दोनों देशों में व्यापार असंतुलन की स्थिति बनी हुई है। उल्लेखनीय है कि वर्ष 2023-24 के वित्तीय वर्ष में दोनों देशों के बीच व्यापार में हमारा घाटा 85 बिलियन डॉलर तक जा पहुंचा है। वैसे चिंता की बात यह भी है कि भारत ने बीजिंग के साथ व्यापार घाटे को कम करने की दिशा में कुछ खास कदम नहीं उठाये हैं। हालांकि, भारत ने कुछ चीनी उत्पादों पर एंटी-डंपिंग ड्यूटी जरूर लगाई है। इसका मकसद स्वदेशी उत्पादों को पड़ोसी देश के सस्ते आयात से संरक्षण देना ही था। ऐसे में ट्रंप के टैरिफ से होने वाले नुकसान को कम करने की योजना को लागू करते वक्त इस बात को सुनिश्चित करने के प्रयासों के साथ चलना होगा कि कहीं चीन भारत को प्रतिस्पर्धा के बाजार में शिकस्त न दे दे। आज जब भारत दुनिया का सबसे अधिक युवाओं वाला देश है तो हमें अपनी श्रमशक्ति के बेहतर उपयोग की दिशा में गंभीरता से सोचना होगा।

# रामनवमी के शुभ अवसर पर एक से बढ़कर एक की गई झांकी प्रस्तुति







**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गिद्धौर :** प्रखंड मुख्यालय में राम नौवमी का त्योहार के बिजया दशमी के मौके पर गिद्धौर में बाजे गाजे के साथ सोमवार को जुलूस व झांकी निकाली गई। जुलूस व झांकी निकाल रामनवमी मेला टांड़ पहुंची। जिसका विधिवत उद्घाटन बीडीओ राहुल देव, सीओ अनंत सयनम विश्वकर्मा, थाना प्रभारी अमित कुमार, मुखिया निर्मला देवी गुप्ता समेत अन्य ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। इस दौरान श्रद्धालुओं ने जय श्री राम, जय श्री राम, बजरंगबली की जय से पूरा गांव गुंजीमान्य हो रहा थे। इसके बाद उपरटोला, नीचे टोला, बीच टोला, ठाकुरवाड़ी टोला व बरटा की ओर से झांकी की प्रस्तुति की गई। इस दौरान नीचे टोला व उपरटोला की झांकी प्रस्तुति की। सामाजिक मार्मिक झांकी की ग्रामीणों ने जमकर सराहना किया। जुलूस को लेकर प्रखंड प्रशाशन ने सुरक्षा व्यवस्था का व्यापक प्रबंध किया। मौके पर मुकेश कुमार, राजेश कुशवाहा, विकास कुमार, प्रदीप कुमार, बिनोद पासवान, मंटू कुमार, विजय भारती समेत मेला महा समिति मौजूद थे।

# वाहन के चकमे में युवक हुआ घायल, रेफर




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गिद्धौर :** थाना क्षेत्र के चिरैया मोड़ समीप अज्ञात वाहन के चकमे से बाइक दुर्घटना में चालक घायल हो गया। राहगीरों के तत्परता से घायल युवक को इलाज के लिए सामुदायिक अस्पताल गिद्धौर लाया गया। जहां डाक्टरों ने इलाज कर बेहतर इलाज कर हजारीबाग रेफर कर दिया। घायल युवक हजारीबाग के जगदीश राणा का पुत्र अंकित राणा है। बताया गया कि युवक चतरा की ओर से वापस अपना घर हजारीबाग जा रहा था। इसी बीच चिरैया मोड़ समीप अज्ञात वाहन के चकमे से बाइक दुर्घटना में युवक घायल हो गया।

## चतरा उपायुक्त आगामी 8 अप्रैल को करेंगे प्रतापपुर प्रखंड का दौरा



**चतरा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** अगले 8 अप्रैल को सुबह 10 बजे पूर्वाह्न प्रखण्ड प्रतापपुर में उपायुक्त, चतरा श्री रमेश घोलप क्षेत्र का दौरा करेंगे। वहीं प्रतापपुर प्रखंड कार्यालय में जनता दरबार के माध्यम से आमजनों की सुनी जाएगी समस्याएं। उपायुक्त द्वारा प्रतापपुर में जनप्रतिनिधियों के साथ बैठक एवं प्रखण्ड स्तरीय समीक्षात्मक बैठक और प्रखण्ड सह अंचल कार्यालय का निरीक्षण भी किया जाएगा।


## शिवपुर-कठौतिया रेलवे लाइन निर्माण में जुटी मिलेनियम मचा रही तबाही



**चतरा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** टंडवा क्षेत्र में शिवपुर-कठौतिया रेलवे लाइन के निर्माण में जुटी मिलेनियम कंस्ट्रक्शन कंपनी की मनमानी थमने का नाम नहीं ले रहा है। टंडवा -सिमरिया मुख्य सड़क से बगैर तिरपाल ढंके वाहनों से मिट्टी की ढुलाई निर्धारित मानकों को ताक पर किया जा रहा है। जिससे मुख्य सड़क पर कच्ची मिट्टी गिरने से बाइक सवार दुर्घटना का शिकार हो रहे हैं। साथ ही आसपास का वातावरण जहां प्रदूषित हो रहा है। वहीं दूसरी ओर सड़क दुर्घटनाऐं भी हो रही है। बताया जाता है कि उक्त कंपनी द्वारा लॉ एंड ऑर्डर की खुलेआम धज्जियां उड़ाने के बावजूद प्रशासन मूकदर्शी होकर सिर्फ तमाशा देख रहा है। दरअसल पिछले दिनों क्षेत्र को तबाह और प्रदूषित करने का मामला जिला मुख्यालय में आयोजित दिशा की बैठक में जब अरविंद सिंह द्वारा उठाया गया तब अंचल कार्यालय टंडवा द्वारा पत्रांक 80 दिनांक 24/01/2025 के माध्यम से अपर समाहर्ता चतरा को भेजी गई जांच रिपोर्ट बेहद हीं चौंकाने वाली थी। जांचकर्ता टीम ने स्वीकार किया कि भारी धूलकणों से लोगों का जीना दुश्वार हो गया है। मजे की बात तो ये है कि इरकॉन कंपनी के प्रबंधक आरके सिंह द्वारा अंचलाधिकारी का फोन तक नहीं उठाया गया। ये साफ है कि मिलेनियम के पीछे इरकॉन कंपनी अपने ऊंचे पहुंच के बदौलत खुलेआम लॉ एंड ऑर्डर को क्षेत्र में चुनौती दे रहा है। निकाले जा रहे पत्थरों की तस्करी कर खनिज संपदाओं की लूट मचाई जा रही है।

# रामनवमी पर महावीर मंदिर से निकली भव्य शोभा यात्रा

## श्रद्धालुओं का उमड़ा जनसैलाब, गूंजे जयकारे



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**प्रतापपुर :** रामनवमी के पावन अवसर पर महावीर मंदिर से सैकड़ों श्रद्धालुओं की मौजूदगी में भव्य शोभा यात्रा निकाली गई। धार्मिक उल्लास और आस्था से सराबोर इस यात्रा के दौरान पूरा क्षेत्र जय श्रीराम के नारों से गूंज उठा। शोभा यात्रा मंदिर से प्रारंभ होकर बाजार होते हुए बभने, रामपुर, फिर प्रतापपुर मुख्य मार्ग से होते हुए पुनः मंदिर परिसर में आकर संपन्न हुई। यात्रा में शामिल भक्तों की भारी भीड़ के बावजूद सुरक्षा व्यवस्था चाक-चौबंद रही। पुलिस प्रशासन ने मुस्तैदी से मोर्चा संभाला, जिससे कार्यक्रम शांतिपूर्ण और व्यवस्थित रूप से संपन्न हुआ। शोभा यात्रा के आरंभ से समिति द्वारा आए हुए विशिष्ट अतिथियों एवं श्रद्धालुओं का पारंपरिक अंगवस्त्र से सम्मान किया गया। इस दौरान सामाजिक समरसता की मिसाल भी देखने को मिली, रामनवमी पर्व पर क्षेत्र में आपसी भाईचारे और सौहार्द का अनुपम उदाहरण देखने को मिला। श्रद्धालुओं ने पूरे उत्साह और श्रद्धा के साथ पर्व को मनाया। इस अवसर पर थाना प्रभारी, जनप्रतिनिधि समेत बड़ी संख्या में स्थानीय लोग उपस्थित रहे और कार्यक्रम को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

# हटवरिया में कौलेश्वरी मेला को लेकर जिला प्रशासन अलर्ट

## मेला क्षेत्र में विधि व्यवस्था संभालने के लिये पुलिस जवानों की चप्पे-चप्पे पर तैनाती

## मेला को लेकर 50 दंडाधिकारियों की प्रतिनियुक्ति

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चतरा :** हंटरगंज प्रखंड के हटवारिया में स्थित कौलेश्वरी में ऐतिहासिक 9 दिवसीय कौलेश्वरी मेला को लेकर जिला प्रशासन अलर्ट है. वह पुलिस की ओर से सुरक्षा को पुलिस चपे-चपे पर मौजूद है मेला में झारखंड बिहार के अलावे कई राज्यों से पर्यटक पहुंच रहे हैं। मेला में सुरक्षा व्यवस्था पर चतरा के उपायुक्त रमेश घोलप व पुलिस अधीक्षक विकास पांडे की भी नजर है. एसपी व डीसी लगातार पदाधिकारियों के संपर्क में हैं और दिशा निर्देश दे रहे हैं. वही शनिवार को मेला की विधि व्यस्था की जायजा लेने स्वयं एसडीओ मो जहूर आलम व एसडीपीओ संदीप सुमन पहुंचे थे जहां उन्होंने अधिकारियों को कई दिशा निर्देश दिए।



**सुरक्षा के किए गए पुख्ता इंतजाम**

इधर, मेला में विधि-व्यवस्था के मद्देनजर प्रशासनिक तैयारियां पूरी कर ली गई हैं. मेला स्थल 50 दंडाधिकारियों की प्रतिनियुक्ति की गई है. इसके अलावा महिला और पुरुष बलों की तैनाती की गई है. मेला क्षेत्र में सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं जिससे निगरानी की जा रही है. वही लगातार हंटरगंज प्रखण्ड विकास पदाधिकारी निखिल गौरव कमान कच्छप, अंचल अधिकारी अरुण कुमार मुंडा, पुलिस इंस्पेक्टर सह थाना प्रभारी पप्पू कुमार शर्मा लगातार क्षेत्र में भ्रमण करते नजर आ रहे हैं। इसी बीच दोपहर मेला पहुंचकर निरीक्षण करते नजर आएं।

## सरकार और सिस्टम के रवैए से किसान मायुस, अबतक नहीं किया गया भुगतान



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरवाडीह :** बरवाडीह प्रखंड के मायुस किसानों को महीनों बाद भी धान अधिप्राप्ति की राशि का भुगतान नहीं होना सरकार की कथनी और करनी को दर्शाता है। जहां सरकार और सिस्टम किसानों से उनके धान खरीदारी को लेकर बड़े पैमाने पर प्रचार प्रसार करने और किसानों कुछ पैसे का अधिक भुगतान करने का लालच देती है पर मामला किसानों के साथ उल्टा पड़ गया है, भुगतान में देरी होने से किसानों में मायुसी छा गई है। वहीं किसानों को कोई फायदा नहीं मिल रहा है वह इसलिए कि किसान अगर सही समय पर बाजार भाव से बेचता तो उसे फायदा ही पहुंचता समय से उनके गाढ़ी कमाई के पैसे नकद मिल जाते। वहीं सरकारी दर पर धान बेचने का मतलब पुरी तरह धान को सुखाकर बेचना और भुगतान के लिए महीनों इंतजार करना ऐसे में किसान ठगा महसूस कर रहा है। बताया जा रहा है कि सिस्टम के लापरवाही से भुगतान में देरी हुई है इसलिए कि जिन किसानों को उनके सम्पूर्ण भुगतान किए गए थे उनके खाते में पुनः भुगतान कर दिए गए हालांकि उनके बैंक खाते होल्ड कर राशि की रिकवरी कर ली गई है। वहीं बताया जा रहा है कि बरवाडीह के सिर्फ एक मंगरा लेम्पस में 161 किसानों के धान अधिप्राप्ति हुई है और लगभग नब्बे प्रतिशत लोगों को सम्पूर्ण भुगतान नहीं हुआ है। ऐसे में नाखुश किसान जिले के उपायुक्त उत्कर्ष गुप्ता से जल्द भुगतान कराने की गुहार लगाई है।

## आवास प्लस लाभ के लिये सर्वे का समय बढ़ा 30 अप्रैल तक होगा सर्वे

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बारियातू :** प्रखंड क्षेत्र मे आवास प्लस के योग्य लाभुकों को 30 अप्रैल तक सर्वेयर के माध्यम से नाम जोड़वाना अनिवार्य होगा। आवास कोर्डिनेटर शशि कुजूर ने जानकारी देते हुए कहा की बारियातू प्रखंड मे बालूभाँग पंचायत के लिए रामलखन यादव, राहुल राज टोटी के लिए राजेश यादव सिबला मे सुरेंद्र यादव अमरवाडीहशेराफेनुष खलखो फूलसु समीर सुमन भेंगरा साल्वे प्रकाश कुमार डाढ़ा अविनाश रंजन, धीरज राणा, संजीत राणा बारियातू रीना कुमारी, महेश यादव, संतोष कुमार गोनिया से सुरेंद्र उरांव द्वारा सर्वे करने के लिए विभाग से चयनित किया गया है। सभी पंचायत के 56 गांव के कई अन्य टोले मुहल्ले भी हैं। सभी पंचायत मे आवास सर्वे के लिए सर्वेयर का चयन किया गया है। जिसमे पंचायत सेवक या रोजगार सेवक को सर्वे के लिए जिम्मेदारी दी गई है। छूटे हुए योग्य लोगों को हर हाल मे आवास प्लस के लिए किए जा रहे सर्वे मे जीओ टैग के माध्यम से सर्वे करवाना अनिवार्य बताया है। पंचायत



के सभी वार्ड सदस्य आवास मित्र, पंचायत सहायक अपने अपने क्षेत्र मे जरूरत मंदो को आवास प्लस मे नाम जोड़वाने मे सहयोग करेंगे। सभी सर्वेयर को विभागीय निर्देश है की गांव-गांव टोले मुहल्ले मे घर-घर जाकर धरातल मे सर्वे करना है। सम्बंधित क्षेत्र के चयनित सर्वेयर रोजगार सेवक और पंचायत सेवक से 30 अप्रैल तक आवास प्लस के लिए सभी योग्य लाभुक के गांव टोले मे सर्वे करने पहुँचगें नाम जोड़वाना अनिवार्य समझेंगे। यह सर्वे का कार्य मार्च मार्च माह से चल रहा है 30 अप्रैल तक अंतिम तिथि है। इसलिए योग्य लाभुक अपना नाम जोड़वाना अनिवार्य समझेंगे।

# चेतना इंटरनेशनल स्कूल द्वारा शैक्षणिक भ्रमण का पहला चरण सम्पन्न

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लातेहार :** चेतना इंटरनेशनल स्कूल द्वारा बच्चों के सर्वांगीण विकास के उद्देश्य से आयोजित शैक्षणिक भ्रमण (Educational Tour) का प्रथम चरण सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। इस पहल के अंतर्गत विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने लातेहार रेलवे स्टेशन का भ्रमण कर भारतीय रेलवे की कार्यप्रणाली का प्रत्यक्ष अवलोकन किया।छात्र-छात्राएँ विद्यालय परिसर से स्कूल बसों, वैन एवं अन्य वाहनों द्वारा रेलवे स्टेशन पहुँचे। वहाँ रेलवे अधिकारियों ने बच्चों को सिग्नलिंग सिस्टम, टिकट बुकिंग, सुरक्षा प्रबंधन तथा ट्रेनों के संचालन की प्रक्रिया जैसी विभिन्न विभागीय गतिविधियों के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी। बच्चों ने उत्साहपूर्वक प्रश्न पूछे और




भारतीय रेलवे के कार्य-तंत्र को नजदीक से समझने का मूल्यवान अनुभव प्राप्त किया। विद्यालय प्रबंधन द्वारा इस शैक्षणिक भ्रमण को पूर्णतः निःशुल्क रखा गया, जिससे सभी विद्यार्थियों को इस अवसर का समान रूप से लाभ प्राप्त हुआ। विद्यालय के अकादमिक निदेशक आर्यन गर्ग ने कहा कि हमारा उद्देश्य बच्चों को केवल पाठ्यपुस्तकों तक सीमित नहीं रखना, बल्कि उन्हें वास्तविक जीवन के अनुभवों से भी जोड़ना है। इससे उनकी जिज्ञासा एवं व्यवहारिक समझ का विकास होता है। सभी छात्र-छात्राएँ उत्साह, नई ऊर्जा और ज्ञान के साथ विद्यालय लौटे। विद्यालय परिवार ने भविष्य में भी इस प्रकार के ज्ञानवर्धक कार्यक्रमों के आयोजन की प्रतिबद्धता व्यक्त की है।

# हनुमंत महायज्ञ को लेकर कलश यात्रा का हुआ आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बालूमाथ :** बालूमाथ प्रखंड क्षेत्र के नगडा ग्राम में पांच दिवसीय हनुमंत महायज्ञ को लेकर कलश यात्रा का आयोजन हुआ। आयोजित कलश यात्रा में भारी संख्या में महिलाएं एवं ग्रामीण शामिल हुए ।महिलाओं ने मंडप परिसर से कलश उठाकर जल भरने के लिए जरी नदी पहुंची। जहां वैदिक मंत्रोच्चारन के बीच कलश में जल भराया गया और पुनः वापस यज्ञ स्थल पहुंची ।गाजे-बाजे के साथ निकाले गए इस भव्य कलश यात्रा में हर-हर महादेव, हर-हर गंगे,जय श्री राम, जय हनुमान समेत कई नारे लग रहे थे ।वही कलश यात्रा में शामिल ग्रामीणों ने अपने हाथों में भगवा झंडा माथे पर भगवा पट्टी बंधे हुए थे। वही यज्ञ में 8 अप्रैल को चैती पूजन अरणीमंथन हवन आरती व रात्रि में प्रवचन, 9 अप्रैल को वेदी पूजन हवन आरती व बनारस व अयोध्या के विद्वान प्रवचन देंगे वही 10 अप्रैल को बेदी पूजन हवन तथा 11 अप्रैल को बेदी पूजन पूर्णाहुति, आरती विसर्जन एवं भंडारा का आयोजन किया गया है। वही इस कलश यात्रा में राजद प्रखंड अध्यक्ष प्रीत लाल यादव, झामुमो प्रखंड अध्यक्ष प्रदीप गंझु भाजपा नेता, प्रदीप यादव, गिरधारी यादव, बिहारी यादव कृष्णा प्रसाद, तिला साव, गणेश पासवान, गोपाल यादव, राजेंद्र साव, दशरथ यादव, संजय यादव, बिट्टू यादव समेत कई

# लातेहार में रामनवमी पर्व का भव्य आयोजन, उपायुक्त ने दिये सद्भावना के संदेश

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लातेहार :** श्री रामनवमी पूजा महासमिति के तत्वावधान में थाना चौक स्थित हनुमान मंदिर परिसर में रविवार देर शाम एक भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में लातेहार के उपायुक्त उत्कर्ष गुप्ता, पुलिस अधीक्षक कुमार गौरव, और पूर्व मंत्री बैद्यनाथ राम उपस्थित रहे। उपायुक्त उत्कर्ष गुप्ता ने अपने संबोधन में कहा कि हमें अपने भीतर के नकारात्मक विचारों और प्रवृत्तियों को त्यागकर भगवान श्रीराम के आदर्शों को अपनाना चाहिए। उन्होंने कहा कि श्रीराम का जीवन मर्यादा, त्याग और सेवा का प्रतीक है, जिससे प्रेरणा लेकर हम एक श्रेष्ठ समाज की स्थापना कर सकते हैं। पुलिस अधीक्षक कुमार गौरव ने कहा कि रामराज्य की कल्पना तभी साकार होगी, जब हम सभी निःस्वार्थ भाव से समाज और राष्ट्र के लिए कार्य करें। उन्होंने जिलेवासियों से रामनवमी पर्व को शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण ढंग से मनाने की अपील की।पूर्व विधायक बैद्यनाथ राम ने कहा कि भगवान



श्रीराम मर्यादा और आदर्शों के प्रतीक हैं। उनके चरित्र को आत्मसात कर ही जीवन को सार्थक बनाया जा सकता है।

**राम के आदर्शों को अपनाकर ही जीवन को बनाया जा सकता है सार्थक : बैद्यनाथ राम**

रामराज्य की कल्पना तभी होगी साकार, जब करेंगे निःस्वार्थ सेवा : एसपी कुमार गौरव

कार्यक्रम में समिति अध्यक्ष प्रभात कुमार, पं. त्रिभुवन पांडेय, महामंत्री राजन तिवारी, आजसू जिलाध्यक्ष अमित पांडे, भाजपा जिलाध्यक्ष पंकज सिंह सहित अन्य वक्ताओं ने भी श्रीराम के जीवन से प्रेरणा लेने की बात कही। पंकज सिंह ने प्रशासन द्वारा किए गए सुरक्षा प्रबंधों की सराहना भी की।

**पगड़ी पहनाकर किया गया स्वागत**

महासमिति द्वारा मुख्य अतिथियों का पारंपरिक रूप से पगड़ी पहनाकर तथा तलवार और मोमेंटो भेंट कर स्वागत किया गया।

**सुरक्षा के पुख्ता इंतज़ाम**

रामनवमी पर्व को लेकर पुलिस अधीक्षक कुमार गौरव के निर्देश पर शहर के चौक-चौराहों पर चेकिंग अभियान चलाया गया। थाना प्रभारी दुलड़ चौड़े के नेतृत्व में दोपहिया और चारपहिया वाहनों की जांच की गई।

**ड्रोन से निगरानी**

पूरे जिले में ड्रोन कैमरों से निगरानी रखी गई ताकि जुलूसों में किसी भी प्रकार की अव्यवस्था या हुड़दंग को रोका जा सके।

इस कार्यक्रम में एसडीपीओ अरविंद कुमार, अपर समाहर्ता रामा रविदास, राजीव रंजन पांडेय, राजधानी यादव, रवींद्र प्रजापति, मुरारी प्रसाद, सुशील अग्रवाल, विशाल भास्कर, जय सिंह, संतोष पासवान समेत सैकड़ों रामभक्त उपस्थित रहे।

**झांकी में धर्मपुर अखाड़ा ने जीता प्रथम पुरस्कार, ताशा में जुबली चौक रहा प्रथम**

श्री रामनवमी पूजा महासमिति द्वारा रामनवमी के मौके पर स्थानीय बाजारटांड़ मैदान में शस्त्र चालन प्रतियोगिता और पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों के कई अखाड़ों ने भाग लिया और अपने शस्त्र चालन कौशल से लोगों को प्रभावित किया। कई अखाड़ों ने आकर्षक झांकी प्रस्तुत की, जिसमें धर्मपुर प्रथम, अंबाकोठी द्वितीय और जुबली चौक तृतीय स्थान पर रहे। शस्त्र, लाठी डंडा और तलवारबाजी में बेहतर प्रदर्शन करने वाले अखाड़ा के सदस्यों को महासमिति द्वारा तलवार देकर पुरस्कृत किया गया। ताशा में पहले स्थान पर जुबली चौक, दूसरे स्थान पर धर्मपुर और तीसरे स्थान पर अंबाकोठी रहे। निर्णायक मंडली में मुख्य संरक्षक बैद्यनाथ राम, संरक्षक जय कुमार सिंह, अध्यक्ष प्रभात कुमार, महामंत्री राजन तिवारी, अमित पांडे, विशाल भास्कर और रंजीत पांडे समेत बड़ी संख्या में अखाड़े के सदस्य थे। मंच संचालन युवा नेता अंकित पांडे ने किया।

प्रभात मंत्र
e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com
हजारीबाग
रांची, मंगलवार, 08 अप्रैल 2025 | पेज 8

# गोपाल शिवांगना रामनवमी मेला शांति एवं सौहार्दपूर्ण वतावरण में हुआ संपन्न



प्रभात मंत्र संवाददाता

**हजारीबाग :** आराध्य प्रभु श्रीराम के जन्मोत्सव पर सदर प्रखण्ड स्थित सखिया गोपाल शिवांगना शिवमंदिर प्रांगण में गोपाल शिवांगना रामनवमी मेला महासमिति द्वारा भव्य रामनवमी मेला का आयोजन किया गया। इसमें सदर प्रखण्ड के ग्यारह गांव के अखाड़ा धारियों ने जुलुस का शानदार प्रदर्शन किया। जिसमें ओरिया, बिरबिर, सखिया, बैहरी, गुडवा, बेलामुण्डावार, कानिमुंडवार, सिंघानी, अमृतनगर करबे कला, करबे खुर्द एवं मरहेता गांव द्वारा मेला के दौरान जुलुस का प्रदर्शन दिया गया। जुलुस में रामभक्तों ने भक्ति गीतों पर खुब झुमे। गोपाल शिवांगना रामनवमी मेला महासमिति एवं प्रशासन सक्रियता एवं तत्परता के साथ मेला के दौरान जुटी रही। मेला परिसर में आकार्षक झुला एवं खानपान की वस्तुएं उपलब्ध रही। हजारों- हजार की संख्या में श्रद्धालुओं का आकार्षक का केंद्र बना। रामभक्तों ने अपने कला- कौशल से मेला को भव्यता प्रदान किया। ढोल- ताशा एवं प्रभु श्रीराम के गीतों पर रामभक्तों ने झुमकर जन्मोत्सव को बेहद ही खास बना दिया। हजारीबाग जिले एवं सुदुर्वती ग्रामीणों का मेला यहां हुजूम उमड़ा। जुलुस में घायल रामभक्तों को प्राथमिक उपचार की सुविधा दी गई। गोपाल शिवांगना रामनवमी मेला महासमिति एवं प्रशासन की सक्रियता और तत्परता से शांति एवं सौहार्दपूर्ण वतावरण में रामनवमी मेला यहां संपन्न हुआ। जिसमें रामभक्त भक्ति गीतों पर खुब झुमे। प्रभु श्रीराम के भक्ति गीतों से क्षेत्र गुलज़ार हुआ। इस दौरान जय श्री राम के उद्घोष से संपूर्ण क्षेत्र गुंजयमान हुआ। भक्ति जागरण कार्यक्रम के माध्यम से मेला को भव्यता प्रदान किया गया। अंग्रेजों के समय से यहां की रामनवमी मेला की परंपरा जीवंत है। मौके पर सदर प्रखण्ड विकास पदाधिकारी नीतु सिंह, मुफ्फसिल थाना प्रभारी कुणाल किशोर, बैहरी पंचायत मुखिया पवन यादव उर्फ पप्पू, गोपाल शिवांगना रामनवमी मेला महासमिति के अध्यक्ष अध्यक्ष पूरन महतो, सचिव रामस्वरूप मिस्त्री, उपसचिव सह सखिया पंचायत के पूर्व मुखिया अरुण यादव, संयुक्त सचिव प्रेम, उपाध्यक्ष मनोज कुमार पासवान, कोषध्यक्ष पप्पू कुमार साव, उप कोषाध्यक्ष गोपाल कुमार, कार्यकारिणी सक्रिय सदस्य देवदीप कुमार, भरत कुमार, उमेश कुमार, वरुण रंजन, पंचम कुमार पासवान, डब्लू राणां उर्फ संजय राणा, संतोष कुमार, ईश्वर महतो, सुभाष गोप, महावीर महतो, रोशन कुमार दास, अविनाश कुमार, त्रिवेणी कुमार, मनोज यादव, अमरदीप कुमार, मुकेश कुमार, सुधीर कुमार, दिलचंद महतो, दिलीप कुमार, वीरेंद्र कुमार, मनोज कुमार एवं श्रीकांत कुमार सहित कई प्रमुख लोग उपस्थित रहे।

# प्रवासी मजदूर की दुबई में मौत,परिजनों ने सरकार से पार्थिव शरीर लाने की किया माँग



प्रभात मंत्र संवाददाता

**विष्णुगढ़ :** विष्णुगढ़ प्रखंड अंतर्गत पंचायत सारुकुदर ग्राम मंगरो (झपाटांड) के प्रवासी मजदूर महावीर महतो की मौत रविवार सुबह दुबई में हो गई। उनकी मौत की सूचना मिलते ही परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल हो गया। वही गांव में भी शौक की लहर दौड़ गई है। बताया जाता है कि महावीर महतो रोजगार के सिलसिले से 4 वर्ष पूर्व दुबई गए हुए थे वहां लार्सन एंड टूब्रो लिमिटेड ईसीसी कंट्रक्शन ग्रुप के 220केवी एचजीसीपी न्यू सबस्टेशन, 220केवी बीएजी सबस्टेशन और 220केवी बीएफएन सबस्टेशन प्रोजेक्ट में फिटिंग मास्टर के रूप में कार्यरत थे। रविवार की अहले सुबह काम से छुट्टी होने के बावजूद कंपनी काम में लेकर जा रही थी, रास्ते में उनकी आकस्मिक मौत हो गई। उनके मौत से सभी हतप्रभ रह गए। उनकी मौत के बाद परिवार वालों पर विपत्ति का पहाड़ टूट पड़ा है। वाह अपने घर के एकमात्र कमाने वाले सदस्य थे। मृतक अपने पीछे बूढ़े पिता घुजा महतो, पत्नी सुमित्रा देवी, पुत्र फ़लजीत(13 वर्ष) और पुत्री सुमन कुमारी (18 वर्ष) को छोड़ गए। झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा के विष्णुगढ़ प्रखंड अध्यक्ष कौलेश्वर महतो ने इस घटना को लेकर संवेदना प्रकट करते हुए परिजनों को सांत्वना दी हर संभव मदद का भरोसा दिया।साथ ही उन्होंने कहा कि यह कोई पहली घटना नहीं है, लगातार आए दिन इस प्रकार की घटनाएं हो रही है। झारखंड राज्य खनिज संपदा से परिपूर्ण होने के बावजूद भी यहां के मूलवासी दूसरे राज्य या तो दूसरे देश मजदूरी करने जा रहे हैं। जहां मौत की घटनाएं लगातार हो रही है। झारखंड सरकार अब तक प्रवासी मजदूरों को रोकने के लिए झारखण्ड में कोई रोजगार का साधन उपलब्ध नहीं करवा पाएं है। झारखंड में बेरोजगारी दूर करने के लिए सरकार को धरातल में योजनाएं लानी चाहिए, यहां के लोगो को स्थानीय स्तर पर रोजगार मुहैया कराने का काम हो। इसके अलावा प्रवासी मजदूरों की आए दिन मौत तथा फंसने के मामले को लेकर एक बेहतर नीति बनानी चाहिए।

# आईसीआर डायरेक्टर व मुखिया प्रतिनिधि विशेश्वर यादव ने केवलिया डैम का किया निरीक्षण



प्रभात मंत्र संवाददाता

**बरही :** आईसीएआर गोरियाकरमा के निदेशक डॉ. श्री निवास राव ने बरही प्रखंड अंतर्गत केदारूत पंचायत में स्थित केवलिय डैम का निरीक्षण किया। साथ ही कृषि विज्ञान केंद्र द्वारा किए जा रहे कार्यो की गहन समीक्षा की। इस दौरान डॉ. श्री निवास राव ने विशेष रूप से तरबुज और टमाटर की विभिन्न तिथियों में की गई सिंचाई और उसके प्रभाव पर प्रक्षेत्र परीक्षण का निरीक्षण किया। मैके पर मुखिया प्रतिनिधि विशेश्वर यादव डायरेक्टर डॉ श्री निवास राव सिनियर वैज्ञानिक पंकज सिन्हा उप निदेशक डॉ विशाल नाथ पांडेय सहित कई लोग मौजूद थे।

# धनवार व कोरियाडीह में रामनवमी महापर्व को लेकर गाजेङ्गबाजे के साथ निकाला गया भव्य जुलूस, सुरक्षा रही चाक चौबंद

**श्रद्धा, भक्ति, उत्साह, उमंग और खुशियों का महापर्व है रामनवमी : राजेन्द्र प्रसाद**



प्रभात मंत्र संवाददाता

**बरही :** बरही प्रखंड अंतर्गत धनवार व कोरियाडीह के ग्रामीण इलाकों में रविवार को रामनवमी पूजा धूमधाम के साथ मनाया गया। क्षेत्र के सभी मंदिरों में श्रद्धालु भक्तों ने पूजा अर्चना की, लोगों ने अपने-अपने घरों में ध्वजारोहण कर पूजा अर्चना किया। कोरियाडीह स्थित शिव मंदिर प्रांगण हनुमान मंदिर, व धनवार शिव मंदिर सहित अन्य सभी मंदिरों में श्रद्धालु भक्तों ने श्रद्धा के साथ पूजा अर्चना की। वहीं दोपहर में पूरे गाजेङ्गबाजे व झांकियां के साथ राम भक्तों द्वारा जुलूस निकाला गया। जुलूस में शामिल राम भक्तों ने जय श्री राम के नारे लगाए। वहीं मौके पर उपस्थित पंचायत के स्थानीय मुखिया राजेंद्र प्रसाद ने कहा कि प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी रामनवमी के इस पावन अवसर पर आस्था के समागम का हिस्सा बनने का सौभाग्य प्राप्त हुआ है। भगवान श्री राम आप सभी की मनोकामनाएं पूरी करें, यही मंगल कामना है। उन्होंने कहा कि पूरी श्रद्धा,भक्ति, उत्साह, उमंग, और खुशी के साथ हम रामनवमी महापर्व मना रहे हैं। यह भगवान श्री राम के प्रति हमारी असीम, श्रद्धा, एवं आस्था का परिचायक है। इस अवसर पर हजारों की संख्या में श्रद्धालु इस शिव मंदिर प्रांगण में पूजा अर्चना करते हैं। हम मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम के आदर्शो को अपने जीवन में आत्मसात करें, रामनवमी महापर्व यही संदेश देता है। इस मौके पर स्थानीय मुखिया राजेंद्र प्रसाद, उप मुखिया दामोदर प्रसाद वर्मा, प्रकाश साहू, विनोद कुशवाहा, सुरेश प्रसाद कुशवाहा, रवि साव, दिनेश यादव, जवाहर प्रसाद कुशवाहा, राजकुमार प्रसाद, विनय कुमार, मनोज कुमार, महेंद्र कुमार, अजीत प्रसाद, संजय प्रसाद,मोहन प्रसाद, शत्रुघ्न प्रसाद, अमरजीत कुमार, सतीश कुमार, चंदन कुमार, सहित सभी राम भक्त मौजूद थे।

## रामनवमी पर्व के मद्देनजर डीआईजी, उपायुक्त और पुलिस अधीक्षक ने रामनवमी जुलूस में प्रतिनियुक्त सभी दंडाधिकारीयो को दिये आवश्यक दिशा निर्देश



**हजारीबाग (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** रामनवमी पर्व के मद्देनजर पुलिस लाइन में डीआईजी श्री संजीव कुमार, उपायुक्त नैंसी सहाय और पुलिस अधीक्षक अरविंद कुमार सिंह ने रामनवमी जुलूस में प्रतिनियुक्त सभी दंडाधिकारी, पुलिस पदाधिकारियों के साथ संयुक्त ब्रीफिंग किया और आवश्यक दिशा निर्देश दिए। डीआईजी संजीव कुमार ने उपस्थित पदाधिकारियों को संबोधित करते हुए कहा कि आप सभी को रामनवमी जुलूस के दौरान आपके कर्तव्यों और आपके प्रतिनियुक्त स्थल की जानकारी दे दी गई है। आप सभी को रामनवमी की जुलूस खत्म होने तक अलर्ट रहना है किसी भी परिस्थिति में लापरवाही नहीं बरतनी चाहिए। आप सभी अपने सीनियर के संपर्क में रहेंगे और दिए गए दिशा निर्देशों का पालन करेंगे।उपायुक्त नैंसी सहाय ने कहा कि आप सभी के लिए अगले 36 घंटे बेहद महत्वपूर्ण है। आप सभी को साथ मिलकर अच्छे ढंग से शांतिपूर्ण तरीके से रामनवमी जुलूस को संपन्न करना है। जुलूस के दौरान घटित होने वाले हर छोटी से छोटी घटना को कंट्रोल रूम को सूचित जरूर करेंगे। उन्होंने कहा कि जुलूस के दौरान भीड़ से शांतिपूर्ण तरीके से हैंडल करनी है। अपनी ड्यूटी से नदारद पाए जाने वाले पदाधिकारी के ऊपर कठोर कार्रवाई की जाएगी। किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। किसी भी परिस्थिति में शांति एवं संयम से धैर्य के साथ काम करनी है। आपके खाने पीने के सारी व्यवस्था कर दी गई है। किसी भी प्रकार की कोई समस्या हो तो कंट्रोल रूम को तुरंत सूचित करेंगे। पुलिस अधीक्षक अरविंद कुमार सिंह ने कहा कि पूरे शहर में 22 जोन बनाए गए हैं। सभी जोन में डीएसपी रैंक के पदाधिकारी की प्रतिनियुक्ति की गई है। किसी भी प्रकार की कोई इशू हो तो कंट्रोल रूम को तुरंत सूचित करेंगे। रामनवमी जुलूस को निरंतर गतिशील रखेंगे। उन्होंने कहा कि बंशीलाल चौक, झंडा चौक, ग्वालटोली चौक और इंद्रपुरी चौक में चारों ओर से जुलूस का आगमन होता है। चौराहों पर आने वाले जुलूसों को एक-एक करके बढ़ाने का काम करेंगे। किसी भी प्रकार के अफवाह पर ध्यान नहीं देंगे।ब्रीफिंग के दौरान डीआईजी संजीव कुमार, उपायुक्त नैंसी सहाय, पुलिस अधीक्षक अरविंद कुमार सिंह, डीडीसी इश्तियाक अहमद, अपर समाहर्ता संतोष सिंह सहित सभी प्रशासनिक व पुलिस पदाधिकारी व अन्य अधिकारी व कर्मी उपस्थित रहे।

## रामनवमी महापर्व में जुलूस के दौरान श्रद्धालुओं व आमजन के सुविधा के लिए जिला प्रशासन ने शौचालय, पेयजल, मेडिकल एवं बिजली कर्मियों को विभिन्न जगहों पर की व्यवस्थित

**हजारीबाग (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** रामनवमी पर्व के मद्देनजर शहरी क्षेत्र में जुलूस के दौरान श्रद्धालुओं एवं आमजन के सुलभ व्यवस्था को लेकर अस्थाई एवं मॉड्यूलर शौचालय का अधिष्ठापन शहरी क्षेत्र के चिन्हित स्थानों पर किया गया है।

**अस्थाई शौचालय एवं मॉड्यूलर टॉयलेट**

1.जामा मस्जिद मुख्य नाला रोड में रोड में बाएं तरफ
2.जादो बाबू चौक के पास
3.बड़ा अखाड़ा के पास

**अस्थाई शौचालय**

4. जैन मंदिर के सामने
5. गिलान रोड में
6. खिरगांव से कूद
7. घोड़ा अस्पताल का व्यवस्था

**मॉड्यूलर टॉयलेट**

8. मोहन सिनेमा के पास

**सामुदायिक शौचालय**

1. सदर अस्पताल
2. कोरा चौक
3. खिरगांव
4. न्यू बस स्टैंड
5. पुराना बस स्टैंड
6. टैक्सी स्टैंड
7. पीसीसीआर चौक
8. डेली मार्केट
9. बॉम्बे आवास 01
10. बॉम्बे आवास 02
11. बॉम्बे आवास 03
12. नुरा चौक
13. निर्मल महतो पार्क 02
14. कुम्हार टोली पार्क 02
15. पुराना ब्लॉक

**मॉड्यूलर यूरिनल**

1.खिरगांव टैक्सी स्टैंड
2.सदर अस्पताल
3.डिस्ट्रिक्ट बोर्ड चौक
4. सरकारी बस स्टैंड के सामने
5. कोर्रा चौक
6. मटवारी गांधी मैदान

**रामनवमी पर्व 2025 में निकलने वाले जुलूस मार्गो में पेयजल की व्यवस्था हेतु पानी टैंकर विभिन्न जगहों पर अधिष्ठापित किया गया है।**

1.पैगोड़ा चौक
2.सदर थाना के निकट
3.सेंट्रल बैंक मोड़ के पास
4.बड़ा अखाड़ा महासमिति कार्यालय के पास

# टाटीझरिया में धूमधाम से मनी चैत्र नवरात्र,लोगो में दिखा उत्साह



प्रभात मंत्र संवाददाता

**टाटीझरिया :** प्रखंड के झरपो, खैरा , भराजो ,टाटीझरिया ,डूमर, धरमपुर बेड़म डहरभंगा पंचायत के विभिन्न गांवों में श्रद्धालुओं ने बहुत ही धूम धाम से चैत्र महीने में मनाए जाने वाले नवरात्र एवं रामनवमी महोत्सव को हरेक वर्ष की भांति इस वर्ष भी बहुत ही धूम धाम से श्रद्धा युक्त होकर मनाया गया। वही झरपो,होलांग,बैडमक्का के दुर्गा मंदिर परिषर को बहुत ही आकर्षक तरीके से सजाया गया था। पूजा पंडालों में माता दुर्गा,लक्ष्मी,सरस्वती,गणेश, कार्तिक, की पूजा आचार्य पुरोहितों द्वारा श्रद्धालुओं को वैदिक मंत्रोच्चारण द्वारा अर्चना करवाया गया। क्षेत्र के चहूं ओर जय श्री राम जय श्री राम की नारे का जयघोष से गुंजायमान हुआ। क्षेत्र के कई गांवों मुहल्ले से पूजा मेला स्थलों तक अखाड़ा धारियों द्वारा शांतिपूर्ण सरकारी नियमावली को पालन करते हुए अद्भुत आकर्षक मनमोहक झांकी रामनवमी महोत्सव के अवसर पर दिखाया गया। बाद में पूजा समिति की ओर सभी अखाड़ा धारियों उनके द्वारा विभिन्न कला प्रदर्शन पर सांत्वना पुरस्कार दिया गया। दूसरे दिन विजया दशमी को दुर्गा माता की प्रतिमा को पूजा कर क्षेत्रीय नदी तालाबों में विसर्जन किया गया। मेले और झांकी जुलूस में शांति व्यवस्था बनाने को लेकर टाटीझरिया पुलिस प्रशासन में रामप्रवेश राय के साथ पुलिस दल संग समाज सेवीयों में रवि कुमार,विक्की कुमार , छोटन कुमार, विधायक प्रतिनिधि उपेंद्र कुमार पाण्डेय,सुरेश प्रसाद, प्रबिल प्रसाद संग कई लोग मौजूद थे।

# मृतक के परिजनो को हरसंभव मदद लिए मैं तैयार : चंद्रनाथ भाई पटेल

**दुबई में प्रवासी मजदूर की हार्ट अटैक से मौत,परिजन सकते में**



प्रभात मंत्र संवाददाता

**विष्णुगढ़ :** विष्णुगढ़ प्रखंड अंतर्गत पंचायत सारुकुदर ग्राम मंगरो (झपाटांड) के प्रवासी मजदूर महावीर महतो की मौत रविवार सुबह दुबई में हो गई। उनकी मौत की सूचना मिलते ही परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल हो गया। वही गांव में भी शौक की लहर दौड़ गई है। बताया जाता है कि महावीर महतो रोजगार के सिलसिले से 4 वर्ष पूर्व दुबई गए हुए थे वहां लार्सन एंड टूब्रो लिमिटेड ईसीसी कंट्रक्शन ग्रुप के 220केवी एचजीसीपी न्यू सबस्टेशन, 220केवी बीएजी सबस्टेशन और 220केवी बीएफएन सबस्टेशन प्रोजेक्ट में फिटिंग मास्टर के रूप में कार्यरत थे। रविवार की अहले सुबह काम से छुट्टी होने के बावजूद कंपनी काम में लेकर जा रही थी, रास्ते में उनकी आकस्मिक मौत हो गई। उनके मौत से सभी हतप्रभ रह गए। उनकी मौत के बाद परिवार वालों पर विपत्ति का पहाड़ टूट पड़ा है। वाह अपने घर के एकमात्र कमाने वाले सदस्य थे। मृतक अपने पीछे बूढ़े पिता घुजा महतो, पत्नी सुमित्रा देवी, पुत्र फ़लजीत(13 वर्ष) और पुत्री सुमन कुमारी (18 वर्ष) को छोड़ गए। इसकी सूचना मिलते ही झारखंड आंदोलनकारी सह भाजपा के प्रदेश कार्यसमिति सदस्य चन्द्रनाथ भाई पटेल परिजनों ने मिलने मृतक के घर पहुंचे, जहां उन्होंने मृतक के परिवार जनों को इस दुखद के पहाड़ को झेलने के लिए हिम्मत दिया। परिवार के लोगों को ढांढस बंधाते हुए उन्होंने इस संबंध में हर संभव मदद करने की बात कही। इसके साथ ही श्री पटेल ने इस संबंध में उच्च अधिकारियों से बात कर मृतक के परिजनों की मदद करने की मांग की है। प्रवासी मजदूरों की लगातार हो रही मौत पर उन्होंने चिंतन व्यक्त करते हुए कहा कि सरकार को जल्द इस समस्या के निवारण हेतु उचित कदम उठाने की जरूरत है।

# युवक का अपहरण-मारपीट कर मांगी 5 लाख की फिरौती



प्रभात मंत्र संवाददाता

**बरही :** बरही थाना क्षेत्र के अग्रवाल गली निवासी प्रभु नारायण साहू के पुत्र प्रख्यात कुमार साहू का किडनैप कर फिरौती मांगने व मारपीट कर जंगल में फेक देने का मामला प्रकाश में आया है। भुक्तभोगी प्रख्यात कुमार ने बताया कि पिछले 4 अप्रैल को दिन के करीब 11 बजे बगल के ही रवि कुमार नाम का व्यक्ति मुझे कॉल किया और कहां की इंटर कॉलेज बरही के पास आओ, तुम्हें पदमा से आए कुछ लोग मिलेंगे वो कागज और पैसा देंगे। इसके बाद में उनके कहने पर इंटर कॉलेज बरही चला गया। वहां जाने के बाद कोई व्यक्ति ऐसा नहीं मिला जो हमें पैसा व कागज देगा। जिसके बाद वापस आने लगा, इसी दौरान हरला के रास्ते में चार पहिया कार से दो नकाबपोश व्यक्ति निकला। और मुझे जबरदस्ती गाड़ी में बैठाकर ले भागा। पंचमाधव के जंगल में मेरा मुंह टैप से बांध दिया, रस्सी से हाथ पैर दोनों को बांधकर गाड़ी के पीछे डिक्की में डाल दिया, और कहा कि हल्ला करने पर जान से मार देंगे। उसके बाद मुझे विष्णुगढ़ जंगल ले जाया गया। वहां से मेरे मोबाइल से मेरे पिता को करीब 1 बजे फोन किया गया और एक करोड़ का फिरौती की मांग की गई। वहीं इसकी सूचना बरही पूर्वी मुखिया छोटन ठाकुर को दिया गया। वहीं बताया गया कि अगर नहीं दोगे तो तुम्हारे पुत्र के साथ-साथ पूरे परिवार को जान से मार देंगे। वही बताया कि 1 वर्ष पूर्व भी मुझे एक लिफाफा मेरे घर के सामने मिला था, जिसमें एक करोड़ की फिरौती की मांग की गई थी, जिसकी सूचना मैं बरही थाना को दिया था। लेकिन पुख्ता सबूत नहीं होने के कारण कुछ नहीं हो सका। वहीं भुक्तभोगी के पत्नी रीता कुमारी ने बताया कि 3 अप्रैल की रात्रि को बगल के रवि कुमार ने मेरे पति के मोबाइल पर फोन कर बुला रहा था, लेकिन मेरे मना करने पर नहीं गए। पुनः 4 अप्रैल को 11 बजे रवि का फोन आने के बाद ही मेरे पति इंटर कॉलेज बरही गए, जब रोज की भांति दुकान से खाना खाने नहीं पहुंचे तो मैं रवि कुमार के पास गया कि तुम्हारे कहने पर मेरे पति इंटर कॉलेज बरही गए थे, वह वापस अभी तक नहीं आया, जिसके बाद थोड़ी ही देर में किडनैपर का फोन आ गया। बता दे की प्रख्यात कुमार अग्रवाल गली में स्थित कुकिंग एंड कैटरिंग दुकान में कार्य करता है इसके साथ ही बरही में कॉमेडियन के नाम से जाना जाता है कई कॉमेडी का वीडियो सोशल मीडिया पर लगातार प्रसारित करता रहता है, जिसे बरहीवासी पसंद भी करते हैं। इधर पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी आभास कुमार ने बताया कि उक्त घटना के बारे में अभी तक उनके परिजनों के द्वारा कोई जानकारी हमें नहीं दी गई है, आवेदन मिलने पर मामला दर्ज कर करवाई की जाएगी, दोषियों को बक्शा नहीं जाएगा।

# बरही में विभिन्न अखाड़ों की निकाली गई झाकियां, जीवंत झाकियां रहा आकर्षक का केंद्र



**बरही चौक समेत सभी जगहों पर दिखा सुरक्षा का रहा पुख्ता इंतेजाम**

प्रभात मंत्र संवाददाता

**बरही :** बरही रामनवमी के अवसर पर रविवार नवमी देर रात बरही में सात अखाड़ों के द्वारा आकर्षक झांकियां निकाली गई। इनमें बजरंग अखाड़ा मल्लाह टोली, श्रीराम अखाड़ा बाराटांड, हनुमान सेना हजारीबाग रोड बरहीडीह, अंजनी अखाड़ा पटना रोड, महावीर मंडल धनबाद रोड बरही एवं भगवती मंदिर अखाड़ा धनबाद रोड बरही व लश्करी बरही के द्वारा निकाली गई झांकिया शामिल थी। सभी झांकियां एक से बढ़कर एक थी। गया रोड बजरंग अखाड़ा मल्लाह टोली द्वारा निकाली गई जीवंत झांकी भक्ति से ओत प्रोत थी। जहां हवा में कमंडल के सहारे प्रभु शियाराम का सुमिरन करते हुए श्री हनुमान और भगवान गौरी शंकर का नृत्य आकर्षक का केंद्र रहा। तिलैया रोड के अंजनी अखाड़ा के द्वारा जालंधर वध पर आधारित जीवंत झांकी की प्रतुति थी। हजारीबाग रोड हनुमान सेना के द्वारा छत्रपति सांभाजी महाराज और हनुमान सियाराम का प्रतिमा व श्रीराम अखाड़ बाराटांड़ के द्वारा सीता हरण की जीवंत झांकी प्रतुति थी। वहीं महावीर मंडल धनबाद रोड में छत्रपति सभाजी महाराज और औरंगजेब के बीच संवाद की जीवंत प्रतुति व भगवती मंदिर अखाड़ा के द्वारा देव-दानव के द्वारा समुद्र मंथन की स्टैचू प्रतिमा झांकी का रौनक बढ़ा रही थी। वहीं लश्करी से श्री राम अखाड़ा के द्वारा हनुमान का रौद्र रूप और शियाराम का प्रतिमा का प्रदर्शन की गई थी। इस अवसर पर सुरक्षा का पुख्ता इंतजाम किया गया था। ट्रैफिक के लिए पर्याप्त संख्या में पुलिस बल की तैनाती की गई थी। शोभा यात्रा के दौरान बरही चौक पर बना वॉच टावर से बरही प्रशासन निगरानी करती दिखी, साथ में रामनवमी पूजा महासमिति के लोग भी मौजूद रहे । वही शोभा यात्रा में बरही विधायक मनोज कुमार यादव शामिल हुए, जिनका स्वागत रामनवमी पूजा महासमिति की ओर से पगड़ी व तलवार भेट कर किया गया। वहीं एसडीओ जोहन टुडू, डीएसपी अजीत कुमार विमल, सीओ अमित किस्कू, बीडीओ जयपाल महतो, पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी आभाष कुमार व विभिन्न अखाड़ा के अध्यक्षों को भी समिति के द्वारा सम्मानित किया गया।

प्रभात मंत्र

e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com



# पीवीयूएनएल पावर प्लांट चालू करने को लेकर उपायुक्त की अध्यक्षता में हुआ बैठक का आयोजन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ़ :** रामगढ़ जिला अंतर्गत पतरातू प्रखंड में पीवीयूएनएल पावर प्लांट चालू करने को लेकर रसदा, बलकुदरा, जयनगर एवं गेगदा ग्राम के निवासियों की उपस्थिति में सोमवार को उपायुक्त, रामगढ़ चंदन कुमार की अध्यक्षता में समाहरणालय सभाकक्ष में बैठक आयोजन किया गया। बैठक के दौरान सर्वप्रथम उपायुक्त द्वारा पतरातू प्रखंड में पीवीवीएनएल पावर प्लांट चालू करने को लेकर आ रही समस्याओं से सभी को अवगत कराया गया। इस दौरान सर्वे, भूअर्जन, नौकरी सहित अन्य महत्वपूर्ण विषयों पर पीवीयूएनएल के अधिकारियों एवं संबंधित ग्राम के निवासियों के साथ चर्चा की गई। मौके पर ग्राम के निवासियों द्वारा अपने पक्ष को सभी के समक्ष रखा गया। जिस पर उपायुक्त एवं पीवीयूएनएल के अधिकारियों द्वारा कई महत्वपूर्ण जानकारियां साझा की गयी। साथ ही प्लांट चालू करने को लेकर कई महत्वपूर्ण विषयों पर परिचर्चा के क्रम में आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। बैठक के दौरान उपायुक्त के द्वारा पीवीयूएनएल के अधिकारियों को पतरातू प्रखंड अंतर्गत रसदा, बलकुदरा, जयनगर एवं गेगदा ग्राम में ग्रामीणों के लिए आईटीआई प्रशिक्षण आयोजित करने का निर्देश दिया। बैठक के दौरान अपर समाहर्ता, अनुमंडल पदाधिकारी, भूमि सुधार उपसमाहर्ता, प्रभारी पदाधिकारी गोपनीय शाखा, अंचल अधिकारी पतरातू सहित अन्य उपस्थित थे।



# सयाल सिद्धेश्वर नाथ मंदिर से हजारों रामभक्तो ने निकाली रामनवमी शोभायात्रा

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**उरीमारी :** सयाल में रविवार को रामनवमी पुजा धुमधान से मनाई गई। वहीं विधिवत पूजा अर्चना के बाद महावीरी झंडा के साथ आकर्षक झांकी निकाली गई। इस दौरान जय श्री राम व जय हनुमान के उद्घोषों से समस्त सयाल क्षेत्र गुंजायमान हो उठा। वहीं इस शोभायात्रा झांकी में युवाओं ने लाठी व तलवार बाजी कर एक से बढ़कर एक हैरतअंगेज करतब दिखाए। वहीं यह शोभायात्रा सयाल के सिद्धेश्वर नाथ मंदिर (प्राचीन शिव मंदिर) से निकाला गया। जो सयाल के विभिन्न कालोनियों का भ्रमण कर पुणः प्राचीन शिव मंदिर पहुंचा। वहीं सोमवार को सद्भावना समिति ने रामनवमी कमिटी सयाल के सदस्यों को किया सम्मानितउरीमारीःप्राचीन शिव मंदिर के प्रांगण में रामनवमी के सफल एवं भव्य शोभा यात्रा के सफलता के लिए सद्भावना समिति सयाल के सदस्यों ने रामनवमी कमेटी के सभी पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं को अंग वस्त्र दे कर सम्मानित किया। एवं शुभकामनाएं भी दिए। मौके पर प्राचीन शिव मंदिर की अध्यक्ष पम्मी कुमार, पूर्व जिला परिसद सदस्य अर्चना, सद्भावना समिति के संरक्षक बीरेन्द्र पासवान,ओमप्रकाश सिंह,अर्जुन सिंह,संजय शर्मा,रामविलाश यादव, सद्भावना समिति के अध्यक्ष सत्येंद्र यादव, सचिव अनूप कुमार उर्फ पिंटू सिंह,कमलेश सिंह बिनोद कुमार,राजीव सिन्हा,सशि पासवान,छोटन सिंह,भूषण शर्मा,संटू सिंह,सुलेखा बनर्जी,सुनील सिन्हा,सन्नी कुमार,संदीप केसरी,पिन्टू राय वहीं रामनवमी कमिटी से ये थे उपास्थि सचिव अंकित कुमार, सह सचिव अंशु कुमार, उपाध्यक्ष आदिप सिंह, कोषाध्यक्ष सनी कुमार सह कोषाध्यक्ष सत्यम सिन्हा, बंटी यादव,बबलू कुमार,सोनू मालाकार, आशीष यादव, साहिल कुमार, बॉबी कुमार, अजय भगत, मधेश यादव छोटू कुमार, ओम कुमार, विवेक कुमार ,बॉबी ,बिट्टू ,पिंटू मुंडा मनीष,निखिल ,कुंदन ,धनंजय ,नोडी सूरज, हरे राम।



## श्री श्री रामनवमी पूजा समिति मांडू ग्राम गोविंदपुर का रामनवमी झांकी निकाली गई

**रामगढ(प्रभात मंत्र संवाददाता):** श्री श्री रामनवमी पूजा समिति मांडू ग्राम गोविंदपुर का रामनवमी झांकी का उद्घाटन मुख्य अतिथि मांडू विधानसभा निर्मल महतो के द्वारा किया गया। विशिष्ट स्थिति के रूप में मांडू चट्टी पंचायत की मुखिया अनीता देवी उपस्थित थी। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से अध्यक्ष कुंदन कुमार उपाध्यक्ष लालमोहन कुमार सच्ची अशोक कुमार उपसचिव तूफान कुमार कार्यकारिणी अध्यक्ष बालेश्वर उर्फ छोटेलाल भुईयां सदस्य नरेश भुईयां रावण भुईयां राजू भुईयां विकास कुमार रविदास संजय रविदास आदि उपस्थित थे।



## मांडू विधायक के द्वारा पवन कुमार यादव को नगर परिषद क्षेत्र का विधायक प्रतिनिधि बनाया गया

**रामगढ(प्रभात मंत्र संवाददाता):** मांडू विधायक निर्मल महतो के द्वारा ग्राम हथामारा पोचरा दिगवार मांडु निवासी पवन कुमार यादव पिता अर्जुन यादव को रामगढ नगर परिषद क्षेत्र विधायक प्रतिनिधि मनोनीत किया गया है विधायक निर्मल महतो की अनुपस्थित में रामगढ नगर परिषद क्षेत्र में होने वाली सभी बैठकों में भाग लेने की अनुमति प्रदान की गई है इस मौके पर पवन कुमार यादव ने कहा कि जो भी विधायक के द्वारा हमें दायित्व दिया गया है उनका में पूरी तरह से खरा उतर के दिखाऊंगा और नगर परिषद क्षेत्र का समस्या को समाधान करने की कोशिश करूंगा।



# युकोवयू बिरसा शाखा ने रिकार्ड कोयला उत्पादन पर महाप्रबंधक अजय सिंह को किया सम्मानित

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**उरीमारी :** सीसीएल बरकासयाल क्षेत्र के द्वारा वित्तिय वर्ष 2024-25 में निर्धारित लक्ष्य हासिल करने एवं रिकॉर्ड कोयले का संप्रेषण करने पर युनाइटेड कोल वर्कस युनियन बिरसा शाखा ने सम्मान समारोह आयोजित कर सीसीएल बरकासयाल महाप्रबंधक अजय सिंह एवं एसओइएंडएम अमरेन्द्र कुमार व संजय कुमार और अजय कुमार को युनियन पदाधिकारियों द्वारा पुष्प गुच्छ एवं शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया गया। वहीं बरकासयाल के द्वारा सफलता पुर्वक लक्ष्य प्राप्त एवं संप्रेषण के लिए बेहतर समन्वय व कार्यकुशलता के लिए युनाइटेड कोल वर्कस युनियन के द्वारा सभी पदाधिकारीयो कि सराहना कि गई। वहीं युनाइटेड कोल वर्कस युनियन के बिरसा शाखा सचिव बरूण कुमार ने कहा कि सीसीएल बरकासयाल क्षेत्र ने वित्तीय वर्ष में अविश्वसनीय मेहनत कर रिकॉर्ड तोड कोयला उत्पादन व ओबीआर निकालने में सफलता हासिल किया है। इस उपलब्धि को हासिल करने में सभी क्षेत्र के कर्मचारी, पदाधिकारी,युनियन एवं विशेषकर एटक के राष्टीय अध्यक्ष सह जेबीसीसीआई सदस्य कामरेड रमेन्द्र कुमार ने भी बरकासयाल क्षेत्र कि प्रशंसा करते हुए कहा है कि सीसीएल बरकासयाल क्षेत्र को जो भी लक्ष्य मिला उसपर बरकासयाल क्षेत्र खरा उतरने का काम किया है। इसके लिए सभी कोयला कामगार,मजदूर यूनियन, रैयत विस्थापित सभी बधाई के पात्र हैं। वहीं शाखा सचिव बरूण कुमार ने यह भी कहा कि आशा ही नहीं पुर्ण विश्वास है कि सीसीएल बरकासयाल क्षेत्र वित्तीय वर्ष 2025-26 में एक और नया मुकाम हासिल करेगी। वहीं इस मौके पर ओमप्रकाश सिंह, सुरेश प्रसाद, सदानंद सिंह,आनंद कुमार सिंह, सैय्यद, धनंजय कुमार, नसीरूद्दीन आदि लोग मौजूद थे।




# अरगड्डा स्टेडियम रामनवमी मेला में उमड़ा जनसैलाब, महावीरी झंडे का हुआ मिलान

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिरका :** रामनवमी के अवसर पर अरगड्डा स्टेडियम में आयोजित मेला में जनसैलाब उमड़ पड़ा। सिरका अरगड्डा के कई अखाड़ो के लोग गाजे बाजे और अपनी अपनी झांकियों के साथ जय श्री राम, जय हनुमान के नारे लगाते हुए अरगड्डा स्टेडियम पहुँचे। जिनका स्वागत अरगड्डा अंजुमन कमिटी ने पुष्प वर्षा कर किया। सिरका अरगड्डा के बिभिन्न मंदिरों और अखाड़ो से आये महाबीरी झंडे का मिलान हुआ। रामनवमी महासमिति के तत्वावधान में आयोजित फिक्स झांकी और मेला का उदघाटन मुख्य अतिथि अरगड्डा महाप्रबंधक, अतिथि दिवाकर प्रसाद सिंह, डॉ प्रदीप सिंह, हरिशन्द्र पटेल, हसीबुल अंसारी, हारून राशिद, एहसान अंसारी और महासमिति के अध्यक्ष रणधीर गुप्ता ने संयुक्त रूप से किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता रणधीर गुप्ता व संचालन प्रशांत बेल्थरिया ने किया। समिति के सदस्यों ने अतिथियों को अंग वस्त्र और पगड़ी पहनाकर सम्मानित किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि ने कहा कि रामनवमी सिर्फ धार्मिक त्योहार ही नही है बल्कि भगवान राम के सिद्धान्तों और आदर्शों की याद भी दिलाता है। यह लोगो को सत्य नैतिकता और भक्ति का जीवन जीने के लिये प्रोत्साहित करता है। इस त्योहार को मनाकर भक्त ईश्वरीय आशीर्वाद प्राप्त करते है। कार्यक्रम में कानपुर से आये झांकी ने एक से बढ़कर एक प्रस्तुति पेश किया। लोगों ने झांकी का जमकर आनंद उठाया। मेले में आये रामभक्तों ने पारम्परिक अस्त्र शस्त्र का हैरत अंगेज प्रदर्शन कर सबको रोमांचित किया। लगभग 30 हज़ार लोगों ने मेले का आनंद उठाया। मौके पर रामनवमी महासमिति के अमरलाल महतो, लालू सिंह, अनिल चौधरी, सुषमा देवी, गरीबा भुईया, अशोक कुमार, अरुण दास, अन्नू सिंह, विक्की मेहता, विनोद करमाली, भानु सहित कई उपस्थित थे।



# सारूबेरा के पुराना हनुमान मंदिर में विजयदशमी के दिन खिचड़ी भोग का वितरण किया गया

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**कुजू :** सारूबेरा सर्किट हाउस के पास स्थित पुराना हनुमान मंदिर में विजयदशमी के दिन तय समय के अनुसार खिचड़ी भोग का वितरण विधि विधान के साथ पंडित द्वारा मंत्र उच्चारण संपन्न करने के बाद, हजारों श्रद्धालुओं के बीच वितरण किया गया। बहुत से श्रद्धालु मंदिर प्रांगण में खिचड़ी प्रसाद को ग्रहण किया और बहुत से लोग अपने घर ले गए। पूजा समिति के संरक्षक कुमार सिंह नई जानकारी देते हुए बताया कि प्रत्येक वर्ष की तरह इस वर्ष भी रामनवमी की पूजा धूमधाम से संपन्न हुई। विजयदशमी के दिन खिचड़ी भोग का प्रसाद वितरण किया गया हजारों श्रद्धालुओं के बीच, उसके बाद शांतिपूर्वक जुलूस बाल विद्या मंदिर तक उसके बाद वहां से होते हुए महतो टोला तक गया। जुलूस में स्त्री पुरुष नौजवान की भारी भीड़ थी और प्रशासन के लोग भी साथ-साथ चल रहे थे। इस अवसर पर परियोजना पदाधिकारी सहित अन्य सदस्यों को अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में समिति के अध्यक्ष संतोष कुमार सिंह संरक्षक नवल महतो,, राकेश कुमार सिंह, प्रकाश कुमार सिन्हा, उपाध्यक्ष पारस महतो, सचिव प्रकाश महतो, कोषाध्यक्ष इंदल सिंह एवं तेज प्रताप सिंह, मनोज मिश्रा, राजन कुमार, ओम सिंह राजपूत, राहुल कुमार, संजय कुमार, सुधीर सिंह पप्पू सिंह, राजन कुमार धनंजय सिंह, दिव्यांशु,प्रियांशु, मनोज श्रीवास्तव, अशोक प्रसाद, सहित सैकड़ो सरू बेड़ा कॉलोनी के सदस्य जुलूस में शामिल हुए। महिलाओं में रेखा देवी,बीना देवी कौशल्या देवी रीता देवी, बबीता देवी, पूनम देवी,पूनम कुमारी, किरण देवी, नेहा भारती, नैना भारती, सूर्यवंशी सलोनी स्नेहा सलोनी,श्रुति कुमारी, अनीता देवी, अनिता कुमारी, सहित सैकड़ो महिलाएं भी साथ चल रही थी।



# जिला प्रशासन के पहल पर रामनवमी शांतिपूर्ण संपन्न हुआ

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ़ :** रामनवमी त्योहार के अवसर पर रामगढ़ जिला अन्तर्गत कुल 217 (लाईसेंसी 145 एवं गैर लाईसेंसी 72) अखाड़ों के द्वारा रामनवमी जुलूस निकाला गया। रामनवमी त्योहार को लेकर हिन्दु समुदाय में हर्षोल्लास देखा गया। काफी भारी संख्या में महिला, पुरूष एवं बच्चों ने जुलूस में भाग लिया। रामगढ़ के शहरी क्षेत्रों के अलावे ग्रामीण क्षेत्रों में भी भारी संख्या में भीड़ देखी गई।चंदन कुमार, (भा0प्र0 से0) उपायुक्त एवं अजय कुमार, (भा0पु0से0), पुलिस अधीक्षक, रामगढ़ के द्वारा रामगढ़ थानान्तर्गत 38. रजरप्पा थानान्तर्गत 38 एवं गोला थानान्तर्गत 31 कुल 107 अखाड़ों के द्वारा निकाले गये जुलूस को सोमवार को समय सुबह 04ः30 बजे तक सड़क पर स्वयं उपस्थित रहकर शांतिपूर्ण रूप से संपन्न करवाया गया।रामगढ़ जिला अन्तर्गत हिन्दु एवं मुस्लिम समुदाय के द्वारा आपसी भाईचारे का परिचय देते हुए अनुठी मिसाल पेश किया गया। रामगढ़ थानान्तर्गत सौदागर मोहल्ला, गोलपार, नईसराय एवं कुज्जु ओ0पी0 अन्तर्गत कुज्जु चौक एवं श्रीराम चौक में मुस्लिम समुदाय के द्वारा रामनवमी त्योहार के अवसर पर मंच तैयार किया गया। मंच पर उपायुक्त एवं पुलिस अधीक्षक, रामगढ़ स्वयं उपस्थित रहे तथा उनके समक्ष मुस्लिम समुदाय के द्वारा जुलूस में शामिल हिन्दु समुदाय के सभी अखाड़ों के व्यक्तियों पर पुष्प की बारीश की गई तथा एक जागृत समाज का संदेश दिया गया। दोनो समुदायों के द्वारा गंगा यमुना का तहजीब हमेशा बरकरार रखते हुए अगामी पर्व / त्योहार को भी आपसी भाईचारे के साथ शांतिपूर्ण एवं सौहार्द पूर्ण तरीके से मनाये जाने का संकल्प लिया गया। नगर भवन, रामगढ़ में उपायुक्त एवं पुलिस अधीक्षक, रामगढ़ के द्वारा रामनवमी त्योहार को लेकर जिलास्तरीय शांति समिति के बैठक का आयोजन किया गया था, जिसमें हिन्दु एवं मुस्लिम समुदाय के समिति अध्यक्ष, सदस्य एवं गणमान्य व्यक्ति शामिल हुये थे। बैठक में सभी उपस्थित व्यक्तिगण से रामनवमी त्योहार को आपसी भाईचारे के साथ मनाने का अपिल किया गया था, जिससे प्रोतसाहित होकर मुस्लिम एवं हिन्दु समुदाय के द्वारा आपसी भाईचारे का परिचय देते हुए अनुठी मिसाल पेश किया गया। पुलिस अधीक्षक, रामगढ़ के द्वारा बताया गया कि रामगढ़ जिला के हिन्दु एवं मुस्लिम समुदाय के व्यक्तियों के द्वारा जो आपसी भाईचारे का अनुठी मिसाल पेश किया गया यह एक सिख है वैसे असामाजिक एवं शरारती तत्वों के लिये जो समाजिक सोहार्द को बिगाड़ने का काम करते है। साथ ही हिदायत दिया गया कि अगामी पर्व / त्योहार में दो समुदायों के बीच खलल पैदा करने, समाजिक सोहार्द बिगाड़ने तथा विधि-व्यवस्था की समस्या उत्पन्न करने वाले व्यक्तियों को चिन्हित कर उसके विरूद्ध कड़ी कानुनी कार्रवाई की जाएगी।उपायुक्त एवं पुलिस अधीक्षक, रामगढ़ के द्वारा रामगढ़ जिला में बनाये गये विभिन्न मंचो से पूरे हिन्दु एवं मुस्लिम समुदाय के व्यक्तियों को आपसी भाईचारे के साथ त्योहार मनाने का अपील किया गया। हिन्दु समुदाय के महिला, पुरूष एवं बच्चे भारी संख्या में जुलूश में शामिल हुये तथा सभी अपने संयम का परिचय देते हुए अनुशासित तरीके से प्रेम एवं सौहार्द के साथ आगे बढ़ते रहे और जुलूश को शांतिपूर्ण रूप से सपन्न करवाया गया। जिले में किसी भी तरह की कोई भी विधि-व्यवस्था की समस्या उत्पन्न नहीं हुई। जिले में कई थाना क्षेत्रों में चैती दुर्गा पुजा का आयोजन किया गया है, आज माँ दुर्गा की प्रतिमा का विसर्जन शांतिपूर्ण तरीके से किया जा रहा है। रामनवमी त्योहार को शांतिपूर्ण तरीके से सम्पन्न कराने में अनुमण्डल दण्डाधिकारी, अनुमण्डल पुलिस पदाधिकारी, पुलिस उपाधीक्षक (मु0), सभी प्रखण्ड विकास पदाधिकारी, अंचलाधिकारी, पुलिस निरीक्षक, थाना/ओ0पी0 प्रभारी एवं कर्मियों का महत्वपूर्ण योगदान रहा। रामनवमी डियूटी में प्रतिनियुक्त पुलिस पदाधिकारियों, आरक्षी, आई0आर0बी0 के जवान, गृहरक्षक, चौकीदार के द्वारा अपने कर्तव्यों का पालन 24 घंटे मुस्तैद रहकर ढुढतापूर्वक किया गया। पुलिस अधीक्षक, रामगढ़ के द्वारा डियूटी के दौरान सभी पुलिस कर्मियों से मुलाकात कर उनकी समस्याओं से अवगत होते हुए उनके खाने, पिने आदि की व्यवस्था का जायजा लिया गया तथा मनोबल को ऊंचा बनाये रखने हेतु प्रोत्साहित किया गया।



## भुरकुंडा हुई भगवामई,एक साथ दर्जनों झांकियां ने भुरकुंडावासीयो का मन मोहा

# जय श्री राम के नारों से गूंजा भुरकुंडा,लगभग दस हजार लोग बने रामनवमी अखाड़ा के गवाह

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**भुरकुंडा/उरीमारी :** भुरकुंडा रामनवमी मैदान स्थित रविवार को धूमधाम से रामनवमी पर्व मनाई गई। वहीं इस बीच रामनवमी मैदान पहुंचे एक से बढ़कर एक दर्जनों झांकियां लोगों के बीच आकर्षण का केन्द्र रहा, इस बीच पूरा इलाका जय श्री राम के नारो से गुंजायमान हो उठा और एक से बढ़कर एक झांकी प्रदर्शित किया गया।

इस अवसर पर विभिन्न समाजिक संगठनों द्वारा रामनवमी मैदान के आसपास और भुरकुंडा मेन रोड पर चना गुड़ शरबत पानी का व्यवस्था की गई। वहीं इस रामनवमी उत्सव में मुख्य अतिथि हजारीबाग सांसद मनीष जयसवाल, बड़कागांव विधायक रोशन लाल चौधरी, पतरातु एसडीपीओ गौरव गोस्वामी, झामुमो हजारीबाग जिलाध्यक्ष संजीव बेदिया, पतरातु अंचलाधिकारी मनोज चौरसिया, रामगढ़ जिला सांसद प्रतिनिधि राजीव जयसवाल,थाना प्रभारी निर्भय गुप्ता आदि लोग उपस्थित हुए। वहीं मुख्य अतिथि सांसद मनीष जायसवाल ने कहा कि समस्त झारखंड में तीसरे स्थान पर कोयलांचल भुरकुंडा का नाम रामनवमी झांकी के लिए विख्यात है।

यहां 16 झांकीयो ने एक से बढ़कर एक हैरतअंगेज करतब दिखाए। वहीं सांसद मनीष जायसवाल ने भगवान मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम के आदर्शो पर चलने का आह्वान किया। वहीं आए हुए सभी उपस्थित अतिथियों का महारामनवमी मेला पूजा समिति के विश्वरंजन सिन्हा अमरेश सिंह, कुलेश्वर तूरी ने बैच लगाकर व अंग वस्त्र भेंट कर सभी को सम्मानित किया। कार्यक्रम का मंच संचालन रितेश मिश्रा।

योगेश दांगी, विश्वरंजन सिन्हा ने किया। बता दें कि लादी चिकोर भुरकुंडा महुआ टोला,कुरसे, मतकमा, देवरिया,पटेल नगर सयाल मोड़, जवाहर हनुमानगढ़ी, पगला आश्रम सहित अन्य जगहों के अखाड़ों द्वारा जूलूस निकालकर झांकी प्रदर्शन किया गया।श्री महारामनवमी मेला पूजा समिति मुख्य संरक्षक चमन लाल, टिकेश्वर महतो,विनय सिंह चौहान,अध्यक्ष मनोज कुमार राम।

महासचिव प्रदीप मांझी, सचिव विश्वरंजन सिन्हा, बिरेंद्र यादव, फुलेश्वर तूरी, योगेश दांगी,वहीं उपाध्यक्ष अजय साहू, राजेंद्र मुंडा, मुकेश राउत, राणा प्रताप सिंह,उप सचिव कपूर सिंह, संतोष मिश्रा, ब्यास पांडेय, प्रेम कुमार, अमित साहू,रामफल बेदिया, प्रमुख प्रतिनिधि सीताराम मुंडा, शंकर मांझी, बिहारी मांझी मौजूद थे। सभी उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले झांकी अखाड़े वालों को महारामनवमी मेला पूजा समिति द्वारा कफ सिलड सर्टिफिकेट से सम्मानित किया गया।



प्रभात मंत्र

e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com




# चैंबर ऑफ कॉमर्स पुराना बाज़ार के मंच पर दिखा कौमी एकता व आपसी भाईचारा



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**धनबाद :** श्री राम नवमी के पावन अवसर पर पुराना बाज़ार में दर्जन भर अखाड़ा दलों ने अपने करतब खेल कौशल का बेजोड़ नमूना प्रस्तुत किया। चैंबर ऑफ कॉमर्स पुराना बाज़ार द्वारा पुराना बाज़ार रेलवे फाटक के पास भव्य सेवा मंच का निर्माण किया गया था। मंच से चैंबर के पदाधिकारियों ने अखाड़ा दलों का स्वागत करते नजर आए। श्रद्धालुओं के लिए लाइट, पेय जल और शरबत की व्यवस्था चैंबर के द्वारा की गई थी। पाटलिपुत्र सुपर स्पेशलिस्ट हॉस्पिटल जोड़ाफाटक की ओर से फर्स्ट एड और एंबुलेंस की व्यवस्था की गई थी। चारो ओर जय श्री राम के जयकारों से पुराना बाज़ार गूंज रहा था। चैंबर ऑफ कॉमर्स पुराना बाज़ार के सदस्य स्थानीय पुलिस के जवानों की सहायता करते भी दिखे।चैंबर ऑफ कॉमर्स पुराना बाज़ार के प्रवक्ता विजय सैनी ने बताया के बिना आग,पटाका और ट्यूब लाइट के खेल को प्रोत्साहन देने के लिए अनुशासित खेल करतब दिखाने वाले अखाड़ा दलों को चैंबर द्वारा पुरुस्कृत किया गया है जिसमे प्रथम पुरस्कार-श्री श्री नवयुवक शक्ति दल (गांधी रोड), द्वितीय पुरस्कार-श्री श्री प्रताप दल (पुराना स्टेशन), तृतीय पुरस्कार-श्री श्री प्रताप दल (दरी मोहल्ला) अनुशासन सम्मान - श्री श्री वीर कुंवर सिंह अखाड़ा श्री श्री बीर बर्बरीक शक्ति दल (रतनजी रोड, पुराना बाज़ार) अखाड़ों को बैंक मोड़ थाना प्रभारी प्रवीण कुमार और धनसार थाना प्रभारी मनोज कुमार पाण्डेय के हाथों दिया गया। चैंबर ऑफ कॉमर्स पुराना बाज़ार के मंच पर धनबाद विधायक राज सिन्हा, झरिया विधायक रागिनी सिंह, पूर्व सांसद पशुपति नाथ सिंह, पूर्व मेयर शेखर अग्रवाल, डीएसपी विधि व्यवस्था नौशाद आलम, जिला चैंबर के पूर्व अध्यक्ष राजेश गुप्ता सहित शहर के दर्जनों गणमान्य लोग उपस्थित थे।चैंबर ऑफ कॉमर्स पुराना बाज़ार के अध्यक्ष सोहराब खान और महासचिव पवन सोनी ने कहा की हिंदुस्तान अलग अलग धर्म और मजहब के मानने वालों का खूबसूरत देश है और हमारा धनबाद पूरे देश में आपसी भाईचारा प्रेम शांति को मजबूती देना वाला शहर है। सोहराब और पवन ने कहा की हमारा संगठन चैंबर ऑफ कॉमर्स पुराना बाज़ार अपनी सामाजिक दायित्वों का निर्वाह करने के लिए जाना जाता है। शांति पूर्ण ढंग से राम नवमी के अखाड़ों को संपन्न करवाने के लिए बैंक मोड़ पुलिस,बैंक मोड़ थाना प्रभारी प्रवीण कुमार एवं धनसार थाना प्रभारी मनोज पांडेय को उत्कृष्ट सेवा सम्मान से चैंबर ऑफ कॉमर्स पुराना बाज़ार द्वारा नवाजा गया। वहीं मंच पर मौजूद अतिथियों, डीएसपी विधि व्यवस्था नौशाद आलम और बैंक मोड़ थाना प्रभारी प्रवीण कुमार ने चैंबर ऑफ कॉमर्स पुराना के सदस्यों की जम कर तारीफ की और चैंबर के कार्यों को आपसी भाईचारा को मजबूत करने वाला बताया।

# संजय अग्रवाल बने मारवाड़ी युवा मंच धनबाद कोयलांचल शाखा के नए नेतृत्वकर्ता



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**धनबाद :** मारवाड़ी युवा मंच, धनबाद कोयलांचल शाखा की सत्र 25- 26 की वार्षिक आमसभा संस्थापक अध्यक्ष नीरज अग्रवाल की अध्यक्षता एवं चुनाव पदाधिकारी के रूप में निवर्तमान प्रांतीय उपाध्यक्ष अजय तायल और निवर्तमान प्रांतीय सहायक मंत्री विकास पटवारी के सहयोग से कावेरी रेस्टोरेंट बैंक मोड़,धनबाद के सभागार में संपन्न हुई। वर्तमान अध्यक्ष नीरज अग्रवाल ने स्वागत भाषण देते हुए कहा कि पिछले दो साल से हमारी टीम द्वारा जो सामाजिक कार्य किए गए जिसके फल स्वरुप हमारी शाखा को इन दो वर्षों के अंतराल 34 प्रांतीय पुरस्कारों से और 6 राष्ट्रीय पुरस्कारों से नवाजा गया जो यह वाकई में अतुलनीय है, जिसे आगे आने वाली कमिटी के युवा साथी निश्चित रूप से जारी भी रखेगी।सभा में उपस्थित शाखा संस्थापक अध्यक्ष नीरज अग्रवाल को झारखंड प्रांतीय मारवाड़ी युवा मंच के सत्र 25- 27 के लिए शाखा सदस्यों द्वारा मारवाड़ी युवा मंच झारखंड प्रांतीय पदाधिकारी के रूप युवा विकास एवं खेल के संयोजक बनने की खुशी में अंग वस्त्र देकर उनका मान बढ़ाया और भविष्य के कार्यों हेतु शुभकामनाएं दी। बैठक में मौजूद सभी युवा सदस्यों की सर्वसम्मति से आगामी सत्र 25- 26 के लिए संजय अग्रवाल को अध्यक्ष, शिव शंकर चौधरी उपाध्यक्ष, प्रिंस कथूरिया उपाध्यक्ष, सुनीता अग्रवाल सचिव, विनीता अग्रवाल कोषाध्यक्ष पद पर नियुक्त कर नए सत्र का कार्यकाल के पदभार को सौंपा गया।

## अखाडा दलों ने किया सुनैना किन्नर को सम्मानित



**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** धनबाद जिले में रामनवमी का पर्व सौहार्दपूर्वक और शांति माहौल में संपन्न हो गया। कई जगहों पर मुस्लिम समुदाय के लोगों ने भी बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और शरबत पानी की व्यवस्था भी की गई थी। इस दौरान मनईटांड में अखिल भारतीय किन्नर समाज की जिला अध्यक्ष सुनैना सिंह किन्नर का भी भव्य रूप से स्वागत किया गया एवं उन्हें पगड़ी और तलवार देकर सम्मानित भी की गई। वहीं बैंक मोड़ में विश्व हिंदू परिषद के मंच पर उनका सम्मान किया गया।

## धनबाद जिले में सैकड़ों से ज्यादा जे.एल.के.एम आवासीय कार्यालय का किया जाएगा शुभारंभ : डिंपल चौबे



**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा के धनबाद महिला जिला अध्यक्ष डिंपल चौबे ने लोगों की बढ़ती हुई समस्याओं को देखते हुए जिले भर में वार्ड, पंचायत, प्रखंड स्तर पर पार्टी के पदाधिकारी द्वारा उनके ही आवास में कार्यालय खोलने की अनुमति दी जाएगी। उन्होंने कहा लोगों की समस्या का समाधान करना पार्टी व हमारा प्रथम प्राथमिकता है। साथ ही पार्टी प्रमुख डूमरी विधायक जयराम महतो जी का झारखंड के कोने-कोने में तमाम शहरी वार्ड ग्रामीण सभी गांव में पार्टी कार्यालय स्थापित करना हमारा लक्ष्य है ताकि ग्राम/वार्ड स्तर पर ही लोगों का समस्याओं का निष्पादन किया जा सके।

## अखाड़ा दलों ने दिलीप सिंह को किया सम्मानित



**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** रामनवमी में अखाड़ा मंच का उद्घाटन मुख्य अतिथि युवा संघर्ष मोर्चा अध्यक्ष दिलीप सिंह ने जोड़ाफाटक में फिता काट कर किया। दिलीप सिंह ने सुरक्षित और शानदार अखाड़ा के आयोजन के लिए कमिटी के जीरखान सिंह, जितेंद्र रजक, सोनू गिरी, रणधीर मालाकार, सत्येंद्र मंडल, मनोज राय, हरि रजक, निर्भय को बधाई दी। साथ ही जिले में शांतिपूर्ण तरीके से रामनवमी का पर्व सम्पन्न कराने के लिए धनबाद के उपायुक्त माधवी मिश्रा, एसएसपी हृदीप पी.जनार्दनन समेत धनबाद के समस्त पुलिस प्रशासन जिला प्रशासन के अधिकारियों का आभार भी व्यक्त किया। पुराना बाजार चेंबर ऑफ कॉमर्स, श्री गुजराती अन्नपूर्णा सेवा समिति, विश्व हिंदू परिषद, मारवाड़ी युवा मंच, श्री श्री नवयुवक शक्ति दल समेत अन्य अखाड़ा कमेटियों के द्वारा उन्हें अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया गया। दिलीप सिंह ने बेहतरीन व्यवस्था के लिए धनबाद के सभी अखाड़ा दलों की प्रशंसा कर धनबाद वासियों को रामनवमी की शुभकामनाएं दी।

## अधिवेशन में भाग लेने के लिए कांग्रेसी नेता हुए अहमदाबाद रवाना



**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** आगामी 8 एवं 9 अप्रैल को अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के द्वारा दो दिवसीय अधिवेशन गुजरात के अहमदाबाद शहर में आयोजित है। दो दिवसीय अधिवेशन में पूरे भारत वर्ष के साथ-साथ झारखंड के धनबाद से भी अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के सदस्य अधिवेशन में भाग लेने के लिए रांची से अहमदाबाद के लिए प्रस्थान किए। इस दो दिवसीय अधिवेशन में अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष मल्लिका अर्जुन खड़गे, नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी सहित संपूर्ण केंद्रीय नेतृत्व, सभी प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष एवं नेता विधायकदल, सभी सांसद लोकसभा एवं राज्यसभा, सभी विधायक, सभी मंत्रीगण एवं संपूर्ण देश से सभी अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के सदस्य उपस्थित रहेंगे। धनबाद से अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के दो दिवसीय अधिवेशन में भाग लेने के लिए प्रस्थान करने वालों में ब्रजेंद्र प्रसाद सिंह, सुल्तान अहमद, विजय कुमार सिंह, मदन महतो, अभिजीत राज, आमिर हाशमी, शमशेर आलम आदि प्रमुख हैं।

# रामनवमी 2025, एडीएम और एसडीएम ने किया जिले का भ्रमण, विधि व्यवस्था का लिया जायजा



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**धनबाद :** राम नवमी के दौरान सुरक्षा एवं विधि व्यवस्था का जायजा लेने के लिए एडीएम विधि व्यवस्था पीयूष सिन्हा व एसडीएम राजेश कुमार ने जिले के विभिन्न इलाकों का निरीक्षण किया। दल बल के साथ दोनो पदाधिकारी जिला नियंत्रण कक्ष से निकले जिसके बाद बैंक मोड़, पुराना बाजार, मनईटांड, गांधी रोड, हावड़ा मोटर रोड, जोरा फाटक, धनसार, कतरास मोड़, झरिया थाना मोड़, इंदिरा चौक, लोदना, फूस बांग्ला, डिगवाडीह, जोरापोखर, जामाडोबा, बोर्रागढ़, भागाबाँध, पुटकी, करकेंद, लोयाबाद, जोगता, कतरास, सोनारडीह, नावागढ़, तेतुलमारी, ईस्ट बासुरिया, भूली, आजाद नगर, शमशेर नगर, आरा मोड़, वासेपुर, नया बाजार, स्टेशन रोड का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान वरीय पदाधिकारियों ने जगह जगह रुककर व्यवस्था का जायजा लिया और क्षेत्र में तैनात दंडाधिकारी और पुलिस पदाधिकारियों को विधि व्यवस्था बनाये रखने के सम्बन्ध में आवश्यक दिशानिर्देश भी दिया। निरीक्षण के दौरान एडीएम विधि व्यवस्था एवं एसडीएम ने विभन्न आखाडा समिति के लोगों से भी मुलाक़ात की और जुलूस का जायजा लिया। महोदय ने सभी लोगों को शांतिपूर्ण माहौल में सुरक्षित करतब दिखाने की अपील की।

# शांतिपूर्ण तरीके से राम नवमी संपन्न

**उपायुक्त व एसएसपी ने किया जिले का भ्रमण, विधि व्यवस्था का लिया जायजा**



**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** राम नवमी के अवसर पर उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी माधवी मिश्रा तथा वरीय पुलिस अधीक्षक हृदीप पी जनार्दनन ने सुरक्षा एवं विधि व्यवस्था का जायजा लेने के लिए रविवार की संध्या जिले के विभिन्न इलाकों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने पुराना बाजार, शक्ति मंदिर, धनसार, कतरास मोड़, इंदिरा चौक, उपर कुल्ही, थाना मोड, झरिया बाजार, बाटा मोड़, देशबंधु सिनेमा रोड, झरिया 4 नम्बर, लक्षमनिया मोड़ का निरीक्षण किया। उन्होंने हर जगह रूककर व्यवस्था का जायजा लिया और क्षेत्र में तैनात दंडाधिकारी और पुलिस पदाधिकारियों को विधि व्यवस्था बनाये रखने के सम्बन्ध में आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए। साथ ही झरिया थाना में बैठकर जुलूस से संबंधित गतिविधियों की चर्चा की।वहीं झरिया से लौटने के क्रम में रात्रि 10 बजे उपायुक्त व वरीय पुलिस अधीक्षक बैंक मोड़ बिरसा मुंडा चौक पर भी रुके। उपायुक्त ने बताया कि जिले में रामनवमी का त्यौहार शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हो गया।। जिला कंट्रोल रूम सोमवार सुबह 6 बजे तक कार्यरत रहेगा।मौके कर सिटी एसपी अजित कुमार, एडीएम लॉ एंड आर्डर पीयूष सिन्हा, अनुमंडल पदाधिकारी राजेश कुमार, एसडीपीओ सिंदरी आशुतोष कुमार सत्यम, डीपीआरओ सुनिल कुमार सिंह समेत अन्य पदाधिकारी मौजूद रहें।

## जिंदगी और मौत से लड़ रही राजनंदिनी के इलाज के लिए फिलहाल एक लाख की जरूरत



**समाजसेवी अंकितइ राजगढ़िया और रवि शेखर ने की मदद की अपील**

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**धनबाद :** चिरकुण्डा के रहनेवाले इंद्रजीत चक्रवर्ती की 15 साल की बेटी राजनंदिनी इन दिनों जिंदगी और मौत से लड़ रही है। वह गंभीर बीमारी से पीड़ित है और उसे हर दस मिनट पर अटैक आता है जिसमे उसके शरीर में खींचाव होने लग जाता है। उसके कान नाक और मुँह से खून भी आने लग जाता है। राजनंदिनी के पिता इंद्रजीत का कहना है कि पिछ्ले साल भर से उनकी बच्ची परेशानी में है। इंद्रजीत चक्रवर्ती का कहना है कि उनकी पुत्री को हर दस मिनट में स्प्रे देना पड़ता है। चार से पांच स्प्रे एक दिन में खर्च हो जाता है। उन्होंने बताया कि इस समय वे आर्थिक संकट के दौर से गुजर रहे हैं। उन्होंने बताया बच्ची की बीमारी का अब तक पूरी तरह से पता नहीं लग पाया है। डॉक्टर हाइयर सेंटर ले जाने की सलाह दे रहे हैं। इसी महीने 12 अप्रैल को अपनी पुत्री का इलाज कराने वेल्लोर लेकर भी वे जाने वाले हैं और अब उन्हें आर्थिक सहयोग की जरूरत है। इस बीच डीसी से लेकर कई जनप्रतिनिधि तक से आर्थिक सहयोग की गुहार भी लगा चुके हैं। समाजसेवी अंकित राजगढ़िया और रवि शेखर ने आम जन से मदद की अपील करते हुए बताया कि बच्ची की बीमारी अब तक पकड़ में नहीं आयी है। पिता बच्ची को लेकर वेल्लोर जाने वाले हैं जिसके लिये उन्हें आर्थिक सहयोग देने की आवश्यकता है। सहयोग के लिए इस नंबर पर 9304893402 (इंडद्रजीत) से संपर्क कर सकते हैं।


**पूर्व मध्य रेल**

**खुली निविदा सूचना**

खुली निविदा बैच संख्या– 04/2025 दिनांक 03/04/2025

आईआरईपीएस– **www.ireps.gov.in** के वेब पोर्टल "पार्टिसिपेशन इन थ्रू" सामग्री की आपूर्ति के लिए ई–निविदा सूचना। निम्नलिखित सामग्री की आपूर्ति हेतु प्रस्ताव आमंत्रित किये जाते हैं। बंद करने का समय 14.00 बजे है। (1) **निविदा सं०:** 30245264ए, **सामग्री का संक्षिप्त विवरण:** ट्विन बीम एलईडी हेड लाइट फॉर डब्लूएजी–9 लोकोमोटिव ऐज पर आरडीएसओ स्पेसिफिकेसन. आरडीएसओ/2017/ईएल/स्पेक/0/134. आरईभी– 01 ऑफ लेटेस्ट. वन सेट कोन्सिस्ट्स ऑफ टू नंबर्स ऑफ ट्विन बीम हैड लाइट, **मात्रा:** 450 सेट, **निविदा जारी करने की तिथि एवं समय:** 02 अप्रैल 2025 12:11 बजे, **निविदा बंद होने की तिथि एवं समय:** 25 अप्रैल 2025 14:00 बजे (2) **निविदा सं०:** 30255002ए, **सामग्री का संक्षिप्त विवरण:** सप्लाई ऐन्ड रेट्रो फिटमेंट औफ रुफ माउन्टेड एयर कंडिशनिंग सिस्टम विदाउट दु स्पेसिफिकेसन नंबर. आरडीएसओ/2007/ईएल/एसपीईसी/0055 आरईवी. 02 और लेटेस्ट. ईच सेट/ईच लोको सेट कोन्सिस्ट्स औफ 2 (two) नम्बरस औफ कैब एसी, **मात्रा:** 63 सेट, **निविदा जारी करने की तिथि एवं समय:** 02 अप्रैल 2025 12:13 बजे, **निविदा बंद होने की तिथि एवं समय:** 25 अप्रैल 2025 14:00 बजे (3) **निविदा सं०:** 30255001बी, **सामग्री का संक्षिप्त विवरण:** आईजबीटी पावर मोडुल्स 15ए 1 टु15ए9 (9 मोडुल/01 एसआर) ऑफ बीएचईएल मेकआइजीबीटी पावर कनभर्टर, बीएचईएल मेटेरियल डिसकृपसन:–एमडीएल पीडब्लूआर 68817 डब्लूसी1एए– आईजबीटी मोडुल, **मात्रा:** 12 नम्बर, **निविदा जारी करने की तिथि एवं समय:** 02 अप्रैल 2025 17:06 बजे, **निविदा बंद होने की तिथि एवं समय:** 25 अप्रैल 2025 11:30 बजे। प्रतिभागियों को अपना प्रस्ताव समापन तिथि और समय से पहले आईआरईपीएस– **www.ireps.gov.in** के वेब पोर्टल के माध्यम से केवल ऑन–लाइन जमा करना होगा। उपरोक्त पोर्टल पर निविदा सूचना में प्रेषिती के संबंध में अन्य विवरण और भंडार का विस्तृत विवरण निविदा दस्तावेज में उपलब्ध है।

**सहायक सामग्री प्रबंधक**
**पूमरे, गोमो**

पीआर/0041/डीएचएन/एसटीओआरई/टी/25–26/52



**झारखण्ड सरकार**

**कार्यालय जिला मत्स्य पदाधिकारी-सह-मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, राँची**

अतिअल्पकालीन निविदा सूचना सं0– 02/2025–26

कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग (मत्स्य प्रभाग) के तालाब तथा जलाशय मत्स्य का विकास योजना वर्ष 2025–26 अंतर्गत मत्स्य निदेशालय का पत्रांक 268 दिनांक 11.02.2025 के आलोक में राँची जिला के प्रशिक्षित मत्स्य बीज उत्पादकों को वितरण हेतु मैश फिश फीड (Factory Formulated Extruded Mash Fish Feed) का क्य किया जाना है। इसके अतिरिक्त कतिपय योजनाओं में 0.5mm - 0.8mm (40/6 प्रोटीन/फैट कम्पोजिशन) आकार तक के 1.5mm – 1.8mm (30/5 प्रोटीन/फैट कम्पोजिशन) आकार तक के एवं 3mm तथा 4mm (24/4 एवं 28/4 प्रोटीन/फैट कम्पोजिशन) आकार के फ्लोटिंग फिश फीड के क्य की आवश्यकता होती है। उक्त की आपूर्ति हेतु मुहरबन्द तकनीकी एवं वितीय निविदा आमंत्रित की जाती है।

1. निविदादाता का नाम :– जिला मत्स्य पदाधिकारी–सह–मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, राँची।
2. अग्रधन राशि :– 25,000 (पच्चीस हजार रू0) का जिला मत्स्य पदाधिकारी–सह–मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, राँची के नाम से राँची में भुगतेय बैंक ड्राफ्ट।
3. निविदा प्राप्ति का स्थान :– जिला मत्स्य कार्यालय, डोरण्डा ,राँची।
4. निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय :– 16.04.2025 को 02:30 बजे अपराह्न तक।
5. निविदा खुलने का स्थान:– जिला मत्स्य कार्यालय, डोरंडा, राँची।
6. निविदा खुलने की तिथि एवं समय :– 16.04.2025 को 03:30 बजे अपराह्न।

निविदा की शर्तें जिला मत्स्य कार्यालय, राँची के सूचना पट्ट पर किसी भी कार्य दिवस में देखी/प्राप्त की जा सकती है।

जिला मत्स्य पदाधिकारी–सह–
मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, राँची

PR 349854 Fish (25-26)_D



**कार्यालय उपायुक्त-सह-जिला दण्डाधिकारी, राँची**
**(जिला प्रबंधक, झारखण्ड राज्य खाद्य निगम शाखा)**
**पंचम तल्ला, कमरा संख्या-504, ब्लॉक-बी, समाहरणालय भवन, रांची-834001**

आमंत्रण संख्या :– 280 राँची, दिनांक 07.04.2025

**इच्छा की अभिव्यक्ति**

झारखण्ड राज्य खाद्य निगम, राँची जिला अंतर्गत प्रखण्डों एवं शहरी क्षेत्र में अवस्थित 19 निगम गोदामों में खाद्यान्न (चावल/गेहूं/अन्य) समाग्रियों के सुरक्षित भण्डारण हेतु इच्छुक आपूर्तिकर्त्ता से लकड़ी की पट्टियों (Wooden Palates) की आपूर्ति के लिए दो लिफाफा पद्धति के अंतर्गत निविदा आमंत्रित किया जाता है।

| क्र० | विवरण | अभ्युक्ति |
|---|---|---|
| 1. | निविदा जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय | 14.04.2025 (12:00 बजे मध्याह्न) |
| 2. | निविदा खोलने की तिथि एवं समय | 14.04.2025 (04:00 बजे अपराह्न) |
| 3. | निविदा जमा करने का पता | रूम न० 504, ब्लॉक बी, समाहरणालय भवन, राँची। |

निविदा के विस्तृत नियम एवं शर्त कार्यालय के सूचनापट्ट पर प्रकाशित है।

जिला आपूर्ति पदाधिकारी
–सह– जिला प्रबंधक
झारखण्ड राज्य खाद्य निगम, राँची

PR 349830 Food Public Distribution and Consumer Affairs (25-26)_D



**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय** प्रपत्र संख्या–1
**पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, झुमरीतिलैया**

ई– निविदा

निविदा संख्या :- **02/JMT/2025-26** दिनांक **07-04-2025**

| क्र0 स0 | विवरणी: कार्य का नाम | विस्तृत विवरणी: प्राक्कलित राशि (लाख में) | अग्रिम जमानत की राशि (लाख में) | परिमाण विपत्र का मूल्य | कार्य पूर्ण करने का समय |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Left out work of detailed survey, designing and drawing, Construction of 10.0 M dia R.C.C. Intake well cum pump house, Gangway 75.1 mtr. length and 3.95 mtr. wide, Pipe Bridge 70.0 mtr. length and 2.00 mtr. wide, Pipe Bridge 50 mtr. length and 2 mtr. wide, Pipe Bridge 100 mtr. length and 2 mtr. wide Pipe Bridge 60 mtr. length and 2 mtr. wide. 19.50 MLD capacity Water Treatment Plant, Compound wall, Supplying and laying Raw/Clear Water rising main & Laying Distribution Network, , Supplying and Installation of Vertical turbine and Centrifugal pump motor, and Five years Operation and Maintenance with allied works etc. all complete job for work of **Jainagar ,Domchanch & Koderma** Block MVS Rural Water Supply Scheme under Drinking Water & Sanitation Division, **Jhumritelaiya** on turnkey basis. Year 2025-2026. | **18305.22624** | **183.06** | **10,000/-** | 24 Months + 3 months (trial and run) |
| 2 | वेबसाइट पर निविदा प्रकाशन की तिथि :– | 17-04-2025 at 5.00 बजे अपराह्न | | | |
| 3 | निविदा के पूर्व बैठक की तिथि एवं समय | 22-04-2025 at 1.00 अपराह्न, अभियंता प्रमुख, पेयजल एवं स्वच्छता विभाग, झारखंड, राँची | | | |
| 4 | निविदा प्राप्ति (ऑन लाईन बिडींग) की अन्तिम तिथि एवं समय:– | 03-05-2025 को 5.00 बजे अपराह्न | | | |
| 5 | सरकार के सचिव, सूचना प्रौद्योगिकी एवं ई– गवर्नेस, झारखण्ड मंत्रालय, के ज्ञापांक 120 दिनांक 03.10.2023 के आलोक में विपत्र का मूल्य एवं अग्रधन की राशि Online जमा करने की अन्तिम तिथि एवं समय | 03-05-2025 को 5.00 बजे अपराह्न | | | |
| 6 | तकनीकी बीड खोलने की तिथि एवं समय :– | 05-05-2025 को 3.00 बजे अपराह्न | | | |
| 7 | तकनीकी बीड खोलने का स्थान :– | कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, झुमरीतिलैया | | | |
| 8 | निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पदनाम :– | ई0 अनुज कुमार सिन्हा कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, झुमरीतिलैया | | | |
| 9 | निविदा आमंत्रित करनेवाले कार्यालय का :– | 0800253646 0, **Email -id eedwsd.jhumaritellaiya@gmail.com** | | | |
| 10 | ई प्रोक्युरमेंट सेल का हेल्प लाईन नं0 | 0651-2480345 | | | |

- परिमाण विपत्र की राशि घट–बढ़ सकती है।
- स्वीकृति की प्रत्याशा में निविदा की जा रही है। कार्यादेश स्वीकृति के उपरान्त ही निर्गत किया जायेगा।
- विस्तृत विवरणी बेबसाईट **http://jharkhand tenders.gov.in** पर देखा जा सकता है।

जल ही जीवन है !स्वच्छता प्राण है !

(ई0 अनुज कुमार सिन्हा) कार्यपालक अभियंता,
पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, झुमरीतिलैया।

**PR.NO.349862 Drinking Water and Sanitation(25-26):D**

## विश्व स्वास्थ्य दिवस पर सरस्वती विद्या मंदिर इंटर महाविद्यालय में स्वास्थ्य शिविर का हुआ आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** विश्व स्वास्थ्य दिवस के शुभ अवसर पर मनोहर लाल अग्रवाल सरस्वती विद्या मंदिर इंटर महाविद्यालय लोहरदगा में स्वास्थ्य जांच एवं चिकित्सा शिविर लगाया गया। स्वास्थ्य शिविर में डॉ कुमुद अग्रवाल, लोहरदगा जिला सेवा भारती जिला अध्यक्ष सह समाजसेवी दीपक सर्राफ, महाविद्यालय प्रभारी प्रीति कुमारी गुप्ता, राजीव कुमार यादव, अतुल सर्राफ कार्यक्रम की शुभारंभ वंदना सभा के साथ दीप प्रज्वलित कर किया। अतिथि परिचय, स्वागत एवं मंच संचालन का दायित्व रश्मि साहू ने निभाई, अतिथियों का स्वागत, प्रभारी प्राचार्य प्रीति गुप्ता के द्वारा उत्सर्ग और अंगवस्त्र भेंट कर किया गया। डॉ कुमुद अग्रवाल ने कहा कि स्वास्थ्य जीवन का महत्वपूर्ण अंग है। उन्होंने स्वास्थ्य के बारे में महत्वपूर्ण बातों को बताया और जीवन में स्वास्थ्य को बनाए रखने के लिए संतुलित आहार के साथ,अधिक से अधिक पानी पीने समय पर खाना खाने को दिनचर्या में शामिल करने को कहा। सेवा भारती के जिला अध्यक्ष सह समाजसेवी दीपक सर्राफ ने सुबह-सुबह योग-व्यायाम करने एवं आत्मनिर्भर और सशक्त बनने का महत्व सामान्य जीवन में बताया और कहा की कोई भी कार्य छोटा और बड़ा नहीं होता उसके लिए लग्न और मेहनत होने से ही सभी कार्य संभव होते है, सर्राफ ने किसी को भी कोई गंभीर समस्या होने पर अपने संपर्क के लिए अपना दूरभाष नंबर भी दिये। महाविद्यालय के आचार्य युगेश कुमार साव ने कहा कि स्वस्थ शरीर में स्वस्थ मस्तिष्क का निकास होता है, महाविद्यालय में उपस्थित हुए डॉ कुमुद अग्रवाल, दीपक सर्राफ एवं पैथोलॉजी टेक्नीशियन राजीव यादव के द्वारा सभी छात्र-छात्राओं के अलावा उपस्थित सभी के ऊंचाई, वजन, बी.पी, शुगर, हामोग्लोबिन, ऑक्सीजन लेवल, हार्टबीट आदि की जांच की गई एवं आवश्यक दिशा-निर्देश छात्र-छात्राओं को दिए गए! इसके अलावा महाविद्यालय ने छात्र-छात्राओं का ब्लड ग्रुप जांच और उनके बीच दवा का वितरण भी किया गया। जिसमें कल्याण अस्पताल हेसल बसारडीह लोहरदगा के प्रबंधक प्रणव पाठक, वरुण सिंह, लक्ष्मी साहू, शांति धान व एतवा उरांव उपस्थित थे। महाविद्यालय के शिक्षक-शिक्षिकाओं में प्रीति कुमारी गुप्ता, ऋद्धि मिश्रा, यशोदा कुमारी, कविता कुमारी, सनोज कुमार साहू, नीतू कुमारी, रितेश कुमार पाठक, आरती भगत के अलावा महाविद्यालय के सभी छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

## जनता दरबार का आयोजन कर उपायुक्त हुए ग्रामीणों की समस्या से रूबरू




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमडेगा :** आम जनता के समस्याओं के समाधान और त्वरित निष्पादन को लेकर उपायुक्त सिमडेगा श्री अजय कुमार सिंह के द्वारा जनता दरबार का आयोजन किया गया। इस दौरान जिले के शहरी तथा ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों ने जनता दरबार में आकर अपनी समस्याओं को उपायुक्त के समक्ष रखा। उपायुक्त ने वहां उपस्थित सभी लोगों से एक-एक कर उनकी समस्याएं सुनी एवं आश्वस्त किया कि संज्ञान में आए हुए सभी शिकायतों की जांच कराते हुए जल्द से जल्द समाधान किया जाएगा। उपायुक्त के जनता दरबार अबुआ आवास योजना का लाभ दिलाने, भूमि विवाद, सड़क चौड़ीकरण में गलत रैयत को मुआवजा मिलने, साउथ अफ्रीका के गुनिया इकोटो रियल में कार्य कर रहे मजदूरों को घर वापस लाने, पेयजल जल आपूर्ति कराने सहित अन्य विषय से संबंधित मामले आये। इस दौरान उपायुक्त महोदय ने एक-एक कर मिलने आए सभी आमजनों की समस्याओं से जुड़े आवेदनों का अवलोकन कर जल्द से जल्द मामले का निष्पादन करने का भरोसा आमजनों को दिया।

## भाजपा का हर एक कार्यकर्ता देश के लिये समर्पित : मनीर उरांव



**लोहरदगा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** जिले में भाजपा पार्टी ने सोमवार से जिले में स्वच्छता को लेकर एक विशेष अभियान की शुरुआत की, जिसकी पहली कड़ी ऐतिहासिक देवस्थाल सूर्य मंदिर प्रांगण की सफाई से हुई। इस अभियान का उद्देश्य न केवल सार्वजनिक स्थलों की सफाई करना है, बल्कि आम नागरिकों को स्वच्छता के प्रति जागरूक कर एक जिम्मेदार समाज की नींव रखना भी है। यह अभियान 7 अप्रैल से 12 अप्रैल तक जिले भर के मंदिरों, मठों, अस्पताल परिसरों, तालाबों, नदियों और अन्य सार्वजनिक स्थलों पर चलाया जाएगा। कार्यक्रम की अध्यक्षता भाजपा जिला अध्यक्ष मनीर उरांव ने की उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में शुरू हुआ स्वच्छ भारत मिशन आज एक जन आंदोलन बन चुका है और भाजपा कार्यकर्ता इसे निष्ठा के साथ आगे बढ़ा रहे हैं। उन्होंने कहा स्वच्छता केवल सरकार की जिम्मेदारी नहीं,बल्कि यह हर नागरिक का कर्तव्य है। जिला उपाध्यक्ष अजय पंकज ने कहा कि हमें अपने आसपास स्वच्छता बनाए रखने के साथ दूसरों को भी इसके लिए प्रेरित करना चाहिए।उन्होंने जिले के सभी पदाधिकारियों जिला मंडल बुथ स्तर तक से अपील की कि वे इस अभियान को पूरी गंभीरता से लें और इसे जनसहभागिता से सफल बनाएं। जिला महामंत्री पशुपति पारस ने कहा कि स्वच्छता सिर्फ सफाई नहीं, बल्कि संस्कार और समाज के प्रति सेवा भाव है। सफाई अभियान के दौरान भाजपा कार्यकर्ताओं ने सूर्य मंदिर परिसर की सफाई कर एक प्रेरणादायक उदाहरण प्रस्तुत किया। सभी ने मिलकर झाड़ू थामा, कचरा उठाया और मंदिर परिसर को स्वच्छ बनाया।भाजपा कार्यकर्ताओं ने न केवल श्रमदान किया, बल्कि आम नागरिकों को भी इस अभियान में जुड़ने और अपने आसपास की सफाई रखने का आग्रह किया। भाजपा नगर अध्यक्ष सचिन कुमार साहू ने कहा कि इस अभियान के माध्यम से भाजपा ने यह संदेश देने का प्रयास किया कि जब समाज का हर व्यक्ति अपनी जिम्मेदारी समझे, तभी सच्चे अर्थों में स्वच्छ भारत का सपना साकार हो सकता है। भाजपा कार्यकर्ता पवन तिग्गा ने कहा कि यह विशेष स्वच्छता अभियान जिले में आने वाले दिनों तक जारी रहेगा और विभिन्न स्थानों पर जाकर भाजपा कार्यकर्ता साफ-सफाई कर जन-जागरूकता फैलाएंगे। पार्टी का यह कदम न सिर्फ स्वच्छता के क्षेत्र में, बल्कि सामाजिक समर्पण और सेवा भावना को भी मजबूत करेगा। मौके पर उपस्थित समाजसेवी गुड्डू प्रसाद, भाजपा कार्यकर्ता चंदन गोप, शुभम गुप्ता, मनोज कुमार के अन्य कार्यकर्ता मौजूद थे।

## विश्व स्वास्थ्य दिवस के मौके पर हुआ योग कार्यक्रम का हुआ आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** लोहरदगा जिला विधिक सेवा प्राधिकार के अध्यक्ष सह पीडीजे राजकमल मिश्रा और डालसा सचिव राजेश कुमार के निर्देश पर विश्व स्वास्थ्य दिवस के मौके पर योग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। लोहरदगा शहरी क्षेत्र के किस्को मोड़ के समीप स्थित गुरूकुल शांति आश्रम परिसर में योग कार्यक्रम आयोजित किया गया। योग शुरू करने से पहले पीएलवी गौतम लेनिन ने बताया की जीवन में सबसे बड़ा धन हमारा स्वास्थ्य है। जिसे हमें सुरक्षित रखने की आवश्यकता है। प्रतिदिन हमें अपने स्वास्थ्य के लिए एक घंटा कम से कम निकालना चाहिए। शरीर के अनुरूप हमें प्रतिदिन कसरत करना चाहिए। ताकि हमारा तन मन दोनों ही स्वस्थ और सक्रिय रहें। इस मौके पर अधिवक्ता सुदामा साहू ने कहा की हम प्रत्येक वर्ष सात अप्रैल को विश्व स्वास्थ्य दिवस मनाते हैं। ताकि लोग अपने स्वास्थ्य के प्रति जागरूक हो सकें। इन्होंने कहा की यह जरूरी नहीं की आप प्रतिदिन ज्यादा से ज्यादा समय तक कसरतें करें। हम तभी एनर्जेटिक रह सकते हैं जब हम अपने स्वास्थ्य के प्रति जागरूक होंगे। गुरूकुल में प्रतिदिन योग इसलिए कराया जाता है कि यहां पढ़ने वाले बच्चें मानसिक और शारीरिक रूप दोनों से स्वस्थ और मजबूत रह सके। इस मौके पर योगाचार्य शरद चन्द्र आर्य के द्वारा बच्चों को योग शीर्षासन, चक्रासन, पद्मासन, वृश्चिकासन, धनुरासन, उत्तनापदासन, मयूरासन, वक्रासन कराया गया। साथ ही इन बच्चों से अपील की गई की योग के बारे में अपने गांव के लोगों के साथ साथ परिवार के लोगों को भी जागरूक करने का काम करें। ताकि वो स्वस्थ जीवन जी सके। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान के साथ किया गया।

## जीवन बहुत अनमोल है जिसमें स्वास्थ्य की है सबसे महत्वपूर्ण भूमिका : बिपिन कुमार दास




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** शीला अग्रवाल सरस्वती विद्या मंदिर लोहरदगा के वंदना सभा में विश्व स्वास्थ्य दिवस मनाया गया। जिसमें विद्यालय के प्रधानाचार्य बिपिन कुमार दास, प्रमेंद्र सिंह, अनीता देवी एवं डॉ. सत्येंद्र कुमार साहू ने सामूहिक रूप से मां सरस्वती, ऊं एवं मां भारती के चित्र पर पुष्पार्चन एवं दीप प्रज्वलन किया। अतिथियों का परिचय प्रमेंद्र सिंह ने कराया। प्रधानाचार्य बिपिन कुमार दास ने डॉक्टर सत्येंद्र कुमार साहू को अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया। डॉ सत्येंद्र ने विश्व स्वास्थ्य दिवस के बारे में कहा कि हर वर्ष 7 अप्रैल को विश्व स्वास्थ्य दिवस मनाया जाता है।इसका उद्देश्य लोगों को सेहत से जुड़ी अहम बातों पर जागरूक करना होता है। यह दिन विश्व स्वास्थ्य संगठन (WHO) की स्थापना की याद में मनाया जाता है। जो 1948 में बना था। इस वर्ष WHO इस दिन को विभिन्न कार्यक्रमों के साथ मनाने के लिए तैयार है। 2025 का थीम है स्वस्थ शुरुआत, आशाजनक भविष्य। योग और व्यायाम से अपने को खुद स्वस्थ निरोध बनाएं। प्रधानाचार्य ने भैया-बहनों से कहा कि जीवन बहुत अनमोल है जिसमें स्वास्थ्य का सबसे महत्वपूर्ण भूमिका होता है। इसका हमें ख्याल रखना चाहिए। आचार्य प्रमेंद्र सिंह ने भी विश्व स्वास्थ्य दिवस पर भैया-बहनों से कहा कि निज स्वास्थ्य का ध्यान रखने से आपके अंदर कर्म का भाव पैदा होता है जो आपकी सोच का विस्तार करता है। इस कार्यक्रम में कक्षा षष्ठ से दशम तक के भैया-बहन एवं विद्यालय के आचार्य बंधु भगिनी में शामिल थे।

## श्री रामनवमी त्योहार में बहुमूल्य सहयोग करने हेतु जिला प्रशासन का आभार : बलराम साहु

**लोहरदगा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** केंद्रीय महावीर मण्डल लोहरदगा के मुख्य संरक्षक बलराम साहू ने विजयादशमी की बधाई देते हुए कहा कि लोहरदगा में श्री रामनवमी की शोभायात्रा सदियों से आकर्षण का केन्द्र रहा है। विभिन्न अखाड़ों के द्वारा अस्त्र शस्त्र का खेल, मनमोहक ढोल एवं धार्मिक झाकियां शोभायात्रा के मुख्य आकर्षण होते है। नवमी की इस शोभायात्रा को सफल बनाने के लिए लोहरदगा महावीर मण्डल के सभी अखाड़ों के अध्यक्ष, सचिव, एवं जिला प्रशासन ने अपना बहुमूल्य सहयोग दिया है। जिसके लिए मैं सभी अखाड़ों के साथ जिला के उपायुक्त वाघमारे प्रसाद कृष्ण, पुलिस अधीक्षक हारिश बिन ज़मा, अनुमंडल पदाधिकारी अमित कुमार, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी श्रद्धा केरकेट्टा, अंचल अधिकारी आशुतोष कुमार एवं लोहरदगा थाना प्रभारी रत्नेश मोहन ठाकुर जी के साथ जिला प्रशासन के सभी पदाधिकारियों को धन्यवाद एवं आभार प्रकट करता हूं।

## मुर्गी लदा मालवाहक पिकअप वाहन पलटा पांच सौ से अधिक मुर्गी की हुई मौत




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सेन्हा-लोहरदगा :** थाना क्षेत्र के लोहरदगा घाघरा मुख्य पथ पर बक्सी डीपा जंगल के समीप इमली पेड़ के पास अनियंत्रित होकर मुर्गी लदा मालवाहक पिकप वाहन पलटा गया। सूत्रों के द्वारा बताया जाता है कि वाहन चलाते समय चालक का आंख लग गया था। जिसे मुर्गी लदा पिकअप वाहन संख्या जे एच 01एफ एल 5064 पेड़ से टकरा कर पलट गया। वही मुर्गी लदा वाहन पलटने से करीब पांच सौ मुर्गी कि मौत हो गई। वही मुर्गियों की मौत से मालिक को लग्भग 70 हजार रुपये का नुकसान हुआ है। साथ ही वाहन पलटने से गाड़ी क्षतिग्रस्त हो गया। वाहन पलटने की जानकारी सुबह में मॉर्निंग वॉक में घूमने वाले लोगों को मालूम हुआ। जिसे लोगों ने चालक को वाहन से सुरक्षित निकाला गया। वही घटना में चालक सुरक्षित बच गया है। घटना के सूचना सेन्हा थाना पुलिस को मिलते ही स अ नि जमशेद खान, रामचंद्र मांझी, अशर्फी बहेलिया पुलिस बल के साथ घटना स्थल पहुंच कर वाहन को पथ से हटा कर सुरक्षित थाना में रखा गया है। दुर्घटना में वाहन पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया है। थाना प्रभारी वारिश हुसैन ने कहा कि मुर्गी लदा वाहन पलटा था। जिसमें काफी मुर्गियां मर गई परन्तु चालक सुरक्षित है।? पुलिस द्वारा आगे की कारवाई किया जा रहा है।

## कैरो प्रखंड मुख्यालय में भरत मिलाप सह शोभायात्रा सम्पन्न





**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**कैरो-लोहरदगा :** प्रखण्ड मुख्यालय गांव कैरो में सोमवार को बड़े धूमधाम के साथ भरत मिलाप शोभायात्रा सह मेला का आयोजन किया गया.महाबीर मन्दिर के सामने से महाबीर अखाड़ा कैरो तथा उतका से भी शोभायात्रा सुरु हुई और डॉक्टर अनुग्रह नरायन प्लस टू उच्च विद्यालय के सामने दोनों अखाड़ो के द्वारा राम और भरत का मिलाप कराई गई। अन्य अखाड़ो का मिलाप कराते हुए मुख्य पथ होते हुए अपने निर्धारित मार्गो से गुजरते हुए कुड़ू,जिन्गी की ओर से आने वाली महाबीर अखाड़ो का मिलान करते हुए मेला टांड वापस आई इस दौरान अखाड़ो में सामील भक्तो ने गाजे बाजे के साथ नाचते गाते जय श्रीराम, जय बजरंगबली आदि जयकारा लगाते हुए राम भरत का मिलाप कराया और अन्य अखाड़ो का मिलान कराते हुए मुख्य पथ होते हुए कुड़ू, जिन्गी के रास्ते आने वाले अखाड़ो का मिलान करते हुए पुनः मेला टांड पहुंची जहां पर कैरो, उतका, चाल्हो, सढाबे, हनहट, नरौली, खंडा, नगजुवा, सेरनगहातु, बरही, सिंजो, मसमानो, बंसरी, टाटी, खरता, सुकरहुतु, मुरुपिरी, सिठियो, कुडू सहित, लोहरदगा, रांची, गुमला, लातेहार आदि जिलों के विभिन्न क्षेत्रों से आये अखाड़ो के द्वारा अपनी कला संस्कृति का प्रदर्शन किया जिन्हें कैरो महाबीर मण्डल के द्वारा पुरस्कृत किया गया. वहीं मेले में पहुंचे मुख्य अतिथि और अन्य अतिथियों को आयोजन समति के द्वारा अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया गया. मौके पर जिला परिषद अध्यक्ष रीना भगत ने कहा कि रामनवमी हमे पुरूषोतम भगवान राम के आदर्शो, सत्य, धर्म, त्याग, प्रेम, बलिदान और भाईचारे का याद दिलाता है.रामनवमी में दिन पूजा पाठ से श्रद्धालुओ को सुख शांति और समृद्धि की प्राप्ति होती है। रामनवमी हमे भगवान राम के आदर्शो का अनुपालन की सिख देती है. विशिष्ट अतिथि हिन्दू हृदय सम्राट भैरों सिंह ने कहा कि रामनवमी शौर्य का प्रतीक है हने अपने परंपरा संस्कृति की हर हाल में रक्षा करनी है कोई भी हमारे आस्था के साथ खिलवाड़ नही कर सकते हैं हम तमाम लोगों को एक जुट होकर अपनी धर्म परपरा और संस्कृति की रक्षा करनी है।आज हिन्दू समाज जाती वर्ण में बटा हुआ है हमे उन्हें एक करने की जरूरत है हमे एक जुट होकर समाज के उत्थान के लिए कार्य करना होगा,समाज को जगाना होगा, सजग करना होगा तभी हमारी माँ बहने सुरक्षित होंगी जबतक हम बटे रहेंगे हमारे साथ शोषण होता रहेगा। भाजपा अनुसूचित जनजाति मोर्चा प्रदेश महामंत्री बिंदेश्वर उरांव ने कहा कि भरत मिलाप पारिवारिक बंधनो और एकता के महत्व की एक गहन याद दिलाता है.यह पारिवारिक संबधो और एकजुटता के मूल्य में आनन्दित होने का दिन है जो भगवान राम और उनके भाइयो के बीच अटूट स्नेह का प्रतीक है। यह उत्सव समुदाय की भावना को बढ़ावा देता है, पारिवारिक रिस्तो को सँजोने और एकजुटता की भावना को मजबूत करता है.हमे श्री राम के आदर्शो का पालन करते हुए जीवन यापन करना चाहिये। राजनीतिक कार्यकर्ता नीरू शांति भगत ने कहा रामनवमी एक ऐसा त्यौहार है जो परिवार में आपसी समन्वय के साथ कर्तव्य निष्ठा को प्रदर्शित करती है यही नही सभी मानव जीवन की खुशहाली का संदेश देती है जिसका हमे निर्वहन करना चाहिए। वंही प्रखण्ड प्रशाशन,कैरो पंचायत समिति सदस्य मधुलिका रानी व अन्य के द्वारा जगह-जगह भक्तगणों के लिए गुड़, चना और पानी की व्यवस्था की गई थी. त्योहार को देखते हुए पुलिस प्रशासन के द्वारा सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किये गए थे।

## श्री राम सीता के जीवन को जाने, समझे व उनके बताए मार्ग पर चलें : राजेश कुमार सिंह



**पाकरटांड़(प्रभात मंत्र संवाददाता):** पाकरटांड के पालेडीह गांव में रविवार की रात सांस्कृतिक रंगारंग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। श्री रामरेखा धाम पालेडीह के तत्वावधान में आयोजित सांस्कृतिक रंगारंग कार्यक्रम का उदघाटन मुख्य अतिथि मजदूर यूनियन के नेता राजेश कुमार सिंह एवं अतिथि भाजपा किसान मोर्चा के प्रमंडलीय प्रभारी मंगल सिंह भोगता, पंचायत के मुखिया ज्योति प्रकाश कुल्लू पूर्व मुखिया अजीत लकड़ा, कैरेबेडा मुखिया विनीता खाखा, पूर्व मुखिया तेज लकड़ा ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। कार्यक्रम में शामिल जन समूह को सम्बोधित करते हुए मुख्य अतिथि राजेश कुमार सिंह ने श्री राम के चरित्र को अपने जीवन में उतारने का संदेश दिया। कहा कि आज पूरे देश में राम जन्मोत्सव मन रहा है। हमारा सौभाग्य है कि इस गांव के रामरेखा धाम में भगवान प्रभु श्री राम का चरण पड़ा था। युग तेजी से बदल रहा है ऐसी परिस्थिति में हमें राम को जानने और समझने की जरूरत है। एक ओर श्री राम माता पिता और गुरु के आज्ञापालक हैं तो सीता उनकी छाया। इनके जीवन आदर्शो को आत्मसात करना ही रामनवमी पर्व की सार्थकता होगी। मंगल सिंह भोगता ने ग्रामीणों को रामनवमी की शुभकामनाएं दी और शांति पूर्ण तरीके से रीझ रंग का आनंद लेने की अपील की। लक्ष्मीकांत बड़ाईक के वंदना से कार्यक्रम की शुरुआत की गई। बिंदेश्वरी देवी, बीरबल नायक, रितिका देवी के गीतों पर दर्शक झूम रहे थे। डांसर पिंकी के डांस ने युवा श्रोताओं में जोश भरने का काम किया। इस अवसर पर आयोजन समिति के सभी पदाधिकारी एवं सदस्य लोग शामिल हुए।

## शांति व सौहार्द के साथ सेन्हा में दशमी का मेला हुआ सम्पन्न



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सेन्हा-लोहरदगा :** प्रखंड मुख्यालय स्थित बुनियादी विद्यालय सेन्हा के प्रांगण में केंद्रीय महावीर मंडल सेन्हा के नेतृत्व में सोमवार को चैत शुक्ल पक्ष दशमी के अवसर पर भव्य मेला सह अस्त्र शस्त्र चालन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। मेला सह अस्त्र शस्त्र चालन प्रतियोगिता कार्यक्रम से पूर्व स्थानीय ग्राम सेन्हा के पाहन पुजार और मुख्य अथिति तथा विशिष्ट अतिथियों के द्वारा राम लक्ष्मण, सीता और हनुमानजी का विधिवत पूजा अर्चना कर तथा लाठी डंडा खेलकर कार्यक्रम प्रारम्भ किया गया। साथ ही बैच, टोपी व पट्टा पहना कर अतिथि व विशिष्ट अतिथियों का स्वागत किया गया। वही कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रदेश भाजपा युवा मोर्चा उपाध्यक्ष अजातशत्रु सिंह ने कहा कि रामनवमी के त्यौहार समाज को एक सूत्र में बांधने का कार्य करती है। तथा समाज को संगठित करने का संदेश देता है। साथ ही कहा कि भगवान श्री राम ने भी कहा था की संगठन में अजेय शक्ति होती है। रामनवमी त्यौहार के बहाने सभी लोग आपसी भाईचारा व सौहार्द को बनाये रखें। आयोजित रामनवमी मेला सह अस्त्र शस्त्र खेल प्रतियोगिता में लोहरदगा गुमला जिला का रामनवमी अखाड़ा के अलावे प्रखंड क्षेत्र के झखरा, बुटी, कोराम्बे, चितरी डांडू, उगरा, झलजमीरा, टेंगरिया, बदला, चंदकोपा, बक्सीडीपा, मुर्की, चौकनी, बाजार डांडू, हेसवे, डोका, मन्हे, अरु, जोगना, कल्हेपट, भड़गांव सहित प्रखंड क्षेत्र से 60 रामनवमी अखाड़ा के भक्तों ने भाग लिया और लाठी डंडा खेल का प्रदर्शन किया गया। साथ ही शांति व सौहार्द से कार्यक्रम आयोजित कराने के लिये सुरक्षा व्यवस्था का पुख्ता इन्तिजाम किया गया। जिसे कार्यक्रम सफलता के साथ शांतिपूर्वक सम्पन्न हुआ। मौके पर पुलिस उपाधीक्षक समीर तिर्की, जिला पंचायती राज पदाधिकारी सुनंदा दास, बीडीओ संग्राम मुर्मू, सीओ मोदस्सर नजर मंसूरी, पिल्स निरीक्षक चन्द्रशेखर आजाद, थाना प्रभारी वारिश हुसैन, अध्यक्ष जयनाथ साहु, अवनीश पाठक के अलावे केंद्रीय अध्यक्ष बिपुल तमेड़ा और अजय पंकज, संतोष महतो, रामलगन महतो, फज्ल अब्बास, इम्तियाज अंसारी, नन्दकिशोर शुक्ला, रूपेश कुमार, विजय सोनी, किनेश्वर महतो, रामचन्द्र भगत, राजकिशोर राम, गोपाल साहु केदारनाथ साहु, रामलाल महतो समेत हजारों राम भक्त शामिल थे।

## पीएम श्री राजकीय कृत मध्य विद्यालय में विश्व स्वास्थ्य दिवस पर जागरुकता शिविर का हुआ आयोजन






**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** इंडियन रेड क्रॉस सोसाइटी तथा इंडियन मेडिकल एसोसिएशन लोहरदगा के तत्वावधान में पीएम राजकीय कृत मध्य विद्यालय नवाडीपाड़ा के सभागार में विश्व स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन इंडियन रेड क्रॉस सोसाइटी के चेयरमैन सह इंडियन मेडिकल एसोसिएशन के अध्यक्ष डॉक्टर गणेश प्रसाद एवं उर्सुला हॉस्पिटल लोहरदगा की डॉक्टर आइलिन कुजूर ने किया। डॉ. गणेश प्रसाद ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि 7 अप्रैल 2025 को मनाया जाने वाला विश्व स्वास्थ्य दिवस वर्ष भर चलने वाले मातृ एवं नवजात शिशु के स्वास्थ्य एवं कल्याण के अभियान की शुरुआत है। इस वर्ष का थीम स्वस्थ शुरुआत, आशा पूर्ण भविष्य है। स्वास्थ्य की शुरुआत माता के गर्भधारण से ही प्रारंभ हो जाती है। बच्चे और माता के अच्छे स्वास्थ्य के लिए जागरूकता और डाक्टरों की सलाह का पूरी तरह पालन करना जरूरी है। स्वास्थ्य शारीरिक, मानसिक एवं सामाजिक तीनों तरह का स्वास्थ्य का समावेश है। हम सभी जन जागृति के माध्यम से इस अभियान को पूरा कर सकते हैं। डॉ. आइलिन ने बताया कि जिस तरह मकान का नींव महत्वपूर्ण है, बचपन के स्वास्थ्य पर ही भविष्य का स्वास्थ्य निर्भर करता है। अच्छे स्वास्थ्य के लिए स्वस्थ आदतों को अपनी दिनचर्या में शामिल करना चाहिए। सामाजिक कार्यकर्ता एवं इंडियन रेड क्रॉस सोसाइटी के वरीय सदस्य संजय बर्मन ने सादरी भाषा में छात्रों को चर्चा में शामिल करते हुए समझाया कि स्वच्छता कैसे स्वास्थ्य पर प्रभाव डालता है। मधुसूदन लाल अग्रवाल इंटर महिला कॉलेज के प्राचार्य प्रोफेसर स्नेह कुमार ने इस अवसर पर छात्रों को विश्व स्वास्थ्य संगठन के उद्देश्यों पर विस्तृत चर्चा की। समिति के कोषाध्यक्ष सह विज्ञान शिक्षक राहुल कुमार ने अतिथियों का स्वागत एवं विषय प्रवेश कर कार्यक्रम को प्रारंभ किया। वरीय शिक्षिका रत्ना मिंज ने धन्यवाद ज्ञापन किया। कार्यक्रम में डॉक्टर गणेश प्रसाद, डॉक्टर आइलिन कुजूर, संजय बर्मन, स्नेह कुमार, राहुल कुमार, रत्ना मिंज, नेमहंती मिंज, सुमित्रा टोप्पो, मनीष कुमार, नीलम कुमारी, बाल संसद सदस्य, प्रशिक्षु शिक्षक एवं माता समिति के सदस्य उपस्थित थे।

## चलते चलते एक नजर

### आतिशी ने उठाया निजी स्कूलों में फीस वृद्धि का मुद्दा

**नई दिल्ली :** आम आदमी पार्टी ने निजी स्कूलों में फीस वृद्धि का मुद्दा उठाया है। नेता प्रतिपक्ष आतिशी ने इस बाबत मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता को पत्र लिखा है। उन्होंने कहा कि 10 साल तक केजरीवाल सरकार में निजी स्कूलों की मनमानी पर रोक लगाने के लिए फीस बढ़ोतरी से पहले ऑडिट अनिवार्य था।आतिशी ने सोमवार को डिजिटल प्रेसवार्ता में कहा कि दिल्ली में निजी स्कूलों में फीस वृद्धि को लेकर हाहाकार मचा हुआ है। निजी स्कूलों में पढ़ने वाले बच्चों के माता-पिता दिल्ली के अलग-अलग हिस्सों में स्कूल के गेट के बाहर खड़े होकर विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं, फीस वृद्धि के खिलाफ नारे लगा रहे हैं। आतिशी ने आरोप लगाया कि दिल्ली में भाजपा की सरकार बनने के बाद प्राइवेट स्कूलों को पैरेंट्स को लूटने की खुली छूट मिल गई है। रोज दिल्ली के किसी न किसी निजी स्कूल में फीस वृद्धि और पैरेंट्स के धरने प्रदर्शन की खबर आती है। आतिशी ने मुख्यमंत्री गुप्ता के समक्ष कुछ मांगें रखी हैं। निजी स्कूलों में बढ़ी हुई फीस पर तुरंत प्रभाव से रोक लगाई जाए। फीस बढ़ाने वाले सभी निजी स्कूलों की तत्काल सीएजी इंपैनल्ड ऑडिटर्स से ऑडिट कराया जाए। इस ऑडिट के बाद ही किसी स्कूल को बड़ी हुई फीस लेने का अधिकार होना चाहिए। अगर ऑडिटर कहेगा कि स्कूल मुनाफाखोरी नहीं कर रहा है तभी स्कूलों को 1-2 फीसद फीस बढ़ाने का अधिकार दिया जाए।

### बिहारी : सभी भाषाओं में सबसे मीठी भाषा है मैथिली : डीआईजी

**सहरसा :** जिले.के नवहट्टा प्रखंड स्थित बाराही गांव में चैत्र नवरात्र महोत्सव का आयोजन धूमधाम से किया गया। चैत्र नवरात्र महोत्सव बाराही के उद्घाटन में पहुंचे डीआईजी मनोज कुमार ने आयोजन समिति द्वारा आयोजित मैथिली सांझ संगीत कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मैथिली भाषा को दुनिया की सबसे मधुर भाषा बताते हुए इसे संरक्षण व संवर्धन के सदप्रयास को लेकर आयोजन समिति को धन्यवाद दिया। मैथिली उद्घोषक किसलय कृष्ण के संचालन में प्रस्तुत कार्यक्रम को संस्कृति व संस्कार को संजोने के लिए प्रासंगिक बताते हुए बाराही ग्रामीणों की जमकर तारीफ किया। पूर्व एडीएम अजय कुमार उर्फ दिलीप झा की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम में मैथिली साहित्यकार केदार कानन,आशीषचमन,शिक्षाविद डा रजनीश रंजन, पंडित तरुण कुमार झा, संजय वशिष्ठ को शांति मिशन संस्थान के निदेशक विभुति भुषण झा सहित ग्रामीणों द्वारा सम्मानित किया गया। साहित्यकार केदार कानन ने इस तरह के आयोजन की आवश्यकता बताते हुए कहा कि नयी पीढ़ी तक भाषा को जीवित रखना जरुरी है । सुर संग्राम विजेता प्रिया राज व अमर आंनद की टीम द्वारा मिथिला वर्णन व भगवती वंदना की एक से बढ़कर एक प्रस्तुति पर रात भर ग्रामीणों ने भरपूर मनोरंजन किया। मां सीता की जन्मस्थली मिथिला में सांस्कृतिक कार्यक्रम के नाम की जा रही फुहरता को भगाने व अपनी पारंपरिक भाषा, पारंपरिक लोक गीत को नया आयाम देने के लिए लोगों से सहयोग करने का आह्वान चेयरमेन इस्ट एंड वेस्ट रजनीश रंजन द्वारा किया गया। अन्य कलाकारों में प्रियंका प्रिया, आयुष्मान , शाम्भवी आदि ने भी शानदार प्रस्तुति दी साथ ही समस्तीपुर से आए कलाकारों का आध्यात्मिक झाँकी सराहनीय रहा ।

# कराँजी जलाशयः प्राकृतिक सौंदर्य और पर्यटन का अद्भुत संगम

मो. खालिद@प्रभात मंत्र

**बेड़ो (रांची) :** बेड़ो प्रखंड स्थित कराँजी जलाशय इन दिनों प्राकृतिक सौंदर्य और पर्यटन के नए केंद्र के रूप में उभर रहा है। चारों ओर फैले घने जंगल, शांत वातावरण और निर्मल जलराशि इसे न केवल किसानों के लिए एक उपयोगी जलस्रोत बनाते हैं, बल्कि यह अब पर्यटकों के आकर्षण का केंद्र भी बन गया है।

बेड़ो मुख्यालय से महज़ तीन किलोमीटर की दूरी पर स्थित यह जलाशय मध्यम सिंचाई परियोजना के तहत निर्मित है। इसका डैम लगभग 180 मीटर लंबा और 14.5 मीटर ऊँचा है, जबकि जल अधिग्रहण क्षेत्र 2.75 वर्ग किलोमीटर तक फैला हुआ है। इसके दोनों किनारों पर फैली हरियाली और वन संपदा यहां आने वाले पर्यटकों को एक सुखद अनुभव प्रदान करती है।स्थानीय लोग यहाँ पिकनिक, छुट्टियाँ मनाने और त्योहारों के अवसर पर सपरिवार समय बिताने के लिए आते हैं। पक्षियों की चहचहाहट, जल में तैरती मछलियाँ और ठंडी हवाओं से उठती लहरें यहां के वातावरण को और भी मनोहारी बना देती हैं। खासतौर पर मानसून के समय, जब जलाशय से पानी का प्रवाह होता है, तब का दृश्य बेहद आकर्षक होता है।इस जलाशय से निकलने वाला



पानी क्षेत्र के अनेक गांवों तक फैले खेतों की सिंचाई करता है। इससे गर्मी के मौसम में भी खेतों में हरियाली बनी रहती है। स्थानीय किसान इसे अपनी फसलों के लिए जीवनदायिनी मानते हैं।प्राकृतिक सुंदरता के चलते यह जलाशय अब नगपुरी फिल्म निर्माताओं का भी पसंदीदा शूटिंग स्थल बन चुका है। यहाँ कई फिल्मों की शूटिंग हो चुकी है। इसके अलावा, पर्यटक यहाँ की खूबसूरत वादियों में फोटो और सेल्फी लेने का आनंद भी खूब उठाते हैं।

### सैलानियों से गुलजार रहता है कराँजी जलाशय

हर वर्ष नववर्ष और छुट्टियों के मौसम में यह जलाशय सैलानियों से गुलजार हो जाता है। लोग सखुआ के पेड़ों की छांव में बैठकर भोजन करते हैं, गीत-संगीत का आनंद लेते हैं और प्रकृति के बीच सुकून के पल बिताते हैं।कराँजी जलाशय अब केवल एक जलस्रोत नहीं, बल्कि यह प्राकृतिक सौंदर्य, पर्यटन और ग्रामीण जीवन की ऊर्जा का अद्भुत संगम बन गया है। यहाँ की शांति, सुंदरता और हरियाली प्रकृति प्रेमियों के मन में लंबे समय तक बसी रहती है।

### कुपोषण का प्रबंधन और बच्चों में मोटापे पर केंद्रित रहेगा 7वां पोषण पखवाड़ा

**नई दिल्ली :** महिला एवं बाल विकास मंत्रालय 08 से 22 अप्रैल तक 7वें पोषण पखवाड़े का आयोजन करेगा। इस वर्ष के पोषण पखवाड़े में चार प्रमुख थीमों- जीवन के पहले 1000 दिनों पर ध्यान केंद्रित करना, पोषण ट्रैकर के लाभार्थी/नागरिक मॉड्यूल को लोकप्रिय बनाना, सीएमएएम के माध्यम से कुपोषण का प्रबंधन और बच्चों में मोटापे को दूर करने के लिए स्वस्थ जीवनशैली पर जोर दिया जाएगा। यह जानकारी केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्रालय ने सोमवार को एक बयान में दी। बयान में कहा गया है कि इस वर्ष का पोषण पखवाड़ा सामग्री, वितरण, आउटरीच और परिणामों को मजबूत करने में सहायक होगा।

## महिलाओं के यौन उत्पीड़न मामले पर कर्नाटक के मंत्री के बिगड़े बोल, भाजपा हुई हमलावर

एजेंसी

**नई दिल्ली :** कर्नाटक के गृहमंत्री जी परमेश्वर महिल यौन उत्पीड़न को लेकर दिए बयान पर विवादों में घिर गए हैं। बेंगलुरु में दो युवतियों से बीच सड़क पर हुई छेड़छाड़ की घटना पर उन्होंने कहा कि इस तरह की घटनाएं बड़े शहरों में अक्सर होती रहती हैं। जो भी कानूनी कार्रवाई की जानी है, वह कानून के अनुसार की जाएगी।

मंत्री के इस बयान को लेकर भाजपा हमलावर हो गयी है। भाजपा प्रवक्ता शहजाद पूनावाला ने पार्टी मुख्यालय में प्रेस कॉन्फ्रेंस में सोमवार को कहा कि कर्नाटक के गृहमंत्री ने एक ऐसी घटना को महत्वहीन बताया है जिसने देश की अंतरात्मा को झकझोर दिया है, खासकर कर्नाटक के लोगों और खास तौर पर



महिलाओं को। कर्नाटक में एक व्यक्ति ने एक महिला का यौन उत्पीड़न किया। सीसीटीवी फुटेज में घटना कैद हो गई। तीन से चार दिन हो गए हैं, फिर भी कर्नाटक पुलिस अपराधी को पकड़ने में असमर्थ है। उन्होंने कहा कि इस प्रकरण को लेकर राज्य के गृहमंत्री ने जो बयान दिया है, वह बेतुका है। यह उनकी मानसिकता को दर्शाता है। पूनावाला ने कहा कि लड़की हूं लड़ सकती हूं, ये कांग्रेस और प्रियंका गांधी वाड्रा का खोखला नारा है। इसको बदलकर कर देना चाहिए- लड़की हूं तो कांग्रेस शासित प्रदेशों में बच सकती हूं क्या?

कर्नाटक में कांग्रेस के सत्ता में आने के बाद से महिलाओं के साथ दुष्कर्म और यौन उत्पीड़न के मामलों में 50 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। उन्होंने कहा कि क्या ये छोटी घटनाएं हैं? गृहमंत्री के खिलाफ ऐसे बयानों के लिए क्या कार्रवाई की जाएगी, खासकर तब जब उनके शासन में कानून-व्यवस्था बनाए रखने में उनकी विफलता के कारण महिलाएं असुरक्षित महसूस कर रही हैं?

## दुबई के क्राउन प्रिंस आएंगे भारत वाणिज्यिक सहयोग पर होगी बातचीत

एजेंसी

**नई दिल्ली :** दुबई के क्राउन प्रिंस यूएई के उप प्रधानमंत्री और रक्षा मंत्री शेख हमदान बिन मोहम्मद अल मकतूम 8-9 अप्रैल को भारत की यात्रा पर आएंगे। दुबई के क्राउन प्रिंस के रूप में यह उनकी भारत की पहली आधिकारिक यात्रा होगी। उनके साथ कई मंत्री, वरिष्ठ सरकारी अधिकारी और एक उच्चस्तरीय व्यापार प्रतिनिधिमंडल भी होगा। विदेश मंत्रालय के अनुसार 8 अप्रैल को प्रधानमंत्री क्राउन प्रिंस के लिए एक दोपहर के भोजन की मेजबानी करेंगे। क्राउन प्रिंस, विदेश मंत्री डॉ. एस जयशंकर और रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के साथ भी बैठक करेंगे। क्राउन प्रिंस मुंबई का भी दौरा करेंगे। यात्रा के दौरान दोनों पक्षों के



प्रमुख व्यापारिक नेताओं के साथ एक व्यापार गोलमेज सम्मेलन में भाग लेंगे। यह बातचीत पारंपरिक और भविष्य के क्षेत्रों में भारत-यूएई आर्थिक और वाणिज्यिक सहयोग को मजबूत करेगी।परंपरागत रूप से दुबई ने भारत के यूएई के साथ वाणिज्यिक, सांस्कृतिक और लोगों के बीच आदान-प्रदान में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। भारत के लगभग 4.3 मिलियन प्रवासी दुबई में रहते हैं और काम करते हैं। क्राउन प्रिंस की यात्रा भारत-यूएई व्यापक रणनीतिक साझेदारी और दुबई के साथ हमारे बहुआयामी संबंधों को मजबूत करेगी।

## ग्रामीण क्षेत्रों में मनोरंजन का मुख्य साधन है सांस्कृतिक आयोजन : डॉ कौशल-अमित

प्रभात मंत्र संवाददाता

**मेदिनीनगर :** जिले के छतरपुर चराई पंचायत स्थित कुटिया पर इस वर्ष भी गायन मुकाबला का शुभारंभ विश्व व्यापी पर्यावरण संरक्षण अभियान के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह पर्यावरण धर्म गुरु व वन राखी मूवमेंट के प्रणेता पर्यावरणविद ट्री मैन डॉ कौशल किशोर जायसवाल और छतरपुर पूर्वी के जिला पार्षद अमित कुमार जायसवाल ने कार्यकर्ताओं के साथ केरकी कुटिया परिसर में हिमाचल का कपूर का पौधा लगाकर किया।इससे पहले पर्यावरण धर्म के तहत कन्या पूजन के पश्चात पर्यावरण धर्म के प्रार्थना के साथ पर्यावरणविद ने उपस्थित लोगों को पर्यावरण धर्म के आठ मूल ज्ञान मंत्रों की शपथ भी दिलाई।श्रीरामनवमी पूजा पर लोगों को शुभकामना देते हुए डॉ कौशल ने कहा कि वर्ष 1990 में कुटिया प्रांगण में मेला और दुगोला का शुभारंभ किया



गया था।आज उसी परंपरा के अनुरूप आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम में क्षेत्र से काफी संख्या में हर उम्र के लोग शामिल होकर मेला व दुगोला दोनों का भरपूर लुफ्त उठाते हैं। जिला परिषद अमित कुमार जायसवाल ने अपने संबोधन में पहले श्रीरामनवमी पूजा की शुभकामना देते हुए कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में मेला व दुगोला का बहुत बड़ा महत्व होता है।उन्होंने कमेटी के लोगों की सराहना करते हुए कहा कि उनके अथक प्रयास के कारण ही मेला व दुगोला का सफल आयोजन होते आ रहा है। आज ऐसे आयोजन की प्रासंगिकता और बढ़ गयी है। ऐसे आयोजन से पुरानी सभ्यता व संस्कृति की रक्षा करने में मदद मिलती है।

दुगोला गायन मुकाबला में लोक गायक मुन्ना सिंह और व्यास राहुल कुमार सिंह के जोड़ी ने रात भर एक से बढ़कर एक गीत संगीत प्रस्तुत कर क्षेत्र के लोगों को भरपूर मनोरंजन किया। आयोजन कमेटी में शिवनाथ सुरीला, कपिल सिंह, पूर्व प्रमुख जगनारायण सिंह, बिरजू सिंह,मनोज गुप्ता, सुभाष गुप्ता, पंकज विश्वकर्मा, कृष्ण यादव, संजय यादव, मोती साव, दीपक गुप्ता, कमलेश यादव, उमेश राम, कप्पू सिंह, अक्षय ठाकुर, कुलदीप सिंह, सोहराई सिंह, नागेश्वर सिंह, लाल बिहारी यादव, उपेंद्र सिंह आदि शामिल थे।


### सिरसाः नए कानून से किसानों व दुकानदारों को भी फायदा : सिंह

**सिरसा :** भारतीय किसान एकता के प्रधान लखविंद्र सिंह ने कहा कि दुकानदार बीज विक्रेताओं के बहकावे में न आएं। नए कानून से किसानों के साथ-साथ सही काम करने वाले दुकानदारों को भी फायदा होगा। लखविंद्र सिंह ने सोमवार को मीडिया से बातचीत करते हुए कहा कि हरियाणा में चुनाव से पहले बीजेपी ने किसानों से वायदा किया था की सीड, पेस्टीसाइड व फर्टिलाइजर का गलत काम करने वाले लोगों के खिलाफ सख्त कानून लेकर आएंगे। हमारी इस विषय में सरकार व उच्चाधिकारियों के साथ कई दौर की बैठकें हुई। पिछले 11 सालों से हरियाणा की सत्ता में स्थापित बीजेपी ने किसानों के हक में पहली बार अच्छा काम किया है। हालांकि हम इस कानून को और सख्त बनाने के हक में हैं, जिससे किसान व किसानी की हो रही बर्बादी को रोका जा सके। इस संशोधन से किसानों को राहत मिलेगी।

## नागरिक अस्पताल में विश्व स्वास्थ्य दिवस पर हुआ कार्यक्रम

एजेंसी

**जींद :** नागरिक अस्पताल में सोमवार को सीएमओ के दिशा-निर्देशन में विश्व स्वास्थ्य दिवस के उपलक्ष में स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में कार्यवाहक सीएमओ डा. पालेराम कटारिया, डिप्टी एमएस डा. राजेश भोला, एमएस डा. अरविंद, फिजिशियन डा. विनिता, डिप्टी सीएमओ डा. रमेश पांचाल मौजूद रहे। कार्यक्रम में खुशी नर्सिंग कालेज की छात्राओं ने नाटक के माध्यम से स्वास्थ्य रहने की प्रेरणा दी। डिप्टी एमएस डा. राजेश भोला ने कहा कि जीवन अनमोल है, हमें अपने स्वास्थ्य का निरंतर ध्यान रखते हुए आगे बढना है। स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ मस्तिष्क का निवास होता है।शारीरिक और मानसिक रूप से स्वस्थ रहते हुए ही हम एक स्वस्थ समाज का निर्माण



कर सकते हैं। विश्व स्वास्थ्य दिवस हर साल सात अप्रैल को मनाया जाता है। यह एक वैश्विक स्वास्थ्य जागरूकता दिवस है जिसे विश्व स्वास्थ्य संगठन द्वारा मनाया जाता है। इस दिन का उपयोग एक विशिष्ट स्वास्थ्य विषय के बारे में जागरूकता बढ़ाने और स्वस्थ जीवन शैली को बढ़ावा देने के लिए किया जाता है।एमएस डा.अरविंद व फिजिशियन डा. विनिता ने कहा कि स्वस्थ नागरिक ही किसी राष्ट्र की अमूल्य धरोहर होती है। स्वस्थ समाज की कल्पना तभी की जा सकती है, जब हर नागरिक शारीरिक, मानसिक, सामाजिक व वित्तीय तौर पर स्वस्थ हो। डिप्टी सीएमओ डा. रमेश पांचाल ने कहा कि स्वस्थ जीवन शैली जीने के लिए आमजन हेल्थी डाइट ले, नियमित योगा एवं व्यायाम करें, नियमित तौर पर अपना चैकअप कराए, जरूरत होने पर स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ ले, अच्छी निंद्रा ले एवं अपने आपको मानसिक रूप से स्वस्थ रखें। इसलिए इस दिवस को मनाने का उद्देश्य ही अपने स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहना है।

## सऊदी अरब ने14 देशों के वीजा पर अस्थाई प्रतिबंध लगाया



एजेंसी

**रियाद :** सऊदी अरब के अधिकारियों ने हज शुरू होने से पहले 14 देशों के नागरिकों को वीजा जारी करने पर अस्थायी प्रतिबंध लगा दिया। उमराह, व्यापार और पारिवारिक यात्रा वीजा पर यह प्रतिबंध जून के मध्य तक प्रभावी रहेगा। यह समयावधि मक्का की तीर्थयात्रा के समापन के साथ मेल खाती है। यह प्रतिबंध पाकिस्तान, भारत, बांग्लादेश, मिस्र, इंडोनेशिया, इराक, नाइजीरिया, जॉर्डन, अल्जीरिया, सूडान, इथियोपिया, ट्यूनीशिया, यमन और मोरक्को सहित 14 देशों पर लागू किया गया है। पाकिस्तान के एआरवाई न्यूज टीवी ने सऊदी अरब के राजनयिक सूत्रों के हवाले से यह खबर दी है। सऊदी अधिकारियों ने कहा कि यह प्रतिबंध उमराह, व्यवसाय और पारिवारिक वीजा पर लागू किया है। सिर्फ उमराह वीजा रखने वाले व्यक्ति 13 अप्रैल तक सऊदी अरब में प्रवेश कर सकते हैं। सऊदी अधिकारियों ने इसका कारण अनधिकृत हज भागीदारी को रोकना कहा है। अधिकारियों ने कहा कि अतीत में कई आगंतुक बहु-प्रवेश वीजा पर देश में प्रवेश करते थे और हज करने के लिए अवैध रूप से रहते थे। इससे भीड़भाड़ और सुरक्षा का जोखिम पैदा होता था। दूसरा प्रमुख कारण अवैध रोजगार करना बताया गया है। कहा गया है कि व्यवसाय और पारिवारिक वीजा का उपयोग करने वाले यात्री कथित तौर पर अनधिकृत कार्य में लगे हुए हैं। वह वीजा नियमों का उल्लंघन करते हुए श्रम बाजार में व्यवधान पैदा करते हैं।सऊदी विदेश मंत्रालय ने कहा कि अस्थायी वीजा प्रतिबंध से यात्रा नियमों को सुव्यवस्थित करने और हज के दौरान सुरक्षा उपायों को बेहतर बनाने में मदद मिलेगी।

### पानीपत पुलिस ने यूपी में दबोचा मोबाइल स्नैचर को

**पानीपत :** पानीपत में पुलिस ने मोबाइल स्नेचिंग के आरोपी को यूपी के बागपत से गिरफ्तार किया है। सीआईए वन पुलिस की टीम ने मोबाइल स्नेचिंग की वारदात को अंजाम देने वाले गिरोह के एक आरोपी को रविवार को उत्तर प्रदेश के बागपत से गिरफ्तार कर लाई है। आरोपियों ने बीती 13 जनवरी को जीटी रोड पर करंहस गांव के नजदीक बाइक सवार युवक से मोबाइल स्नेचिंग की वारदात को अंजाम दिया था। आरोपी की पहचान अमन उर्फ भूरा निवासी अशोक विहार कॉलोनी लोनी गाजियाबाद उत्तर प्रदेश के रूप में हुई। सीआईए वन प्रभारी सब इंस्पेक्टर संदीप ने बताया कि पूछताछ में आरोपी ने अपने साथी सानू के साथ मिलकर मोबाइल स्नेचिंग की वारदात करने के बारे स्वीकारा है। पूछताछ में आरोपी ने बताया वह और फरार उसका साथी सानू व साजिद दोस्त है। वे तीनो नशा करने के आदी है।

## अनाथ बालक अतिराज का भविष्य अब नहीं होगा अंधकारमय

### पूर्व मंत्री मिथिलेश ठाकुर ने ली पढ़ाई की जिम्मेवारी, किया आर्थिक सहयोग

प्रभात मंत्र संवाददाता

**गढ़वा।** शहर के इंदिरा गांधी रोड निवासी 12 वर्षीय अनाथ बालक अतिराज केशरी का भविष्य अब अंधकारमय नहीं होगा। उसके अंधकारमय प्रतीत हो रहे भविष्य में झारखंड सरकार पूर्व मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर ने नई रौशनी भर दी है। रामनवमी के मौके परश्री ठाकुर ने अतिराज को आर्थिक सहयोग प्रदान करते हुए उसकी पढ़ाई की जिम्मेवारी ले ली है। स्व. राजेश प्रसाद केशरी व स्व. जूली केशरी के पुत्र अतिराज के पूरी पढ़ाई का सारा खर्च पूर्व मंत्री श्री ठाकुर वहन करेंगे। रामनवमी के मौके पर मझिआंव मोड़ झंडा चौक पर महावीर मंडल के मंच पर श्री ठाकुर ने यह घोषणा की। महावीर मंडल के संरक्षक रहे राजेश प्रसाद केशरी के



पुत्र अतिराज को रामनवमी के मौके पर मंच से सम्मानित करने के लिए बुलाया गया था। मुख्य अतिथि पूर्व मंत्री श्री ठाकुर को उसे सम्मानित करने के दौरान अतिराज के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। उसके माता पिता के नहीं होने की जानकारी मिलते ही श्री ठाकुर काफी व्यथित हो गए। उनकी आंखें नम हो गई। उन्होंने बालक को गले से लगा लिया। तत्काल श्री ठाकुर ने अतिराज को आर्थिक सहयोग प्रदान करते हुए उसके पूरी पढ़ाई-लिखाई का खर्च स्वयं वहन करने की मंच से घोषणा की। उन्होंने कहा कि वे अतिराज के पढ़ाई आदि का खर्च स्वयं पूरा करेंगे। अतिराज ने नम आंखों से कहा कि कौन कहता है कि भगवान नहीं होते। आज रामनवमी पर मुझे साक्षात भगवान से मुलाकात हुई है। मौके पर मौजूद सभी लोगों ने पूर्व मंत्री श्री ठाकुर को दिल से धन्यवाद देते हुए उनके इस कार्य की सराहना की।